# देशबन्धु

जबलपुर, सोमवार 28 जुलाई 2025 । वर्ष – 69 । अंक – 253 पृष्ठ – 12 । मूल्य – 3.00 रु.

■ सोने से सजे मंदिर और..
■ चुनाव आयोग पर... 04
■ चीन: बाढ़ से बेहाल हुआ बीजिंग, मियुन में ..
■ पाकिस्तान में पोलियो के तीन नए मामलों की... 09
■ सतावर औषधीय फसल की खेती आपको ...
■ पेठा कद्दू की खेती करके किसान बढ़िया कर.. 11
■ प्रिया मलिक ने ..
■ चोटिल आकाश और.. 10

## मनसा देवी मंदिर में बड़ा हादसा

# अफवाह से भगदड़ में 8 की जान गई



**हरिद्वार।** हरिद्वार में मनसा देवी मंदिर मार्ग पर रविवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई जब अचानक किसी ने करंट फैलने की अफवाह फैला दी। इस घटना के बाद वहां मौजूद श्रद्धालुओं में भगदड़ मच गई। हादसे में 8 श्रद्धालुओं की मौत हो गई है। कई लोगों के बुरी तरह से घायल होने की खबर भी है। हादसे के बाद पुलिस और प्रशासन की टीमें घायलों को तुरंत अस्पतालों में पहुंचाने में लग गई। वहीं, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मृतकों के परिजनों और घायलों के लिए मुआवजे का एलान किया। साथ ही हेल्पलाइन नंबर भी जारी कर दिया है। जानकारी के अनुसार, रविवार सुबह करीब नौ बजे के आसपास मंदिर की चढ़ाई कर रहे श्रद्धालुओं के बीच किसी ने करंट फैलने की अफवाह फैला दी, जिससे श्रद्धालुओं में भगदड़ मच गई। अफरा-तफरी में लोग एक-दूसरे पर गिर गए। चीख-पुकार के बीच कई श्रद्धालु दब गए।

### 35 घायल हुए, 10 की हालत नाजुक

एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने मीडिया को बताया कि हादसे में घायल हुए कुल 35 श्रद्धालुओं को जिला अस्पताल में लाया गया है, जिसमें भगदड़ में आठ श्रद्धालुओं की मौत हो गई है जबकि अन्य लोग घायल हैं। जिनमें से गंभीर अवस्था वाले मरीजों को हायर सेंटर रेफर किया जा रहा है। जिला अस्पताल सूत्रों के मुताबिक 8 से 10 मरीजों का हालत नाजुक है।

### इनकी हुई मौत

एसएसपी प्रमेन्द्र सिंह डोबाल के मुताबिक वकील 45 वर्ष, आरुष 6 वर्ष रामपुर मुरादाबाद, विशाल 19 वर्ष, विपिन 18 वर्ष, शांति 60 वर्ष, रामभरोसे 65 वर्ष, विक्की 25 वर्ष एवं एक 19 वर्षीय अज्ञात की इस हादसे में मौत हुई है।

### प्रधानमंत्री ने जताया दुख

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर लिखा कि हरिद्वार में मनसा देवी मंदिर मार्ग पर हुई भगदड़ में हुई जान-माल की हानि से अत्यंत दुखी हूं। अपनों को खोने वालों के प्रति संवेदना। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। स्थानीय प्रशासन प्रभावित लोगों की सहायता कर रहा है।

### पिछले कुछ सालों में धार्मिक आयोजनों में हुए हादसे

**1 जनवरी 2022:** नव वर्ष के अवसर पर माता वैष्णो देवी मंदिर में भारी भीड़ के कारण भगदड़ मच गई। संकीर्ण प्रवेश द्वार पर श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ने से यह हादसा हुआ। 12 लोगों की मौत हो गई। **20 अगस्त 2022:** उत्तर प्रदेश के वृंदावन में बांके बिहारी मंदिर में जन्माष्टमी उत्सव के दौरान मंदिर में भारी भीड़ के कारण भगदड़ जैसी स्थिति उत्पन्न हुई। इस घटना में दो लोगों की मौत हो गई। **31 मार्च 2023:** मध्य प्रदेश के इंदौर में राम नवमी के अवसर पर एक मंदिर में हवन के दौरान प्राचीन बावड़ी (कुएं) के ऊपर बनी स्लैब ढह गई, जिसके कारण भगदड़ मच गई। 36 लोगों की मौत हो गई। **24 दिसंबर 2023:** उत्तर प्रदेश के मथुरा में बांके बिहारी मंदिर में अत्यधिक भीड़ के कारण दम घुटने से भगदड़ की स्थिति उत्पन्न हुई। इस घटना

>>शेष पृष्ठ 2 पर

## चुनाव आयोग के दावे पर एडीआर ने उठाए सवाल

# मरे हुए लोग भी बिहार में भर रहे एसआईआर फॉर्म

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** बिहार में जारी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर याचिकाकर्ताओं ने सुप्रीम कोर्ट में चुनाव आयोग पर कई आरोप लगाए हैं। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) और आरजेडी ने आरोप लगाया है कि एसआईआर में अनियमितताएं पाई गई है। याचिकाकर्ता ने कहा, बीएलओ खुद गणना फॉर्म पर हस्ताक्षर करते पाए गए. मृत लोगों को फार्म भरते हुए दिखाया गया और जिन लोगों ने फार्म नहीं भरे थे, उन्हें यह संदेश दिया गया कि उनके फार्म पूरे हो गए हैं।' आरजेडी ने आरोप लगाया, चुनाव आयोग की ओर समय पर लक्ष्य को पूरा करने के लिए मतदाताओं की जानकारी या सहमति के बिना बीएलओ की ओर से बड़े पैमाने पर गणना फॉर्म अपलोड किए जा रहे हैं।

कई मतदाताओं ने बताया है कि उनके फॉर्म ऑनलाइन जमा कर दिए गए हैं, जबकि उन्होंने कभी किसी बीएलओ से मुलाकात नहीं की और न ही किसी दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए। सुप्रीम को दिए जवाब में आरजेडी ने कहा, मीडिया रिपोर्टों में ऐसे अनगिनत उदाहरण दिए गए हैं जहां मतदाताओं ने शिकायत की है कि बीएलओ उनके घर या मोहल्ले में नहीं आए. बीएलओ फॉर्म पर मतदाताओं के जाली हस्ताक्षर करके उन्हें अपलोड करते भी पाए गए। चुनाव आयोग के इस दावे का विरोध करते हुए कि इस प्रक्रिया में कोई अनियमितता नहीं हुई है। याचिकाकर्ताओं ने सुप्रीम कोर्ट को कहा कि चुनाव आयोग के आंकड़े कोई मायने नहीं रखते, क्योंकि अधिकांश फॉर्म बिना दस्तावेजों के जमा किए गए थे।



### सुप्रीम कोर्ट में आज होगी सुनवाई

सुप्रीम कोर्ट इस मामले पर आज सुनवाई करेगा। चुनाव आयोग ने बिहार में मतदाता सूची के जारी एसआईआर को यह कहते हुए सही ठहराया है कि इससे मतदाता सूची से अयोग्य व्यक्तियों का नाम हटाने से चुनाव की शुचिता बढ़ेगी। जस्टिस सुधांशु धूलिया और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने बीते 10 जुलाई को कहा था कि बिहार में एसआईआर के दौरान आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र और राशन कार्ड पर दस्तावेज के तौर पर विचार किया जा सकता है।

### 91.69 फीसदी मतदाताओं ने जमा किए फॉर्मः आयोग

नई दिल्ली। बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले हुए विशेष मतदाता पुनरीक्षण (एसआईआर) के पहले चरण में चुनाव आयोग को बड़ी सफलता मिली है। 7.89 करोड़ मतदाताओं में से 7.24 करोड़ (91.69 प्रतिशत) ने अपने गणना फॉर्म जमा कर दिए हैं। इस उपलब्धि के बारे में चुनाव आयोग ने जानकारी दी है।

## सार संक्षेप

### म.प्र. विधानसभा का मानसून सत्र आज से

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश विधानसभा का मानसून सत्र 28 जुलाई से शुरू होकर 8 अगस्त 2025 तक चलेगा। इस दौरान सदन में कई अहम मुद्दों पर चर्चा होगी। विपक्ष सरकार को बिजली संकट, महंगाई और तबादला नीति जैसे मामलों पर घेरने की तैयारी में है। वहीं, सरकार ने भी विपक्ष के मुद्दों और अपनी उपलब्धियों के जरिए जवाब देने की रणनीति बनाई है। मध्यप्रदेश विधानसभा का मानसून सत्र सोमवार से शुरू होकर 8 अगस्त 2025 तक चलेगा। विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने रविवार को विधानसभा परिसर का निरीक्षण करते हुए सत्र की व्यवस्थाओं और तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सत्र का संचालन सुचारू और व्यवस्थित रूप से किया जाए। मीडिया से बातचीत में अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि विधानसभा परिसर मे कोई नया प्रतिबन्ध नहीं लगाया गया जो विरोध प्रदर्शन पर रोक लगाईं है वो भी कोई नया नहीं है।

### मेन स्ट्रीम पत्रिका के संपादक सुमित चक्रवर्ती का निधन



**कोलकाता।** मेन स्ट्रीम पत्रिका के संपादक सुमित चक्रवर्ती का शनिवार की रात कोलकाता में निधन हो गया। वह कई स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे थे और अपने परिवार के साथ रहने दिल्ली से कोलकाता चले गये थे। जहां उपचार के दौरान उनक निधन हो गया। श्री चक्रवर्ती के निधन से पत्रकार जगत में शोक की लहर दौड़ गई। अनेक वरिष्ठ पत्रकारों, जनप्रतिनिधियों, संस्थाओं ने गहरा दुख जताया है।

### पंजाब में अत्याधुनिक हथियार जब्त, 5 गिरफ्तार

**अमृतसर।** पंजाब में एक बड़ी आतंकी साज़िश को नाकाम करते हुए अमृतसर ग्रामीण पुलिस ने केंद्रीय एजेंसियों के साथ मिलकर पाकिस्तान के आईएसआई समर्थित संचालकों द्वारा संचालित एक बड़े सीमा पार तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। पुलिस महानिदेशक ने बताया कि पांच प्रमुख आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है और उनके पास से एक एके सैगा 308 असॉल्ट राइफल और दो मैगज़ीन आदि जब्त किये हैं।

## ऑपरेशन सिंदूर पर बोले मोदी

# भारत के दुश्मनों के लिए दुनिया में कोई जगह सुरक्षित नहीं



**चेन्नई, (एजेंसियां)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तमिलनाडु दौरे पर कहा कि आज का भारत अपनी सुरक्षा को सबसे ऊपर मानता है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दुनिया ने देखा कि अगर कोई भारत की सुरक्षा और संप्रभुता पर हमला करता है, तो भारत उसे उसी की भाषा में जवाब देना जानता है। इस ऑपरेशन ने साफ कर दिया है कि अब भारत के दुश्मनों और आतंकवादियों के लिए दुनिया में कोई जगह सुरक्षित नहीं है।

उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने साबित कर दिया कि भारत के दुश्मनों के लिए, आतंकवादियों के लिए कोई पनाहगाह नहीं है। ऑपरेशन सिंदूर ने पूरे देश में एक नई जागृति और एक नया आत्मविश्वास पैदा किया है। दुनिया को भारत की ताकत का अहसास होना चाहिए।

पीएम मोदी ने कहा कि चोल काल में भारत ने जो आर्थिक और सैन्य ऊंचाइयां हासिल कीं, वे आज भी हमें प्रेरित करती हैं। उन्होंने प्राचीन भारत के राजाओं की दूरदर्शिता को रेखांकित करते हुए कहा कि राजराजा चोल ने एक शक्तिशाली नौसेना का निर्माण किया, जिसे राजेंद्र चोल ने और मजबूत किया। पीएम मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर भी बात की। पीएम मोदी ने कहा, चोल साम्राज्य विकसित भारत के लिए एक प्राचीन रोडमैप की तरह है। यह हमें बताता है कि अगर हमें 'विकसित भारत' बनाना है, तो हमें अपनी नौसेना, रक्षा बलों को मजबूत करना होगा और नए अवसरों की तलाश करनी होगी।

# बीजापुर में 17 लाख के इनामी चार नक्सली ढेर

**बीजापुर, (देशबन्धु)।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर में विशेष पुलिस बल (डीआरजी) को बड़ी कामयाबी मिली है। डीआरजी ने मुठभेड़ के दौरान चार नक्सलियों को मार गिराया। इन नक्सलियों में दक्षिण सब जोनल ब्यूरो के एसीएम स्तर के तीन शीर्ष नक्सली और एक पार्टी सदस्य शामिल है। बीजापुर की डीआरजी टीम द्वारा चलाए गए सर्च ऑपरेशन के दौरान यह मुठभेड़ हुई।

### सुरक्षा बलों ने हथियारों का जखीरा बरामद किया

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, मारे गए नक्सलियों की पहचान हुंगा, लक्खे, भीमे और निहाल उर्फ राहुल के रूप में हुई है। नक्सली भीमे, हुंगा और लक्खे पर 5-5 लाख रुपए का इनाम घोषित था। निहाल ऊर्फ राहुल पर 2 लाख रुपए का इनाम रखा गया था। यह मुठभेड़ 26 जुलाई की शाम को हुई, जब पुलिस को इलाके में नक्सलियों की गतिविधियों की विश्वसनीय सूचना मिली थी। बीजापुर के पुलिस अधीक्षक जितेंद्र यादव के मुताबिक, जिले के दक्षिण-पश्चिम क्षेत्र में माओवादी कैडर की गतिविधियों की विश्वसनीय सूचना के आधार पर डीआरजी बीजापुर की टीम ने तलाशी अभियान चलाया था। इसी दौरान नक्सलियों की तरफ से डीआरजी टीम पर गोलीबारी की गई। इसके बाद काफी समय तक पुलिस बल और नक्सलियों के बीच रुक-रुक कर मुठभेड़ होती रही। इस मुठभेड़ में दक्षिण सब जोनल ब्यूरो के चार नक्सली मारे गए। घटनास्थल से एसएलआर, इंसास, .303 राइफल, बीजीएल लॉन्चर, सिंगल शॉट राइफल, भारी मात्रा में गोला-बारूद, ग्रेनेड और अन्य नक्सल सामग्री बरामद की गई है।

## रेव पार्टी में एकनाथ खडसे के दामाद गिरफ्तार

**पुणे, (एजेंसियां)।** पुणे पुलिस ने शनिवार देर रात एक रेव पार्टी पर छापेमारी में एनसीपी(एसपी)नेता एकनाथ खडसे के दामाद प्रांजल खेवलकर को गिरफ्तार किया है। अपार्टमेंट से गांजा, शराब और हुक्का जब्त किया गया है। कुल 7 लोगों की गिरफ्तार हुई है, जिसमें 2 महिलाएं शामिल हैं। सभी आरोपियों को क्राइम ब्रांच ऑफिस से कोर्ट ले जाया गया, जहां से उन्हें 29 जुलाई तक की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। दामाद की गिरफ्तारी पर खडसे ने कहा- पुलिस की कार्रवाई के पीछे कोई राजनीतिक मकसद तो नहीं, इसकी जांच होनी चाहिए। वहीं शिवसेना (यूबीटी) नेता सुषमा अंधारे ने कहा कि यह छापा उन लोगों के लिए संदेश है, जो सरकार के खिलाफ बोलते हैं।

# भोपालवासियों को मेट्रो ट्रेन की सौगात बहुत जल्द : मुख्यमंत्री



डॉ. यादव ने मेट्रो ट्रेन कार्य का किया निरीक्षण

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हमारी सरकार भोपालवासियों को बहुत जल्द (अक्टूबर 2025 तक) मेट्रो ट्रेन की अनुपम सौगात दे देने के लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि इंदौर में यात्री मेट्रो सेवा शुरू हो चुकी है। जनता से इसे बहुत अच्छा रिस्पांस मिला है। भोपाल मेट्रो ट्रेन का काम भी तेजी से जारी है। कुछ काम शेष रह गया है, जो डेढ़ से दो महीने में पूरे कर लिए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि भोपाल मेट्रो का टेस्ट रन चल रहा है। रिसर्च डिजाइन स्टैंडर्ड ऑर्गेनाइजेशन (आरडीएसओ) द्वारा भोपाल मेट्रो निरीक्षण पूरा कर लिया गया है। शीघ्र ही कमिश्नर, मेट्रो रेल सेफ्टी (सीएमआरएस) निरीक्षण के लिए आएंगे। कमिश्नर रेल सेफ्टी से अनुमति मिलते ही भोपाल मेट्रो ट्रेन का प्रायोरिटी कॉरीडोर आमजन के लिए खोल दिया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को भोपाल मेट्रो ट्रेन के कार्यों का बारीकी से मुआयना करने के बाद मीडिया को संबोधित कर रहे थे।

## सबक — पहले जान, फिर ज्ञान

# कहां पढ़ेंगे 2256 जर्जर स्कूलों के बच्चे ?

**जयपुर।** पहले जान, फिर ज्ञान ये उस बयान के मायने हैं जो राजस्थान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने झालावाड़ स्कूल हादसे पर दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि- फिलहाल जर्जर स्कूलों की रिपोर्ट मांगी गई है और ऐसे खतरनाक भवनों में कक्षाएं लगने पर रोक लगा दी गई। एक समाचार पत्र से बातचीत में राठौड़ ने कहा कि हमारी पहली प्राथमिकता बच्चों की जान बचाना है, शिक्षा दूसरी प्राथमिकता है। पहले हम बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे इसके बाद उनकी शिक्षा के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जाएगी।



शुक्रवार को झालावाड़ जिले के पिपलोदी गांव में एक स्कूल की छत गिर गई थी। हादसे में सात बच्चों की मौत हो गई और करीब 25 बच्चे घायल हो गए। बच्चों की दर्दनाक मौत ने पूरे प्रदेश को हिला कर रख दिया। हादसे के बाद से घटना को लेकर कई सवाल खड़े हो रहे हैं। विपक्षी दल हादसे को लेकर सरकार को कठघरे में खड़ा कर रहे हैं। लेकिन, आज विपक्ष में बैठी कांग्रेस कुछ साल पहले पहले सत्ता में थी। ऐसे में इस हादसे के लिए उसे भी उतना ही जिम्मेदार माना जा सकता है जितनी वर्तमान भाजपा सरकार। क्योंकि, कोई बिल्डिंग एक या दो साल में जर्जर नहीं होती। झालावाड़ स्कूल हादसे के बाद प्रदेश के जर्जर स्कूलों की पहचान के लिए एक सर्वेक्षण रिपोर्ट मांगी गई, इसके कुछ घंटे बाद ही 2256 स्कूलों की बिल्डिंग को जर्जर घोषित कर दिया है। यह कोई अंतिम आंकड़ा नहीं है, सर्वे जारी है जिससे जर्जर स्कूलों की संख्या और भी बढ़ सकती है। इस बीच शिक्षा विभाग ने एक आदेश जारी कर जर्जर स्कूल भवनों में बच्चों को बैठाना प्रतिबंधित कर दिया। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यह है कि इन स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों का क्या होगा, आाखिर वे कहां और कैसे पढ़ाई करेंगे। इसे लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष राठौड़ से सवाल किया गया, जिसके जवाब में उन्होंने कहा- किसी धर्मशाला, किसी अन्य भवन या स्कूल कहां लगेगा इस पर सरकार विचार कर रही है। सरकार की पहली प्राथमिकता बच्चों को बचाना है। सरकार जल्द ही इस पर फैसला करेगी।

(संपादकीय पृष्ठ 4 भी देखें)

### सूचना

सुधि पाठकों के लिए देशबन्धु अखबार का ई–पेपर epaper.deshbandhump.com वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

### बिरादरी की बात

**चूहा-सुनती हो**-बिहार की मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया में मृत लोगों के फार्म भरे जाने की शिकायतें भी सुप्रीम कोर्ट पहुंची हैं।

**चुहिया-** हां प्रिये- हिन्दुस्तान में धांधली सर्वव्यापी होती जा रही है।

JAN JYOTI
SUPER SPECIALITY EYE HOSPITAL
अब पाइये चश्मे से छुटकारा
मात्र कुछ सेकेण्ड्स में
Teneo- 2 तकनीक से इलाज
TRANS EPI सबसे आधुनिक और सुरक्षित

आज ही विजिट करें
9165108121 janjyotieyehospital.com
1051, Gol Bazar, Near Keshwarwani College, Wright Town, Jabalpur

Excellence in Education, Excellence in Life
A.P.N. C.B.S.E.
SENIOR SECONDARY SCHOOL
(C.B.S.E. Affiliated Reg. No. 1031302 )
ADMISSION OPEN FOR SESSION 2025-26
Class Nursery to XII Science I Commerce I Humanities
Special Discount in Admission fee & School fee for the State and National Players for all the Games
राष्ट्र स्तरीय एवं प्रदेश स्तरीय सभी खेलों के खिलाड़ियों के लिये प्रवेश शुल्क एवं मासिक शुल्क में विशेष छूट
Ph.: 0761-2676360, 8349593500, 9826587200



डाक पंजीयन क्रमांक एसएसपी जबलपुर/04/2023-2025

# देश-विदेश

## मोदी ने कलाम की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, हमारे प्रिय पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि। उन्हें एक प्रेरक दूरदर्शी, उत्कृष्ट वैज्ञानिक, मार्गदर्शक और एक महान देशभक्त के रूप में याद किया जाता है। राष्ट्र के प्रति उनका समर्पण अनुकरणीय है। उनके विचार भारत के युवाओं को एक विकसित एवं सशक्त भारत के निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित करते हैं।

### मेलबर्न में भारतीय मूल के सौरभ आनंद पर तलवार से हमला

## हाथ कटने के बाद सर्जरी से जोड़ा गया

**मेलबर्न, (आईएएनएस)।** ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न में भारतीय मूल के 33 वर्षीय सौरभ आनंद पर पांच किशोरों ने तलवार से हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। यह घटना 19 जुलाई की शाम 7:30 बजे अल्टोना मीडोज के सेंट्रल स्क्वायर शॉपिंग सेंटर के पास हुई, जब सौरभ फार्मेसी से घर लौट रहे थे। स्थानीय मीडिया के अनुसार, हमले में सौरभ का एक हाथ लगभग कट गया था, जिसे बाद में सर्जरी के जरिए जोड़ा गया।

'द ऑस्ट्रेलियन टुडे' की रिपोर्ट के अनुसार, सौरभ फोन पर दोस्त से बात कर रहे थे, तभी पांच किशोरों ने उन्हें घेर लिया। एक हमलावर ने उनकी जेबें टटोलीं, दूसरे ने उनके सिर पर मुक्के मारे, जिससे वह जमीन पर गिर गए। तीसरे हमलावर ने तलवार निकालकर उनकी गर्दन पर रख दी। सौरभ ने 'द एज' को बताया, खुद को बचाने की कोशिश में तलवार मेरे कलाई में लगी। दूसरा वार मेरे हाथ पर और तीसरा हड्डी तक चला गया। सौरभ को कंधे और पीठ पर भी चाकू के घाव लगे, जिससे उनकी रीढ़ की हड्डी टूट गई और कई हड्डियां क्षतिग्रस्त हुईं। उन्होंने कहा, मुझे बस दर्द याद है, मेरा हाथ बस एक धागे से लटक रहा था।



गंभीर चोटों के बावजूद, सौरभ किसी तरह वहां से निकले और मदद मांगी। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने पहले उनके हाथ को काटने पर विचार किया, लेकिन जटिल सर्जरी के बाद उसे जोड़ने में सफलता मिली। ऑस्ट्रेलियाई पुलिस ने इस हमले के सिलसिले में पांच में से चार किशोरों को गिरफ्तार किया है। जांच अभी जारी है। यह घटना ऑस्ट्रेलिया में भारतीय मूल के लोगों पर हाल के हमलों की कड़ी में एक और मामला है। पिछले हफ्ते, भारतीय छात्र चरणप्रीत सिंह पर किंटोर एवेन्यू के पास पार्किंग विवाद के बाद नस्लीय दुर्व्यवहार और मारपीट के साथ हमला हुआ था। यह घटना तब हुई जब चरणप्रीत और उनकी पत्नी शहर में लाइट डिस्प्ले देखने गए थे।

## डेनवर एयरपोर्ट पर विमान के लैंडिंग गियर में लगी आग

**वाशिंगटन।** अमेरिका में शनिवार को एक बड़ी विमान दुर्घटना टल गई, जब अमेरिकन एयरलाइंस की एक फ्लाइट के लैंडिंग गियर में अचानक आग लग गई। घटना डेनवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उस वक्त हुई जब विमान टेक-ऑफ की तैयारी में रनवे पर था। अमेरिका में शनिवार को एक बड़ी विमान दुर्घटना टल गई, जब अमेरिकन एयरलाइंस की एक फ्लाइट के लैंडिंग गियर में अचानक आग लग गई।

घटना डेनवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उस वक्त हुई जब विमान टेक-ऑफ की तैयारी में रनवे पर था। मियामी के लिए उड़ान भरने वाली फ्लाइट 3023 में सवार यात्रियों ने जैसे ही विमान के पहियों से धुआं उठता देखा, वैसे ही हड़कंप मच गया।

## यूक्रेनी हमलों के डर से डगमगाई रूस की ताकत

## पहली बार नेवी-डे परेड रद्द, पुतिन ने भी बनाई दूरी

**मॉस्को।** रूस ने 27 जुलाई को हर साल मनाई जाने वाली अपनी पारंपरिक और प्रतिष्ठित नौसेना परेड को रद्द कर दिया। 'नेवी डे' के मौके पर सेंट पीटर्सबर्ग में होने वाली इस परेड को सुरक्षा कारणों के चलते पहली बार रद्द किया गया है। खास बात ये रही कि राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भी इस बार परेड में व्यक्तिगत रूप से शामिल नहीं हुए। उन्होंने सिर्फ एक वीडियो संदेश के जरिए नौसैनिकों को संबोधित किया। दरअसल, एक दिन पहले यूक्रेन ने कई रूसी शहरों पर 100 से अधिक ड्रोन हमले किए। इनमें 10 ड्रोन सेंट पीटर्सबर्ग में भी किए गए, जहां यह परेड होनी थी।

**क्रेमलिन ने बताई 'सुरक्षा' वजह–** रूसी राष्ट्रपति भवन क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने कहा, यह निर्णय मौजूदा हालात और सुरक्षा चिंताओं को देखते हुए लिया गया है। सुरक्षा सर्वोपरि है। हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि खतरा किससे है।

**सेंट पीटर्सबर्ग में पहले ही हो चुका था एलान–** स्थानीय प्रशासन ने एक दिन पहले ही परेड रद्द होने की जानकारी दे दी थी, लेकिन तब भी कोई आधिकारिक कारण नहीं दिया गया था। इस परेड में हर साल युद्धपोत, पनडुब्बियां और नौसैनिक बलों का भव्य प्रदर्शन होता है।

**एक दिन पहले यूक्रेन ने बरसाए ड्रोन–** हाल के महीनों में यूक्रेन की ओर से रूस पर ड्रोन हमले तेज हुए हैं। रूसी रक्षा मंत्रालय ने रविवार को दावा किया कि बीती रात 100 यूक्रेनी ड्रोन को मार गिराया गया। इनमें से 10 ड्रोन सेंट पीटर्सबर्ग के पास रोके गए।



हमलों में एक महिला घायल हुई और पुलकोवो एयरपोर्ट पर उड़ानें देर से चलीं।

**पुतिन का वीडियो संदेश–** राष्ट्रपति पुतिन, जिन्होंने 2017 में नेवी डे को फिर से बहाल किया था, पहली बार परेड से दूर रहे। उन्होंने एक रिकॉर्डेड वीडियो के जरिए यूक्रेन युद्ध में शामिल रूसी नौसैनिकों की बहादुरी की सराहना की। गौरतलब है कि रूस की यह परेड सैन्य ताकत और राष्ट्रभक्ति के प्रदर्शन का प्रतीक मानी जाती है। लेकिन इस साल सुरक्षा के नाम पर इसे रद्द करना दर्शाता है कि यूक्रेन के साथ चल रहा युद्ध अब रूस के अंदरूनी इलाकों तक असर डाल रहा है।

## ट्रंप का सीजफायर दावा 24 घंटे भी नहीं टिका, थाईलैंड-कंबोडिया में फिर छिड़ी जंग

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से थाईलैंड और कंबोडिया के बीच युद्धविराम को लेकर की गई मध्यस्थता 24 घंटे भी नहीं टिक सकी। रविवार सुबह दोनों देशों की सेनाओं ने एक-दूसरे पर तोप और गोलियों से हमला करने का आरोप लगाया। इस ताज़ा झड़प ने ट्रंप के 'सीजफायर डील' को महज़ एक कागज़ी दावा साबित कर दिया।

**ट्रंप ने किया था युद्धविराम का ऐलान–** शनिवार को डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया पर दावा किया था कि उन्होंने थाईलैंड और कंबोडिया के प्रधानमंत्रियों से बात करवाई है और दोनों देश तत्काल युद्धविराम पर सहमत हो गए हैं। ट्रंप ने लिखा था, दोनों देश शांति और तत्काल सीजफायर के लिए तैयार हैं। लेकिन रविवार सुबह ही सीमा पर एक बार फिर हिंसा भड़क गई। ट्रंप ने दोनों देशों को धमकाया था कि अगर वे युद्धविराम नहीं करते हैं तो टैरिफ की मार झेलनी होगी।



**एक-दूसरे पर आरोपों की बौछार–** कंबोडिया का आरोप है कि थाई सेना ने रविवार सुबह उनके इलाकों में तोप से हमला किया और जमीनी हमले भी किए। कंबोडिया रक्षा मंत्रालय के अनुसार थाई हमले में कई ऐतिहासिक मंदिर परिसरों को निशाना बनाया गया। वहीं थाईलैंड ने पलटवार करते हुए कहा कि कंबोडिया की सेना ने पहले हमला किया और नागरिक क्षेत्रों में गोलाबारी की। थाई सेना का दावा है कि कंबोडियाई बल सीमा के पास लंबी दूरी की मिसाइलें तैनात कर रहे हैं। कंबोडिया के प्रधानमंत्री हुन मानेट ने फेसबुक पर लिखा, मैंने राष्ट्रपति ट्रंप से साफ कहा था कि कंबोडिया तत्काल और बिना शर्त युद्धविराम को तैयार है। लेकिन रविवार सुबह थाई सेना ने गोलाबारी शुरू की। वहीं, थाई पीएम बोले - हम नहीं चाहते तीसरा देश, लेकिन जनता पर हमले बर्दाश्त नहीं थाईलैंड के कार्यवाहक प्रधानमंत्री फुमथम वेचयाचाई ने कहा कि वे ट्रंप की चिंता के लिए आभारी हैं लेकिन जब तक कंबोडिया उनके नागरिकों को निशाना बनाता रहेगा, तब तक बातचीत नहीं हो सकती। उन्होंने कहा, हमने प्रस्ताव दिया है कि दोनों देशों के विदेश मंत्री मिलकर युद्धविराम और सेना हटाने की शर्तें तय करें।

**अब तक 30 से ज्यादा मौतें, 2 लाख से अधिक विस्थापित–** दोनों देशों के बीच जारी संघर्ष में अब तक 30 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। 2 लाख से ज्यादा लोग अपने घर छोड़ने को मजबूर हुए हैं। सीमावर्ती इलाकों में तनाव और डर का माहौल है। सीमा से सटे थाई प्रांत सिसाकेत में रहने वाले थावोर्न तूसावन ने कहा, अगर युद्धविराम हो जाता है तो हालात बेहतर होंगे। अमेरिका दबाव बनाए तो शायद शांति आ जाए। कंबोडिया की राजधानी की छात्रा ख्रूंग निता ने कहा, दोनों देशों को अब लड़ाई छोड़ देनी चाहिए, हम बस शांति चाहते हैं।

## सऊदी अरब में इस साल 217 को फांसी पर लटकाया

### 'वॉर ऑन ड्रग्स' मिशन में अपना ही रिकॉर्ड तोड़ा

**रियाद।** सऊदी अरब ने एक साल पहले वॉर ऑन ड्रग्स मुहिम शुरू की है। इस साल इस अभियान के तहत वह सात महीने में 217 लोगों को फांसी पर लटका चुका है। एक तरफ सऊदी अरब विजन 2030 के तहत खुद को आधुनिक और खुले समाज के रूप में पेश कर रहा है तो दूसरी ओर फिर मानवाधिकारों को लेकर वैश्विक आलोचना के केंद्र में है। 2025 में अब तक 217 लोगों को मौत की सजा देकर यह देश अपने ही रिकॉर्ड को तोड़ने की राह पर है। इसमें 121 लोग विदेशी नागरिक हैं।

**वॉर ऑन ड्रग्स अभियान–** 2023 में शुरू हुई वॉर ऑन ड्रग्स मुहिम अब अपने चरम पर पहुंच गई है। जांच और कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद बड़ी संख्या में लोगों को अब फांसी दी जा रही है। 2022 में जहां केवल 19 लोगों को ड्रग्स मामलों में फांसी दी गई थी, वहीं 2025 में यह आंकड़ा 144 तक पहुंच चुका है। इस मुहिम के तहत सऊदी सरकार ने देशभर में सख्त तलाशी अभियान, बॉर्डर चेक पॉइंट्स और तस्करों की धरपकड़ तेज कर दी। इस साल फांसी पर चढ़ाए गए लोगों में 144 लोग सिर्फ ड्रग्स मामलों में दोषी पाए गए। यह संख्या पिछले साल के मुकाबले कई गुना ज्यादा है जब 117 लोगों को ऐसे मामलों में फांसी दी गई थी।

**निशाने पर सबसे ज्यादा विदेशी नागरिक–** अब तक फांसी पर चढ़ाए गए 217 में से 121 लोग विदेशी हैं, जो सऊदी में कामगार के रूप में रह रहे थे। मानवाधिकार संगठनों का कहना है कि विदेशी नागरिकों को उचित कानूनी सहायता नहीं मिलती और वे आसानी से कठोर सजा के शिकार हो जाते हैं। एमनेस्टी इंटरनेशनल और ह्यूमनराइट्सवॉच जैसे संगठनों ने इस प्रवृत्ति को चौंकाने वाला और अमानवीय बताया है। सऊदी सरकार ने कहा है कि यह अभियान ड्रग माफिया पर करारा प्रहार है, लेकिन अब तक कोई ठोस आंकड़े सामने नहीं आए हैं जो साबित करें कि मौत की सजा से अपराध कम हुए हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि डर का माहौल बनाना अपराध रोकने की गारंटी नहीं है। मौत की सजा कोई समाधान नहीं, बल्कि एक असफल रणनीति है।

**सख्ती से लोगों में भय** सऊदी अरब एक तरफ विजन 2030 के तहत खुद को आधुनिक और खुले समाज के रूप में पेश कर रहा है, जहां खेल, पर्यटन और तकनीक को बढ़ावा दिया जा रहा है। लेकिन दूसरी तरफ बढ़ती फांसियों ने उसकी छवि पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

**ट्रंप ने फिर थामा सऊदी का हाथ** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हालिया खाड़ी दौरे में क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान की जमकर तारीफ की और कहा, मुझे तुम बहुत पसंद हो! ट्रंप सरकार मानवाधिकार के मुद्दों पर सऊदी की आलोचना करने की बजाय, व्यापारिक रिश्तों को प्राथमिकता देती दिख रही है।

## ईरान के बैलिस्टिक प्रोग्राम को फिर से दुरुस्त करने में मदद कर रहा चीन, इजरायल ने दी चेतावनी

**तेल अवीव।** ईरान के बैलिस्टिक प्रोग्राम को फिर से दुरुस्त करने में मदद कर रहा चीन, इजरायल ने दी चेतावनी इजरायल और ईरान में लंबे समय से तनाव बरकरार है। भले ही दोनों देशों के बीच युद्ध रुक गया हो, लेकिन तीखी बयानबाजी अब भी जारी है। इस बीच, इजरायल ने दावा किया है कि चीन ईरान को उसके बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम को फिर से बनाने में मदद कर रहा है।



अमेरिका में इजरायल के राजदूत डॉ. माइकल लीटर ने चीन को चेतावनी देते हुए कहा है कि यह बहुत चिंताजनक संकेत है। राजदूत ने कहा, जब हम कार्यक्रम को काफी हद तक नुकसान पहुंचाने में सफल हो गए हैं, तो अब यह सुनिश्चित करना हमारी जिम्मेदारी है कि नकारात्मक तत्व, खास तौर पर चीन, ईरान को इसके पुनर्निर्माण में मदद न करें। उन्होंने यह भी बताया कि वह चीन से ईरान को मिसाइल ईंधन के लिए रासायनिक प्रीकर्सर भेजे जाने की रिपोर्टों का जिक्र कर रहे थे, जिनका उद्देश्य मिसाइल सरणी की बहाली को संभव बनाना है। पिछले महीने इजरायल और ईरान में जंग काफी बढ़ गई थी। इजरायली सेना ने ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम, जिसमें लॉन्चर भी शामिल थे, को निशाना बनाया था। 13 जून से शुरू हुए इजरायली हमलों का जवाब ईरान ने युद्ध के पहले चार दिनों में इजरायल पर 370 से ज्यादा बैलिस्टिक मिसाइलें दागकर दिया। कई दिनों तक दोनों के बीच युद्ध चला, जिसमें बाद में अमेरिका की भी एंट्री हुई। अमेरिका ने ईरान के तीन परमाणु ठिकानों पर बॉम्बर जेट बी-12 से हमला करके उन्हें तबाह कर दिया। बाद में डोनाल्ड ट्रंप की कोशिशों के बाद इजरायल और ईरान के बीच सीजफायर पर सहमति बनी।

## गाजा में भुखमरी इजरायल के लिए बनेगी काल अमेरिकी संसद में कट्टर समर्थक भी भड़के

**तेलअवीव।** गाजा से आ रही भूख से पीड़ित बच्चों की तस्वीरों ने अमेरिकी संसद में इजरायल के कट्टर समर्थकों को भी झकझोर दिया है। भुखमरी से तबाह होते इस क्षेत्र को लेकर कुछ डेमोक्रेटिक सांसदों ने इजरायल की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने अमेरिका और इजरायल समर्थित जीएचएफ खाद्य वितरण तंत्र की भी निंदा की, जिसके कारण 1 हजार से अधिक फिलिस्तीनी सहायता मांगने वालों की मौत हो चुकी है।

हालांकि, कुछ सांसदों ने साफ बयान नहीं दिया है। गाजा में सहायता पहुंचाने की मांग की तो गई, लेकिन इजरायली नीतियों को सीधे जिम्मेदार नहीं ठहराया गया। सीनेटर बर्नी सैंडर्स ने अपने बयान में कहा, यह हकीकत है कि 2 लाख फिलिस्तीनियों (ज्यादातर महिलाएं और बच्चे) को मारने या घायल करने के बाद इजरायल की कट्टरपंथी सरकार गाजा में सामूहिक भुखमरी का इस्तेमाल नस्लीय सफाए के लिए कर रही है। उन्होंने इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की सरकार पर गाजा में नरसंहार अभियान चलाने का आरोप लगाया। यह गुस्सा अमेरिकी संसद में इजरायल के लिए दशकों से चले आ रहे मजबूत समर्थन को हिला सकता है, जहां से हर साल इजरायल के लिए अरबों डॉलर की सैन्य सहायता को मंजूरी मिलती है। इस बीच, इजरायल ने गाजा में जारी भुखमरी से निपटने के लिए इसके तीन क्षेत्रों में कुछ समय के लिए लड़ाई रोकने की शुरुआत कर दी है।

इजरायल की सेना ने रविवार को घोषणा की कि वह अगले आदेश तक गाजा सिटी, दीर अल-बलाह और मुवासी में प्रतिदिन 10 घंटे तक अपना अभियान रोकेगी। सेना ने इन क्षेत्रों में अपना अभियान रोकने का फैसला ऐसे समय लिया है जब गाजा में अकाल पड़ने का खतरा बढ़ गया है।

## बेटे ने मां-बाप, बहन को कुल्हाड़ी से काटा

**गाजीपुर।** गाजीपुर के शहर कोतवाली क्षेत्र के डिलिया गांव में उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक ही परिवार के तीन लोगों की हत्या कर दी गई। यहां 35 वर्षीय एक युवक ने अपनी मां-बहन और पिता को दौड़ा-दौड़ा कर कुल्हाड़ी से काट डाला। पड़ोसियों की सूचना पाकर मौके पर पुलिस भी पहुंच गई।


### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे मुवक्किल श्री आशु सेठी पिता स्व. श्री अशोक सेठी के स्वामित्व एवं हिस्से की संपत्ति, जो कि स्थित है म. नं. 578 नेपियर टाउन, गुरुद्वारा के पीछे गोरखपुर, जबलपुर, खसरा नं 289, प्लॉट नं 497/16, क्षेत्रफल 1525 वर्गफुट, उक्त संपत्ति का प्रकरण पूनम साहनी पति श्याम साहनी एवं चंचल आहूजा के साथ न्यायालय में विचाराधीन है एवं न्यायालय के प्रकरण क्र.RCSA/339/2025, दिनांक 07/05/2025 के आदेशानुसार उक्त संपत्ति का क्रय/ विक्रय निषेधित किया गया है, अतः जो भी उक्त संपत्ति को क्रय/विक्रय, रहन अथवा बंधक करेगा उस पर न्यायालय की अवमानना का आरोप अधिरोपित किया जाएगा एवं उचित वैधानिक कार्यवाही की जावेगी।

अधिवक्ता वास्ते
एड्. प्रदीप श्रीवास्तव
78986 63509
आशु सेठी
9300804141

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रांझी जबलपुर

रा.प्र.क्र./0470/अ-6/2025-26

### आम इश्तहार

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका श्री अशोक कुमार बर्मन पिता छेदी लाल बर्मन निवासी- जबलपुर जबलपुर द्वारा ग्राम जमतरा प.ह.नं. 25 नं. बं. ... ख.नं. 186, 177 रकबा 0.10 हे. एवं 0.02 हे. हेक्टेयर/वर्गफुट भूमि रजिस्टर्ड विक्रयपत्र/ वसीयतनामा/ सहमति पत्र/ फौती के आधार पर शासकीय अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है, जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतः उक्त भूमि आवेदक/ आवेदिका के नाम दर्ज किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति/ एतराज हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति इस न्यायालय के कक्ष क्र. 32 में तारीख पेशी के पूर्व पेश कर सकता है। समयावधि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। न्यायालय की मुहर एवं हस्ताक्षर से आज दिनांक 25/07/2025 को जारी।

जारी दिनांक 25/07/2025
पेशी दिनांक 11/08/2025

अतिरिक्त तहसीलदार
रांझी जबलपुर


### बॉर्डर पर बीएसएफ जवानों का बड़ा एक्शन

## घुसपैठ में जुटे दो बांग्लादेशियों पर बरसाईं गोलियां, दो की मौत

**नई दिल्ली।** इंटरनेशल बॉर्डर पर बांग्लादेश की ओर से होने वाली एक घुसपैठ को बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स के जवानों ने नाकाम कर दिया है। दो बांग्लादेशी घुसपैठिए ड्रग्स तस्करी के लिए भारत में घुसने की कोशिश कर रही थी। जानकारी के मुताबिक, कथित तौर पर दोनों ही संदिग्ध बांग्लादेशी वियाग्रा की गोलियों की तस्करी कर रहे थे।

बीएसएफ के गुरुवार के घटनाक्रम को लेकर जानकारी मिली है कि 2 बांग्लादेशी त्रिपुरा की ओर घुसपैठ करने की कोशिश कर रहे थे। इसके चलते उन्हें रात करीब ढाई से साढ़े तीन बजे के बीच गोलीबारी के बीच मार गिराया गया। दोनों ही घुसपैठियों के पास से पुलिस ने लगभग 14-15 लाख रुपये मूल्य का प्रतिबंधित सामान भी जब्त किया।

पुलिस के मुताबिक, मरने वालों में एक का नाम लिटन मियां है, जिसका शव भारतीय सीमा पर मिला है। उसका पोस्टमार्टम करके बांग्लादेश को सौंप दिया गया है, जबकि दूसरा शख्स बांग्लादेश की सीमा पर गिरा था। उसे अस्पताल ले जाया गया था लेकिन उसकी भी मौत हो गई।

इस बीच पुलिस ने शनिवार को बताया कि दक्षिण त्रिपुरा जिले में तस्करी के प्रयास के सिलसिले में शुक्रवार को दो भारतीय तस्करों को भी गिरफ्तार किया गया। उन पर सार्वजनिक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम, पासपोर्ट (भारत में प्रवेश) अधिनियम और हत्या के प्रयास सहित विभिन्न आरोपों के तहत मामला दर्ज किया गया और अगले दिन एक स्थानीय अदालत में पेश किया गया।


निविदा/ नियुक्ति/जाहिरात

### कार्यालय सहायक आयुक्त सहकारिता जिला दमोह

क्रमांक/लेखा/2025/908 दमोह दिनांक 25/07/2025

### // वाहन निविदा हेतु विज्ञापन //

कार्यालय सहायक आयुक्त सहकारिता जिला दमोह में शासकीय कार्य हेतु बीमित एवं टैक्सी के रूप में पंजीकृत वाहन की आवश्यकता है। अनुबंधकर्ता को धरोहर की राशि 50000. 00 रू. अंकन पचास हजार रूपयें की एफ.डी. कार्यालम में जमा करानी होगी। वाहन के मासिक किराये की सीमा अधिकतम 3000000 रू. अंकन तीस हजार रूपये होगी।

उक्त राशि में वाहन चालक, डीजल/पेट्रोल, वाहन मरम्मत, बीमा, आर.टी.ओ टैक्स, जी.एस.टी., टोल टैक्स व अन्य टैक्स सभी चीजें सम्मिलित है, अनुबंध की अन्य शर्ते कार्यालय में आकर देखी जा सकती है। वाहन किराये पर देने के इच्छुक वाहन मालिक कार्यालय में दिनांक 01.08.2025 शाम 05.30 बजे तक निविदा प्रस्तुत कर सकते हैं।

सहायक आयुक्त, सहकारिता जिला दमोह


## आईएसआईएस समर्थित आतंकियों ने कांगो में चर्च पर किया हमला, 21 की मौत

पूर्वी कांगो में इस्लामिक स्टेट समर्थित छत्र आतंकवादियों ने चर्च पर हमला कर 21 से ज्यादा लोगों की जान ले ली। हमले में कई घर और दुकानें भी जलाई गई हैं। यह हमला आईएसआईएस से जुड़े समूहों द्वारा किए गए कई हमलों में से एक है, जो पूर्वी कांगो में अस्थिरता फैला रहे हैं। पूर्वी कांगो में एक बार फिर आतंकियों ने आतंक मचाया है। नागरिक नेता का कहना है कि पूर्वी कांगो में इस्लामिक स्टेट समर्थित विद्रोहियों की ओर से चर्च पर किए गए हमले में कम से कम 21 लोगों की मौत हुई है। यह हमला अलाइड डेमोक्रेटिक के सदस्यों ने पूर्वी कांगो के कोमांडा में एक कैथोलिक चर्च परिसर के अंदर रात लगभग 1 बजे किया।

### प्रथम पृष्ठ का शेष...

**पिछले कुछ सालों...** में 2 महिला श्रद्धालुओं की मौत हो गई। **2 जुलाई 2024 :** उत्तर प्रदेश के हाथरस में नारायण साकार हरि के सत्संग में भारी भीड़ के कारण भगदड़ मच गई। इसमें 121 लोगों की मौत हो गई। इनमें अधिकांश महिलाएं और बच्चे शामिल थे। **12 अगस्त 2024:** बिहार के बनावर हिलॉक में बाबा सिद्धनाथ मंदिर में सावन माह के चौथे सोमवार को पूजा के दौरान भीड़ के कारण भगदड़ मच गई। इस हादसे में सात लोगों की मौत हो गई। **29 जनवरी 2025:** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में कुंभ मेले के दौरान भगदड़ मच गई। मौनी अमावस्या के अवसर पर संगम क्षेत्र में 30 लोगों की मौत हुई और 60 लोग घायल हुए। **29 जून 2025:** ओडिशा के पुरी में भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा के दौरान नंदीघोष रथ के पास भारी भीड़ के कारण भगदड़ मच गई। इससे तीन लोगों की मौत हो गई।

# देश-प्रदेश

**उवाच**

**श्री मोदी का मन की बात कार्यक्रम देशवासियों से सीधे संवाद का प्रभावी माध्यम: मुख्यमंत्री**

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा मन की बात कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के बुंदेलखंड के ऐतिहासिक किलों की विशिष्टता और भोपाल की स्वच्छता के प्रति जागरूक महिलाओं की सराहना कर उत्साहवर्धन और प्रेरणा प्रदान करना दिव्य ऊर्जा और नवसंकल्प से अभिभूत करता है।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी जन-जन की शक्ति को राष्ट्र के नव निर्माण के लिए प्रेरित करते हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में ऑपरेशन सिंदूर में बड़ी सफलता मिली, कारगिल विजय दिवस भी हमारी सेना के शौर्य के स्मरण का महत्वपूर्ण अवसर है।



प्रधानमंत्री मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में किया जिक्र

## भोपाल के महिला समूह की पहल को प्रशंसनीय बताया

### मुख्यमंत्री ने टीम की बहनों को दी बधाई

**भोपाल, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को मासिक कार्यक्रम 'मन की बात' में स्वच्छता आंदोलन में भोपाल की टीम 'सकारात्मक सोच' के स्वच्छता अभियान में किये जा रहे प्रयासों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि 2 अक्टूबर 2014 से शुरू किया गया स्वच्छता आंदोलन महत्वपूर्ण पड़ाव पर पहुंच गया है। अब इसका असर देश के अनेक शहरों में दिखाई पड़ रहा है। मध्यप्रदेश में स्वच्छता आंदोलन ने अनेक शहरों की तस्वीर बदली है, इनमें से राजधानी भोपाल भी है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सकारात्मक सोच टीम की बहनों के परिश्रम को बधाई दी है और आव्हान किया कि समाज के सभी वर्ग इस सकारात्मक सोच में अपनी सहभागिता करेंगे।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने भोपाल की टीम 'सकारात्मक सोच' के प्रयासों को उल्लेख किया। 'सकारात्मक सोच' टीम



की शुरूआत 2 महिलाओं के साथ की गई थी। आज इस टीम से 200 महिलाएं जुड़ गयी हैं। टीम का ध्येय वाक्य 'डिस्पोजल का बहिष्कार और कचरा मुक्त पृथ्वी का सपना' है। टीम ने अपनी शुरूआत 25 बर्तन बैंक से की। इसका उद्देश्य था प्लास्टिक को अलविदा कहा जा सके। समूह की महिलाओं ने हजारों कपड़े के थैले मंदिरों और सब्जी मंडियों में निशुल्क बाटें और लोगों में प्लास्टिक का उपयोग न करने के प्रति जागरूकता पैदा की। भोपाल टीम ने 17 पार्कों में श्रमदान किया, जहां कभी कचरे के ढेर हुआ करते थे और आज वहां हरियाली से बागीचे चमन हो गये हैं। भोपाल टीम स्वच्छता की अलख जगाने के लिये दिन-प्रतिदिन नये साथियों से मजबूत हो रही है। टीम ने अनेक जगह नर्सरी और मिनी फॉरेस्ट बनाकर समाज को आस-पास कचरे को कम करने के लिये नया मार्ग दिखाया है। भोपाल टीम में बच्चों को भी जोड़ा गया है उन्हें स्वच्छता दूत बनाकर समाज में स्वच्छता के प्रति संकल्प दिलाया जा रहा है। भोपाल टीम ने शहर के अनेक मंदिरों के आस-पास स्वच्छता की जिम्मेदारी ली है। भोपाल टीम की महिला सदस्यों का मानना है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उत्साहवर्धन से टीम को नया जोश मिलेगा और भोपाल में स्वच्छता आंदोलन को और गति दी जा सकेगी।

उप्र मुख्यमंत्री ने कानपुर मण्डल के जनप्रतिनिधियों के साथ एक विशेष संवाद बैठक

## उ.प्र. के सतत और संतुलित विकास में कानपुर मण्डल की भूमिका महत्वपूर्ण : योगी

**लखनऊ,देशबन्धु।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सरकारी आवास पर कानपुर मण्डल के जनप्रतिनिधियों के साथ एक विशेष संवाद बैठक की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि लोक निर्माण विभाग सम्बन्धित जनप्रतिनिधियों से विमर्श कर प्रस्तावित कार्यों की प्राथमिकता तय करे और कार्य शुरू कराए। सभी कार्यां की सतत निगरानी करते हुए कार्य समयबद्ध व पारदर्शी तरीके से क्रियान्वित किये जाएं। उन्होंने इन कार्यां को केवल सरकारी खर्च का विवरण न मानते हुए उन्हें 'जनता के विश्वास की पूंजी' बताया।

मुख्यमंत्री ने संवाद के शुरूआत में जनपद कानपुर नगर, कानपुर देहात, फर्रुखाबाद, कन्नौज, इटावा एवं औरैया के विधायकों/जनप्रतिनिधियों से उनके निर्वाचन क्षेत्रों की जमीनी परिस्थितियों, जन अपेक्षाओं, विकास कार्यों की प्रगति और प्रशासनिक समन्वय पर विस्तार से फीडबैक प्राप्त किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश के सतत और संतुलित विकास में कानपुर मण्डल की भूमिका अत्यन्त महत्वपूर्ण है। यह मण्डल राज्य की औद्योगिक और शैक्षिक रीढ़ के साथ-साथ सांस्कृतिक विविधता, ऐतिहासिक चेतना और जनप्रतिनिधियों की प्रतिबद्धता का भी केन्द्र है। राज्य सरकार कानपुर मण्डल की औद्योगिक विरासत, शैक्षिक सम्पन्नता और सांस्कृतिक चेतना को आधुनिक विकास की दिशा में ले जाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता और समर्पण के साथ कार्य कर रही है। बैठक में लोक निर्माण विभाग द्वारा कानपुर मण्डल के सभी 06 जनपदों के जनप्रतिनिधियों द्वारा



प्रस्तावित कुल 1,362 निर्माण कार्यों की कार्ययोजना प्रस्तुत की गई, जिसकी अनुमानित लागत 10,914 करोड़ रुपये है। इन कार्यों में सड़कों, पुलों, फ्लाईओवरों, बाईपासों, इण्टर-कनेक्टिविटी, मिसिंग लिंक रोड, सिंगल कनेक्टिविटी, धार्मिक स्थलों के विकास, सुरक्षा तथा लॉजिस्टिक्स से जुड़े महत्वपूर्ण प्रस्ताव सम्मिलित हैं।


इनमें सबसे अधिक कार्य जनपद कानपुर नगर के लिए प्रस्तावित किए गए, जिसमें 5,006 करोड़ रुपये की लागत से 426 योजनाएं प्रस्तुत की गयीं। जनपद फर्रुखाबाद के लिए 2,476 करोड़ रुपये की लागत से 308 कार्य, जनपद कानपुर देहात के लिए 1,214 करोड़ रुपये के 336 कार्य, जनपद कन्नौज के लिए 1,076 करोड़ रुपये के 98 कार्य, जनपद इटावा के लिए 620 करोड़ रुपये के 128 कार्य और जनपद औरैया के लिए 524 करोड़ रुपये लागत से 66 विकास कार्य सम्मिलित हैं। मुख्यमंत्री ने नगर विकास विभाग को निर्देशित किया कि नगर विकास विभाग द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों से सम्बन्धित शिलापट्ट पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों के नाम अंकित किये जाएं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनप्रतिनिधिगण जनता और शासन के बीच की सबसे भरोसेमंद कड़ी होते हैं। उनके विचार और सुझाव केवल संवाद का माध्यम नहीं हैं, बल्कि वे जन आकांक्षाओं का स्वरूप होते हैं, जिन्हें योजनाओं की संरचना और क्रियान्वयन में सक्रिय रूप से सम्मिलित किया जाना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से अपेक्षा की कि वे जनप्रतिनिधियों के अनुभवों और फील्ड इनपुट्स को केवल दस्तावेज स्तर पर न लें, बल्कि उन्हें नीति निर्धारण का सजीव आधार बनाएं। मुख्यमंत्री ने कानपुर मण्डल को 'विकास का अग्रदूत' करार देते हुए विश्वास जताया कि आने वाले वर्षों में यह मण्डल न केवल उत्तर प्रदेश, बल्कि पूरे देश के लिए एक प्रेरणास्पद मॉडल के रूप में उभरेगा।

झुग्गी झोपड़ियां तोड़ने की कार्रवाई को संवेदनहीनता बताया

## इंसाफ, इंसानियत के लिए हर मोर्चे पर लड़ेंगे

- भाजपा सरकार ने बेरहमी से गरीबों की जिंदगी उजाड़ी
- ये उनके सपने, उनका सम्मान और जीने का सहारा था



**नई दिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने दिल्ली में झुग्गी झोपड़ियां तोड़ने की कार्रवाई को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की संवेदनहीनता करार देते हुए कहा है कि गरीब की छत छीनना इंसाफ तथा इंसानियत के खिलाफ है और इसके लिए गरीबों के साथ खड़े हैं।

श्री गांधी ने कहा सोचिए, अगर आपके अपने मां-बाप, बच्चे या भाई-बहन के सिर से अचानक छत छीन ली जाए - अगर आपके पूरे परिवार को एक ही पल में बेघर कर दिया जाए, तो आपको कैसा लगेगा। दिल्ली की झुग्गियों में रहने वाले सैकड़ों गरीब परिवार आज इसी दर्द से गुजर रहे हैं। जिन छोटे-छोटे घरों में उनकी पूरी ज़िंदगी बसी थी, उन्हें भाजपा सरकार ने बेरहमी से उजाड़ दिया। उन्होंने कहा कि गरीब की झोपड़ी उसकी जीने का सहारा होता है। उनका कहना था कि ये सिर्फ़ घर नहीं थे - ये उनके सपने, उनका सम्मान और जीने का सहारा था। प्रशासन की आड़ में किया जा रहा यह अत्याचार, ग़रीबों के प्रति भाजपा की संवेदनहीनता और सत्ता के घमंड को उजागर करता है। श्री गांधी ने कहा हम इन उजाड़े गए परिवारों के साथ मजबूती से खड़े हैं। ये लड़ाई अब सिर्फ़ घरों की नहीं, इंसाफ और इंसानियत की है और हम हर मोर्चे पर लड़ेंगे।

## विधानसभा का मानसून सत्र आज से, अध्यक्ष ने तैयारियों का लिया जायजा



**भोपाल, देशबन्धु।** विधानसभा का मानसून सत्र सोमवार से शुरू होगा। विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने आज सत्र की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सत्र का संचालन सुचारू और व्यवस्थित रूप से किया जाए। श्री तोमर ने विधानसभा परिसर में विरोध प्रदर्शन और नारेबाजी पर प्रतिबंध को लेकर कहा कि यह कोई नया आदेश नहीं है। विधानसभा की कार्यवाही सुचारू ढंग से चलाने और सुरक्षा के मद्देनजर सत्र से पहले यह जारी किया जाता है। विधानसभा परिसर मे कोई नया प्रतिबन्ध नहीं लगाया गया जो विरोध प्रदर्शन पर रोक लगाई है वह भी कोई नया नहीं है। कांग्रेस ने विधानसभा परिसर में नारेबाजी और प्रदर्शन पर रोक के आदेश को लोकतंत्र की आवाज दबाने वाला बताया है। श्री तोमर से विधानसभा परिसर में अन्य जगह जाने पर प्रतिबंध का पूछा गया तो उन्होंने इसका कोई जबाब नहीं दिया।

### पहली पंक्ति में बैठेंगे खंडेलवाल

भारतीय जनता पार्टी के नए प्रदेश अध्यक्ष और बैतूल से विधायक हेमंत खंडेलवाल की विधानसभा में सीट अब बदल दी गई है। श्री खंडेलवाल अब सदन में पहली पंक्ति में बैठेंगे। यह बदलाव उनकी नई जिम्मेदारी और संगठन में वरिष्ठ भूमिका को देखते हुए किया गया है। उन्हें हाल ही में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बनाया गया।

### कुल 10 बैठकें, 3377 प्रश्न प्राप्त

विधानसभा के प्रमुख सचिव एपी सिंह ने जानकारी दी कि बारह दिवसीय सत्र में सदन की कुल 10 बैठकें होंगी। अब तक विधानसभा सचिवालय को तारांकित 1718 और अतारांकित 1659 प्रश्न यानी कुल 3377 प्रश्न प्राप्त हुए हैं। जानकारी के अनुसार इस बार दो हजार से अधिक प्रश्न सदस्यों ने ऑनलाइन पूछे हैं। इसके अतिरिक्त 226 ध्यानाकर्षण, एक स्थगन प्रस्ताव, 23 अशासकीय संकल्प, 65 शून्यकाल की सूचनाएं तथा एक नियम 139 की सूचना भी प्राप्त हुई है।

## बोलपुर से भाषा आंदोलन की शुरुआत करेंगी ममता

**कोलकाता, एजेंसी।** तृणमूल कांग्रेस प्रमुख एवं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सोमवार को भाषा आंदोलन की शुरुआत करते हुए बीरभूम जिले के बोलपुर में पहली विरोध रैली का नेतृत्व करेंगी। भाषा आंदोलन भारतीय जनता पार्टी शासित राज्यों में बंगाली भाषी लोगों के उत्पीड़न के आरोपों के बाद शुरू हुए बड़े विरोध अभियान का हिस्सा है। तृणमूल कांग्रेस का दावा है कि बंगाली भाषियों को, विशेष रूप से भाजपा शासित राज्यों में बंगलादेशी करार दिया जा रहा है और उन्हें जबरन सीमा पार बंगलादेश में वापस धकेला जा रहा है। बनर्जी ने 21 जुलाई को शहीद दिवस रैली के दौरान 28 जुलाई को प्रदेशव्यापी भाषा आंदोलन शुरू किए जाने की घोषणा की थी।

## केरल की जेलों में क्षमता से अधिक कैदी

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी।** केरल की लगभग सभी केंद्रीय, जिला और उप-जेलों में स्वीकृत क्षमता से ज्यादा कैदी बंद हैं। यहां की एकल कोठरियों में पांच-छह कैदी जबकि आठ-नौ कैदियों की क्षमता वाले कमरों में 25 कैदी तक रखे गए हैं। केरल की सभी जेलों की क्षमता करीब आठ हजार कैदियों की है लेकिन इनमें दस हजार से अधिक बंदियों को रखा गया है। यानी जेलों में क्षमता से 128 प्रतिशत अधिक कैदी हैं। इससे कैदियों के सुधारात्मक बुनियादी ढांचे को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं।

हरदा की घटना को लेकर मुख्यमंत्री सख्त

## अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, एसडीएम और एसडीओपी हटाए गए

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हरदा जिले के राजपूत छात्रावास में 13 जुलाई को हुई घटना और धरना प्रदर्शन के दौरान बल प्रयोग को लेकर सख्त कार्रवाई की है। इस मामले में हरदा के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामदास प्रजापति, संयुक्त कलेक्टर एवं एसडीएम कुमार शानू देवड़िया और एसडीओपी सुश्री अर्चना शर्मा को हटा दिया गया है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने खुद ट्वीट कर यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि छात्रावास में अनुचित बल प्रयोग एवं स्थिति को संवेदनशील रूप से निराकरण करने में की गई गंभीर लापरवाही को लेकर यह कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हरदा कोतवाली के थाना प्रभारी एवं थाना प्रभारी (यातायात) को भी आईजी कार्यालय, नर्मदापुरम में लाइन हाजिर कर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने अपनी दुबई यात्रा के दौरान इस पूरे घटना का संज्ञान लिया था और जांच के आदेश दिए थे। जांच के बाद यह कार्रवाई की गई। उल्लेखनीय है कि इंदौर के एक व्यापारी द्वारा हीरा बेचने के नाम पर की गई धोखाधड़ी के मामले में पुलिस द्वारा आरोपी को संरक्षण देने के विरोध में करणी सेना ने पिछले दिनों हरदा शहर के खंडवा बायपास पर धरना प्रदर्शन किया था। यह विरोध प्रदर्शन करीब 16 घंटे तक चला। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को हटाने के लिए वाटर कैनन, आंसू गैस और लाठीचार्ज का सहारा लिया। हालात इतने बिगड़े कि पुलिस ने राजपूत छात्रावास के भीतर भी प्रवेश कर लाठीचार्ज किया, जिससे लोगों में आक्रोश उत्पन्न हुआ। करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष जीवन सिंह शेरपुर सहित करीब 60 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया था।

### 2 थाना प्रभारियों को किया लाइन हाजिर

डीजीपी ने जारी किए निर्देश

## वर्दी पहनकर रील बनाने वाले पुलिसकर्मियों पर होगी कार्रवाई

**भोपाल, देशबन्धु।** वर्दी पहनकर या पुलिस थाने में रील बनाने का शौक पुलिसकर्मियों पर भारी पड़ेगा। इसे सिविल सेवा आचरण संहिता का उल्लंघन मानते हुए निंदा से लेकर विभागीय जांच और निलंबन तक की कार्रवाई हो सकती है। कार्रवाई इस बात पर निर्भर करेगी कि रील में किस तरह की सामग्री है। अश्लीलता या पुलिस की छवि खराब करने वाले वीडियो में निलंबन तक की कार्रवाई हो सकती है। दरअसल, पुलिसकर्मियों द्वारा वर्दी में रील बनाकर इंटरनेट मीडिया में प्रसारित करने का चलन बढ़ता जा रहा है। वर्दी में उन्हें व्यूज, लाइक और कमेंट भी खूब मिलते हैं, लेकिन सरकारी कर्मचारी खासतौर पर वर्दी वाली सेवाओं में इसे अनुशासनहीनता माना जाता है। इसके बाबजूद रीवा जिले की सगरा थाना प्रभारी अंकिता मिश्रा की एक गाने पर थाने में बनाई गई रील सोशल मीडिया पर खूब प्रसारित हुई थी। अंकिता की रील सामने आने के बाद रीवा डीआइजी राजेश चंदेल अपने जोन के सभी पुलिस अधीक्षकों को रील बनाने वाले पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई के निर्देश जारी किए थे। इसके बाद अब पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) कैलाश मकवाणा ने पुलिस अधिकारियों की वर्चुअल बैठक में इस पर सख्ती से रोक लगाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मियों को अनुशासन में रहना चाहिए। कम से कम वर्दी में रहते हुए रील नहीं बनाएं।

कांग्रेस विधायक दल की बैठक में बनी रणनीति

## किसानों, महिलाओं और युवाओं से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाएगा विपक्ष

**भोपाल, देशबन्धु।** कांग्रेस विधायक दल की बैठक में विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान उठाए जाने वाले मुद्दों और अपनाई जाने वाली रणनीति पर चर्चा हुई।

विधायक दल की बैठक के बाद नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने मजबूती से जनता की आवाज सदन में उठाने को लेकर विधायकों से चर्चा की। बैठक के दौरान हाल ही में मांडू में सम्पन्न हुए नव संकल्प शिविर की सफलता को लेकर सभी विधायकों ने नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार का आभार व्यक्त किया। इसपर श्री सिंघार ने कहा ये हमारी एकजुटता का परिणाम है।

बैठक में कई मुद्दों पर गहन चर्चा हुई जिनमें प्रमुख रूप से आदिवासियों की जमीन बेदखली, भर्ती परीक्षाओं में हुए घोटाले, जातिगत जनगणना समयबद्ध और पारदर्शिता से हो, प्रदेश में बढ़ता भ्रष्टाचार, युवाओं को रोजगार, प्रदेश में बढ़ता ड्रग्स कारोबार,




किसानों को हो रही खाद की किल्लत, महिला अत्याचार, रिक्त पड़े पदों पर जल्द भर्तियों की मांग सहित 27 फीसदी ओबीसी आरक्षण एवं 13 फीसदी पर होल्ड हटाने की मांग को भी सदन में जोरशोर से उठाया जाएगा।

बैठक में एआईसीसी सदस्य कमलेश्वर पटेल, उपनेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे, वरिष्ठ विधायक डॉक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, फूलसिंह बरैया जी, भवरसिंह शेखावत, यादवेंद्र सिंह, पूर्व मंत्री विधायक सचिन यादव और विधायक चंदा गौर सहित कांग्रेस पार्टी के अन्य सभी विधायक मौजूद रहे।


### नाम परिवर्तन सूचना

मैं, KIRTI BEN is legally wedded spouse of ARMY NO 2704591H, RANK- HAV, NAME-DASA HAJABHAI, UNIT- 29 RR BN C/O 56 APO R/O PRAMUKH DARSHAN-2, ANJALI PETROL PUMP, MADHURAM, TIMBAVADI, TEH-JUNAGADH, DISTT- I JUNAGADH, STATE-GUJARAT, PIN-362015, शपथ पूर्वक कथन करती हूँ कि मेरे पति के आर्मी रिकार्ड में मेरा नाम गलत दर्ज हो जाने के कारण मेरा नाम KIRTI BEN से DASA KIRTIBEN HAJABHAI परिवर्तन हुआ है इस आशय का शपथ पत्र साथ में संलग्न है। द्वारा शपथ पत्र दिनाँक 21/05/2025 before Notary, JUNAGADH GUJARAT.

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं, ARMY NO 2704591H, RANK- HAV, NAME- DASA HAJABHAI, UNIT- 29 RR BN C/O 56 APO R/O PRAMUKH DARSHAN-2, ANJALI PETROL PUMP, MADHU-RAM, TIMBAVADI, TEH-JUNAGADH, DISTT- JUNA-GADH, STATE-GUJARAT, PIN-362015, शपथ पूर्वक कथन करता हूँ कि मेरे पुत्र का नाम BHAVYA से DASA BHAVYA HAJABHAI एवं मेरे दूसरे पुत्र का नाम RUDRA से RUDRA HAJA DASA के रुप में परिवर्तन हुआ है इस आशय का शपथ पत्र साथ में संलग्न है द्वारा शपथ पत्र दिनाँक 21/05/2025 before Notary, JUNAGADH GUJARAT.

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं ARMY NO 2708584K, RANK- L/NK, NAME-BIPIN KUMAR SINGH, UNIT-115 INF BDE, R/O VILLAGE- DIGHI, POST- PATAN, TEH-BIGHA-PUR, DISTT UNNAO, STATE-UP PIN-209506 DINESH PRATAP शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरे पिताजी का नाम DINESH PRATAP दर्ज है जो कि गलत है मेरे पिताजी का सही एवं वास्तविक नाम DINESH SINGH है जो कि मेरे पिताजी के आधार कार्ड एवं अन्य कागजातों में दर्ज है, एवं मेरे पिताजी के इस नाम DINESH SINGH को पढ़ा व सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावे।

गलत नाम- DINESH PRATAP
सही नाम- DINESH SINGH

### CHANGE OF NAME

I, RIMPI ISLARI W/O RAHIT SWARGIARY ARMY NO: 15743448M RANK-NK NAME-RAHIT SWARGIARY of unit HQ 1 STC, JABALPUR (MP). P/O KADAMGURI, Village-Betbari, DIST: DHEMAJI STATE: ASSAM PIN: 787034. I have changed my Name from RIMPI ISLARI SWARGIARY to RIMPI ISLARI vide affidavit No. BV 818011 dated 25/07/2025 before Notary, Jabalpur M.P

INCORRECT NAME
RIMPI ISLARI SWARGIARY
CORRECT NAME
RIMPI ISLARI


## मुर्दों के नाम से मजदूरी की रकम हड़पने वाले सरपंच, सचिव गिरफ्तार

### अदालत ने भेजा जेल

**भोपाल, देशबन्धु।** पांच मृत व्यक्तियों की जिंदा बताते हुए उनके नाम से मजदूरी की राशि हड़प करने के मामले में बैरसिया की एक पंचायत के सरपंच और सचिव के खिलाफ धोखाधड़ी और अमानत में खयानत का प्रकरण दर्ज किया गया है। दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

बैरसिया थाने के एएसआइ हरिश्चंद्रसिंह कौरव ने बताया कि अर्रावती पंचायत के लोगों ने एक वर्ष पहले कलेक्टर को शिकायत की थी। उसमें आरोप लगाया था कि सरपंच गंगाराम और सचिव सगन उर्फ छगन यादव मृत व्यक्तियों के नाम से मजदूरी की सरकारी राशि हड़प रहे हैं। कलेक्टर के आदेश पर जनपद के सीईओ ने कमेटी बनाकर मामले की जांच कराई थी। उसमें मिले साक्ष्यों से शिकायत के सत्य होने की पुष्टि हुई। जांच में पता चला कि सरपंच और सचिव ने 22 दिसंबर 2023 से लेकर 19 अप्रैल 2024 के बीच पांच मृत व्यक्तियों के नाम से 16 हजार रुपये की राशि हड़प ली थी। इसके बाद जनपद सीईओ के कार्यालय से बैरसिया थाने में लिखित शिकायत भेजकर कार्रवाई करने को कहा गया था। शिकायत के साथ संलग्न साक्ष्यों के आधार पर सरपंच ग्राम चितऊया निवासी गंगाराम और पंचायत सचिव ग्राम बर्राई निवासी सगन उर्फ छगन यादव के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। इसके बाद उन्हें अदालत में पेश किया गया। जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया।



जबलपुर, सोमवार 28 जुलाई 2025

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# सोने से सजे मंदिर और जर्जर स्कूल, देश का कड़वा सच

राजस्थान के झालावाड़ जिले के एक सरकारी स्कूल की जर्जर इमारत की छत गिरने से सात बच्चों की मौत हो गई और कम से कम 24 बच्चे घायल हैं। सभी बच्चे 6 से 14 वर्ष की आयु के हैं और अनुसूचित जाति, जनजाति के हैं और इतने गरीब घरों से हैं कि उनके अंतिम संस्कार के लिए ढंग से लकड़ियों की व्यवस्था भी न हो सकी और पुराने टायरों को जलाकर चिता में आग लगाई गई। जाहिर है आज के वक्त में गांव के सरकारी स्कूल में केवल वही बच्चे पढ़ने जाते हैं, जिनके मां-बाप के पास निजी स्कूलों का खर्च उठाने की हैसियत नहीं होती। यूं तो निजी स्कूलों में भी पढ़ाई का स्तर सवालों के घेरे में ही है, लेकिन कम से कम उनकी इमारतें इतनी असुरक्षित नहीं रहती कि कभी भी दीवार या छत भरभरा कर गिर जाए। निजी स्कूलों के भी अब कई स्तर हैं, सबसे निचले स्तर के स्कूल कस्बों या झुग्गी-झोपड़ी वाले इलाकों में मिलेंगे, जहां अंग्रेजी के नाम पर ही अभिभावकों को लुभाया जाता है। फिर उनसे ऊपर के स्तर वाले स्कूल होते हैं, जहां निम्न मध्यमवर्गीय परिवार अपने बच्चों को सामाजिक प्रतिष्ठा की खातिर भेजते हैं। साथ में दबी हसरत भी रहती है कि कभी इनका सामाजिक दायरा उच्च मध्यमवर्गीय हो जाएगा। और आखिर में आते हैं मध्यमवर्गीय, उच्च मध्यमवर्गीय स्तरों के लिए पांच-सात सितारा सुविधाओं वाले स्कूल। जिसे आम बोलचाल में क्रीमी लेयर वाला कहा जाता है। यहां की बसों से लेकर कक्षाओं तक में एयर कंडीशनर लगे होते हैं, स्कूलों के भीतर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बने रहते हैं, इनके कैंटीन में बहुराष्ट्रीय कंपनियों के उत्पाद मिलते हैं और शौचालय से लेकर पुस्तकालय, सांस्कृतिक भवन, खेलने के मैदान सब की उच्चस्तरीय सुविधाएं मिलती हैं। बदले में एक-एक बच्चे से महीने की लाखों की फीस वसूली जाती है। उच्च मध्यमवर्ग इसे आराम से भरता है और मध्यमवर्ग अपनी जरूरतों को काटकर या फिर कमाई को बढ़ाने के लिए गलत तरीके अपना कर फीस का इंतजाम करता है।

भारतीय समाज में शिक्षा व्यवस्था में व्याप्त यह वर्गभेद अब इतना सामान्य मान लिया गया है कि इस पर किसी के माथे पर शिकन नहीं आती कि हमने अपने भविष्य के नागरिकों को किस चक्रव्यूह में फंसा दिया है। ऐसे समाज में अगर सात बच्चों की अकाल मौत पर भी कोई व्यापक प्रतिक्रिया न हो, तो उसमें क्या आश्चर्य करना। समाज का यूं आत्मकेन्द्रित होना ही सरकार को इस बात की सुविधा देता है कि वह अपनी जिम्मेदारियों से पल्ला झाड़ ले और पूरे वक्त चुनाव प्रचार की मानसिकता से काम करे। अखबारों और टीवी पर रोजाना तस्वीरें आती हैं जिनमें प्रधानमंत्री किसी न किसी चीज का उद्घाटन करते, शिलान्यास करते दिखाई देते हैं। नौबत ऐसी आ चुकी है कि अब ट्रेन को हरी झंडी दिखाने से लेकर सफाई कर्मियों को झाड़ू बांटने तक हरेक काम को प्रचार आयोजन की तरह किया जाता है। जबकि इन्हीं कामों के लिए प्रशासन बना है, अधिकारियों-कर्मचारियों को काम करने की ही तनख्वाह मिलती है। इसमें न किसी प्रचार का काम है, न नेताओं-मंत्रियों का। प्रशासन से काम करवाने के लिए शासन की बागडोर जिनके हाथों में है, उन्हें भी काम करना होगा। लेकिन अब काम से किसी को कोई मतलब नहीं दिखता, केवल फोटो खिंचवाने से मतलब है। इसलिए झालावाड़ में स्कूल की छत गिरने से मृत बच्चों के परिजनों से मिलते नेताओं की तस्वीरें हैं, अस्पताल जाकर घायल बच्चों से मिलते नेताओं की तस्वीरें हैं, लेकिन इस एक घटना से सबक लेकर अब राज्य के बाकी सरकारी स्कूलों का निरीक्षण कर सुधार करवाते नेताओं की तस्वीरें नहीं हैं। क्योंकि सरकार को पता है कि जनता भी हमसे तभी जवाब मांगेगी, जब कोई बड़ी घटना हो जाएगी। दो-चार दिन के हल्ले के बाद सवाल उठने भी बंद हो जाएंगे और जनता फिर किसी नए तमाशे में उलझा दी जाएगी। अगर जनता सचेत रहती तो सरकार से जवाब मांगती कि राज्य सरकार ने पिछले 5 साल में 1675 करोड़ रुपये की घोषणा सरकारी स्कूलों में सुधार और उन्नयन के लिए मंजूर किए हैं, इतने रुपयों का आखिर हिसाब क्या है। ये कहां खर्च हुए और अगर नहीं हुए तो फिर कहां गए। जैसे बिहार में अभी कैग की रिपोर्ट से पता चला है कि 71 हजार करोड़ रुपयों का कोई हिसाब ही नहीं है कि ये किस तरह इस्तेमाल हुए हैं। जो हाल बिहार का है, बाकी राज्यों का भी उससे अलग नहीं होगा। लेकिन कौन सा नेता मस्जिद में गया, किसने किसको जन्मदिन की बधाई दी, किसके यहां आम की दावत हुई ऐसी फिजूल खबरों में देश को मगन रखा जा रहा है। कभी सरकारी स्कूलों में पढ़ाई के गिरते स्तर या संसाधनों की कमी जैसे मुद्दों पर बात आती है, तो उन्हें भी टालने के लिए नए उपक्रम किए जाते हैं। कभी मुख्यमंत्री सरकारी स्कूलों के बच्चों से मिलेंगे, कभी लैपटॉप, साइकिल देने की घोषणाएं होंगी और प्रधानमंत्री मोदी का हर साल परीक्षा पे चर्चा का कार्यक्रम तो रहता ही है। जिसमें लाखों करोड़ खर्च कर दिए जाते हैं ताकि नन्हे बच्चों को भाजपा और नरेन्द्र मोदी का मुरीद बनाया जाए। 2022 की नरेन्द्र मोदी की गुजरात यात्रा की वो तस्वीर भी पाठकों को याद होगी, जिसमें वे एक स्कूल की कक्षा में विद्यार्थियों के साथ बैठे हैं। बाद में पता चला कि वह पूरा सेट सजाया गया था। यानी सब कुछ नकली था, केवल प्रधानमंत्री असली थे। जब देश के प्रधानमंत्री असली कक्षा में बैठने की जहमत न उठा सकें तो फिर कैसे उम्मीद रखी जाए कि इस देश में झालावाड़ जैसी घटनाएं आगे नहीं होंगी। कुछ समय पहले एआई से बने बंदर लीला योगी का एक वीडियो आया था, जिसमें मंदिरों के सोने से सजे होने और स्कूलों की छत टपकने की विडंबना का जिक्र किया गया था। उम्मीद नहीं थी कि उस व्यंग्य की त्रासदी इतनी जल्दी, इस तरह से सामने आएगी।

# लालू यादव को चोर अपराधी कहना भाजपा को भारी पड़ेगा!



शकील अख्तर

लालू यादव बिहार में ही नहीं, पूरे देश में सामाजिक न्याय के सबसे बड़े योद्धा के रूप में हैं। नेता वह होता है जो परिवर्तन को सामने लाकर दिखाए और वह भी समाज में। जो सबसे मुश्किल होता है। राजनीति में कानून में सिद्धांत में बहुत सारी क्रांतियां आती हैं। मगर समाज में उन्हें लागू करना और आपके सामने सबसे बड़ी बात होती है। बिहार में जमींदारी प्रथा का उन्मूलन सबसे कम हुआ है।

बिहार ही एक ऐसा राज्य है जहां प्रधानमंत्री मोदी ने हमेशा मुंह की खाई है। 2014 लोकसभा की बड़ी जीत के बाद मोदी जी 2015 में बिहार विधानसभा चुनाव हारे। इसके बाद 2020 में महागठबंधन को चुनाव मैदान में नहीं मतगणना केन्दों में हराया गया। एनडीए और महागठबंधन दोनों के 37- 37 प्रतिशत वोट थे। साढ़े सात करोड़ वोटों में केवल 12 हजार का अंतर। वह भी मतपेटियों में नहीं था मतगणना में मैनेज करवाया गया। देर रात तक गिनती जारी रखी गई। कहीं मशीन खराबी के नाम पर कहीं बिजली न होने के नाम पर और कहीं विवाद के नाम पर।

नहीं तो आजकल ईवीएम से गिनती पर शाम से पहले फाइनल रिजल्ट आ जाता है। इतने प्रयासो के बाद भी एनडीए को बहुमत से केवल 3 सीटें ही ज्यादा मिलीं। 243 की विधानसभा में बहुमत के लिए 122 सीटों की जरूरत थी। और रात भर गिनती के बाद एनडीए केवल 125 ही ला पाया। फिर भी सबसे बड़ी पार्टी आरजेडी ही रही। 75 सीटों के साथ। और उसके पूरे गठबंधन को 110 सीटें मिलीं।

40 सीटों पर जीत-हार का अंतर साढ़े तीन हजार वोटों से कम था और 11 सीटों पर एक हजार से कम। और इन कम अंतर वाली सीटों में देर रात तक गिनती करके इसका फायदा एनडीए को पहुंचाया गया। कम अंतर वाली सीटों में से 17 सीटों का तेजस्वी ने पूरे तथ्य इकट्ठे करके बताया था कि यहां किस तरह महागठबंधन को हराया गया।

2025 के चुनाव में जा रहे महागठबंधन को 2015 और 2020 के चुनाव याद रखना चाहिए। इससे उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा। और यह समझ में आएगा कि बिहार में बीजेपी को हराना मुश्किल नहीं है बशर्ते कि वे सिर्फ इसी एक उद्देश्य को लेकर लड़ें कि उन्हें रोकना है। हिन्दी भाषी प्रदेशो में एकमात्र बिहार ही ऐसा बचा है जहां भाजपा कभी अपना मुख्यमंत्री नहीं बना पाई है। मोदी जी के लिए संभवत: यह आखिरी मौका होगा! क्योंकि 2030 के अगले विधानसभा चुनाव में वे प्रधानमंत्री हों न हों कोई नहीं जानता। वे 80 वर्ष के हो चुके होंगे।

अभी सितंबर में 75 के होने पर तो आरएसएस की तरफ से उन पर सवाल शुरू हो गए हैं। सर संघचालक मोहन भागवत ने कहा है कि 75 का होने पर बाजू हो जाना चाहिए। लेकिन वे फिर इससे पलट भी गए हैं कि मोदीजी के लिए नहीं कहा था।

खैर वह उनके आन्तरिक सत्ता संघर्ष का मामला है। मगर जो काम 65 साल ( 2015 चुनाव) 70 साल ( 2020 चुनाव) में नहीं कर पाए जब कि उन दोनों समयों पर वे अपने शीर्ष पर थे तो अब जब उनका उतार का समय है तो शायद आखिरी चांस!

तो वे मोदीजी भी अपनी पूरी ताकत से लड़ेंगे और ताकत से मतलब हर हरबा इस्तेमाल करेंगे। जैसा अभी विशेष गहन पुनरीक्षण ले आए हैं। जिसमें करीब 80 लाख वोट कटने की आशंका है। ऐसे में महागठबंधन को भी पूरी ताकत लगानी होगी और उसकी पूरी ताकत का मतलब है आपस में नहीं लड़ना। ऊपर से देखने में लग रहा है कि महागठबंधन एक है। मगर अंदर ही अंदर पहले सीटों के बंटवारे को लेकर बहुत मतभेद हैं और फिर दिल से तेजस्वी का नेतृत्व मानने पर। जो लोग अंदर की बात जानते हैं उन्हें मालूम है कि कांग्रेस के कुछ नेता तेजस्वी को तो छोड़िये लालू यादव पर भी टीका टिप्पणी कर रहे हैं। बीजेपी के सुर में सुर मिलाकर कहते हैं कि हां जंगल राज तो था। अगर इसी तरह के मैसेज वह देते रहे तो बीजेपी की राह आसान हो जाएगी। दो ही मुद्दों पर यह चुनाव जाएगा। एक जो महागठबंधन को सूट करता है वह है लालू का अपमान।

भाजपा जिस गंदे तरीके से लालू यादव को अपराधी चोर बोल रही है और उससे भी ज्यादा इसमें युवा तेजस्वी को लपेट कर कि उनके पिता ऐसे हैं उन्हें अपने हाथ पर लिखवा लेना चाहिए जैसा एक फिल्म में अमिताभ बच्चन के लिखा था, कह रही है वह उन्हें भारी पड़ सकता है।

लालू यादव बिहार में ही नहीं, पूरे देश में सामाजिक न्याय के सबसे बड़े योद्धा के रूप में हैं। नेता वह होता है जो परिवर्तन को सामने लाकर दिखाए और वह भी समाज में। जो सबसे मुश्किल होता है। राजनीति में कानून में सिद्धांत में बहुत सारी क्रांतियां आती हैं। मगर समाज में उन्हें लागू करना और आपके सामने सबसे बड़ी बात होती है। बिहार में जमींदारी प्रथा का उन्मूलन सबसे कम हुआ है। एक तरफ हजारों बीघा के भूस्वामी है और दूसरी तरफ देश के सबसे ज्यदा भूमिहीन। भूमिहीनों पर सबसे ज्यादा अत्याचार वहीं हुए हैं। बड़े-बड़े नरसंहार। और यह बताने की जरूरत नहीं है कि भूमिहीन सब दलित, महादलित, पिछड़े, अति पिछड़े हैं।

सामाजिक रूप से जिन्हें खटिया पर बैठने तक का अधिकार नहीं था। लालू ने यह दिलाया। सामंतों के सामने बैठने लगे। स्वाभिमान आया। और यही मनुवादियों की सबसे तकलीफ है। लेकिन उनकी इस तकलीफ को महागठबंधन अपनी सबसे बड़ी ताकत बना सकता है।

उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का विधानसभा में तेजस्वी से यह कहना कि तुम्हारा बाप अपराधी है और बाहर यह कहना कि जैसे फिल्म में अमिताभ के हाथ पर लिखा वैसा ही तेजस्वी को लिखा लेना चाहिए कि मेरा बाप चोर है सबसे बड़ा मुद्दा बन सकता है। यह हमला लालू और तेजस्वी पर नहीं है बल्कि सामाजिक न्याय पर है। और अगर यह संदेश महागठबंधन देने में सफल हो गया तो भाजपा चुनाव आयोग के जरिए कितनी ही गड़बड़ करवा ले गरीब कमजोर जनता अपना जो सामाजिक सम्मान मिला है उसकी खातिर हिम्मत से सामने आ जाएगी।

दूसरे मुद्दे जिसका हमने ऊपर जिक्र किया वह है भाजपा द्वारा प्रचारित जंगल राज। वह इसे केन्द्र में लाना चाहती है। अब यह देखना कांग्रेस का काम है कि भाजपा के इस मुद्दे को उसका कौन-कौन सा नेता हवा दे रहा है। प्रचार तंत्र भाजपा के पास है इसलिए जंगल राज का मुद्दा ज्यादा हवा में तैरेगा। और जब धीरे से कोई कांग्रेसी नेता फुसफुसा कर बताएगा तो फिर इस मुद्दे के पंख लग जाएंगे।

लड़ाई कांग्रेस की बड़ी है। देशव्यापी असर जाएगा। बिहार में अगर मोदी जीत गए तो पहलगाम के आतंकवादी हमले जिसमें अभी तक एक भी नहीं पकड़ा गया, अचानक सीजफायर और ट्रंप के 26 बार दावे जिनका प्रधानमंत्री मोदी एक बार भी जवाब नहीं दे पाए, से गिरा उनका ग्राफ फिर से चढ़ जाएगा। राजद के हारने से उसे कोई ज्यादा प्रभाव नहीं पड़ेगा। बिहार में वह बड़ी ताकत बनी रहेगी। लेकिन दांव बड़ा ज्यादा कांग्रेस का है। क्यों कि इसके बाद 2026 के सभी पांच राज्यों पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, असम, केरल और पुदुचेरी के विधानसभा चुनाव उसके लिए और मुश्किल हैं। बिहार में गठबंधन के साथ जीतकर वह 2026 के चुनावों में गठबंधन के महत्व पर ज्यादा बात कर सकती है और कमजोर मोदी को जहां मुख्य मुकाबला जैसे असम में उसी का है वह रोक सकती है।

अभी लोग सवाल करेंगे कि चुनाव आयोग ऐसा है, इतने वोट काटे जा रहे हैं! होगा। जब तक मोदी हैं आपको लेवल प्लेइंग फील्ड नहीं मिलेगी। उसके खिलाफ लड़िए। जो जितने भी संवैधानिक तरीके हैं सबसे। मगर अपना घर भी ठीक करते रहिए। हरियाणा और राजस्थान में चुनाव आयोग ऐसा था, कारण से बड़ा कारण कांग्रेस की आंतरिक कलह थी। जिससे जीती बाजी भी हारे।

# चुनाव आयोग पर बिहार में भाजपा की जीत सुनिश्चित करने की साजिश का आरोप

डॉ. ज्ञान पाठक

बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत 25 जुलाई,को मतदाता प्रपत्र और दस्तावेज़ जमा करने के अंतिम दिन यह स्पष्ट हो गया कि 60 लाख से अधिक नाम मतदाता सूची से हटाए जाने हैं, जबकि नए नाम 1 अगस्त को मतदाता सूची के प्रारूप के प्रकाशन के बाद ही पता चलेंगे।

पूरा विपक्ष आरोप लगा रहा है कि भारत के चुनाव आयोग ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के साथ मिलकर बिहार में भाजपा की जीत सुनिश्चित करने के लिए, मौजूदा मतदाताओं के नाम हटाकर और राज्य के बाहर से नए मतदाताओं को जोड़कर, साजिश रची है, जैसा कि उसने 2024 में हरियाणा,दिल्ली और महाराष्ट्र में हुए चुनाव में पहले भी किया था। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने 'वोट चोरी' का आरोप लगाया है और कर्नाटक के एक चुनिंदा लोकसभा क्षेत्र का उदाहरण देकर इसका प्रमाण देने की घोषणा की है।

भारत के चुनावी इतिहास में स्वतंत्र भारत में चुनाव आयोग पर ऐसा आरोप पहले कभी नहीं लगाया गया था। विपक्ष से लेकर इंडिया ब्लॉक के सभी राजनीतिक दलों ने आरोप लगाया है कि चुनाव आयोग देश में चुनावों में भाजपा की जीत सुनिश्चित करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के साथ मिलकर साजिश रच रहा है। मतदाता सूची में हेराफेरी का मामला सबसे पहले अशोका विश्वविद्यालय के एक शोध कार्य में सामने आया था, जिसमें शोधार्थी ने कहा था कि उन्हें 2019 के आम चुनाव में 'मतदाता सूची में हेराफेरी' और 'चुनाव परिणामों में हेरफेर' के सुबूत मिले हैं। शोध पत्र में यह भी कहा गया था कि शुरुआती मतदान के आंकड़ों और अंतिम आंकड़ों के बीच बड़ा अंतर था।

बिहार के कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावरु ने आरोप लगाया है कि चुनाव आयोग के अधिकारियों ने मतदाताओं के सत्यापन की समुचित प्रक्रिया का पालन नहीं किया और वे जिन प्रमाणपत्रों की मांग कर रहे हैं, वे लोगों के पास हैं ही नहीं। और लोगों के पास जो दस्तावेज़ हैं, जैसे आधार, राशन कार्ड और मतदाता पहचान पत्र, उन्हें चुनाव आयोग स्वीकार नहीं करता। उन्होंने आरोप लगाया कि 'यह प्रक्रिया वोट और चुनाव चुराने के लिए है।'

2023 के बाद से होने वाले कई चुनावों में विपक्ष द्वारा डाले गए मतों के आंकड़ों में हेरफेर का मुद्दा भी उठाया गया, जिसमें राज्य चुनाव और 2024 के लोकसभा चुनाव शामिल हैं। राहुल गांधी ने विस्तार से बताया है कि कैसे भाजपा की जीत सुनिश्चित करने के लिए चुनावों में हेरफेर किया जाता है, खासकर 2024 के महाराष्ट्र चुनाव में। उन्होंने आरोप लगाया कि सुबूत छिपाने और नष्ट करने के लिए कानूनों में भी बदलाव किया गया।

चुनाव आयोग ने कहा है कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि चुनाव याचिका दायर करने के बजाय, उन्होंने न केवल 'निराधार आरोप' लगाए हैं, बल्कि एक संवैधानिक संस्था को 'धमकी देने' का भी विकल्प चुना है।

फिर भी, राहुल गांधी ने कहा, 'यह एक गंभीर मामला है। चुनाव आयोग उस तरह से काम नहीं कर रहा है जैसा उसे करना चाहिए। आज उन्होंने एक ऐसा बयान दिया जो पूरी तरह से बकवास है। असल बात यह है कि चुनाव आयोग अपना काम नहीं कर रहा है। अब हमारे पास कर्नाटक की एक सीट पर चुनाव आयोग द्वारा धोखाधड़ी की अनुमति देने के ठोस, 100 प्रतिशत सुबूत हैं। हमने अभी एक निर्वाचन क्षेत्र का निरीक्षण किया है और हमें यह मिल गया है। मुझे पूरा यकीन है कि यह नाटक निर्वाचन क्षेत्र दर निर्वाचन क्षेत्र हो रहा है। हज़ारों नए मतदाता पंजीकृत किए गए और सूची से हटाये गये। हमने उन्हें पकड़ लिया है। मैं चुनाव आयोग को एक संदेश देना चाहता हूं: अगर आपको लगता है कि आप इससे बच निकलेंगे, तो आप गलत हैं। हम आपके पीछे आ रहे हैं।'

मतदाता सूची में मतदाताओं के नाम हटाने और जोड़ने की इसी पृष्ठभूमि में, बिहार के लिए एसआईआर का विपक्षी राजनीतिक दलों द्वारा पुरज़ोर विरोध किया जा रहा है। भारतीय संसद के अंदर और बाहर, दोनों जगह, इंडिया ब्लॉक पार्टियां बिहार के लिए एसआईआर का विरोध कर रही हैं और इसके खिलाफ प्रदर्शन कर रही हैं। बिहार में भी यही स्थिति है, जहां इंडिया ब्लॉक पार्टियां विधानसभा के अंदर और बाहर विरोध प्रदर्शन कर रही हैं। पिछले चार दिनों में राज्यसभा, लोकसभा और विधानसभा में कई विरोध प्रदर्शन, व्यवधान और स्थगन हुए हैं।

फिर भी, चुनाव आयोग ने सभी राज्यों के लिए एसआईआर कराने की अपनी मंशा जाहिर की है और उसने इसके लिए अपनी मशीनरी को पहले ही सक्रिय कर दिया है। माना जा रहा है कि अगला निशाना पश्चिम बंगाल होगा, जहां अगले साल चुनाव होने हैं। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने धमकी दी है कि पश्चिम बंगाल में इसे अनुमति नहीं दी जाएगी। मतदाता प्रपत्र और दस्तावेज़ जमा करने की अंतिम तिथि की पूर्व संध्या पर चुनाव आयोग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, 99 प्रतिशत मतदाताओं को पहले ही कवर किया जा चुका है। उन्होंने पाया है कि 21.6 लाख मतदाता मृत हैं, 31.5 लाख मतदाता स्थायी रूप से पलायन कर गए हैं, 7 लाख मतदाता एक से अधिक स्थानों पर पंजीकृत हैं, एक लाख मतदाता लापता हैं, और 7 लाख से कम मतदाताओं के फॉर्म अभी भी प्राप्त नहीं हुए हैं ड्राफ्ट मतदाता सूची 1 अगस्त को प्रकाशित की जाएगी और इसकी प्रतियां 12 राजनीतिक दलों को उपलब्ध कराई जाएंगी। छूटे हुए नामों पर दावे और गलत नाम शामिल होने पर आपत्ति 1 सितंबर तक स्वीकार की जाएंगी और अंतिम संशोधित मतदाता सूची 30 सितंबर को प्रकाशित की जाएगी। अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन के कुछ दिनों बाद, चुनावों की घोषणा की जाएगी ताकि 22 नवंबर को बिहार विधानसभा की समाप्ति से पहले इसे पूरा किया जा सके। एक बार चुनाव प्रक्रिया शुरू हो जाने के बाद, जिन मतदाताओं के नाम हटा दिए जाएंगे, उन्हें निवारण का कानूनी अवसर भी नहीं मिलेगा।

भारत का सर्वोच्च न्यायालय 28 जुलाई को, अर्थात 25 जुलाई की अंतिम तिथि के तीन दिन बाद, एसआईआर के खिलाफ कई याचिकाओं पर सुनवाई करेगा। मामले की सुनवाई कर रही पीठ ने चुनाव आयोग से आधार कार्ड, राशन कार्ड और मतदाता फोटो पहचान पत्र को प्रमाण के रूप में मानने का आग्रह किया था, जिसे चुनाव आयोग ने स्वीकार नहीं किया।

राजद के नेतृत्व वाले बिहार में महागठबंधन के नाम से ज्ञात इंडिया ब्लॉक ने एसआईआर के खिलाफ और मतदाता सूची की जांच के लिए बिहार के हर निर्वाचन क्षेत्र में अपना अभियान शुरू कर दिया है। एक सवाल के जवाब में, राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा है कि वे चुनाव का बहिष्कार करने पर भी विचार कर सकते हैं। कांग्रेस ने कहा है कि उनके लिए सभी विकल्प खुले हैं।

भाजपा ने बांग्लादेशियों का मुद्दा उठाया है और वायदा किया है कि किसी भी बांग्लादेशी मुस्लिम घुसपैठिए का नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं किया जाएगा। चुनाव आयोग पहले ही कह चुका है कि उन्हें मतदाता सूची में बड़ी संख्या में अवैध बांग्लादेशी और नेपाली आप्रवासी मिले हैं। गौरतलब है कि इसी चुनाव आयोग को 29 अक्टूबर, 2024 से 6 जनवरी, 2025 के बीच हुए पिछले मतदाता सूची संशोधन में केवल डेढ़ हजार कथित विदेशियों के विरुद्ध आपत्ति आवेदन प्राप्त हुए थे। चुनाव आयोग के एक अधिकारी के अनुसार, ऐसी कुछ ही आपत्तियों की पुष्टि हुई।

विपक्ष का कहना है कि बड़ी संख्या में मुसलमानों, दलितों और अन्य पिछड़े वर्गों के आवेदन जानबूझ कर जमा नहीं किए गए और उन्हें संदिग्ध मानकर अलग रखा गया ताकि उन्हें मतदान में भाग लेने से रोका जा सके। विपक्षी नेताओं का दावा है कि भाजपा को उन पर शक है कि वे उनके मतदाता नहीं हैं, जिससे चुनाव परिणाम भाजपा के पक्ष में जा सकते हैं। बिहार के कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावरु ने आरोप लगाया है कि चुनाव आयोग के अधिकारियों ने मतदाताओं के सत्यापन की समुचित प्रक्रिया का पालन नहीं किया और वे जिन प्रमाणपत्रों की मांग कर रहे हैं, वे लोगों के पास हैं ही नहीं। और लोगों के पास जो दस्तावेज़ हैं, जैसे आधार, राशन कार्ड और मतदाता पहचान पत्र, उन्हें चुनाव आयोग स्वीकार नहीं करता। उन्होंने आरोप लगाया कि 'यह प्रक्रिया वोट और चुनाव चुराने के लिए है।' विपक्षी इंडिया ब्लॉक के घटक दल एसआईआर को न केवल बिहार में, बल्कि पूरे भारत में संसदीय लोकतंत्र के लिए एक ख़तरा मानते हैं।

एक और उभरता ख़तरा राष्ट्रीय नागरिकता रजिस्टर (एनआरसी) को पिछले दरवाज़े से लागू करना, हटाए गए मतदाताओं को हिरासत में लेना, और बड़ी संख्या में राज्यविहीन लोगों का निर्माण है, क्योंकि अगर वे अपनी नागरिकता साबित नहीं कर पाते, तो कोई भी देश उन्हें स्वीकार नहीं करेगा। बंदूक की नोंक पर उन्हें दूसरे देशों में धकेलना और फिर उनके द्वारा भारत में धकेलना एक बड़ा मानवीय संकट पैदा करेगा। नागरिकता का प्रमाण देने की ज़िम्मेदारी लोगों पर डाल दी गई है, हालांकि केंद्रीय गृह मंत्रालय खुद यह साबित नहीं कर पा रहा है कि वे भारत के नागरिक नहीं थे। भारत के सर्वोच्च न्यायालय को इस मुद्दे को केवल बिहार के लिए मतदाताओं की सूची बनाने के मामले से आगे बढ़कर व्यापक परिप्रेक्ष्य में देखना होगा। पिछली सुनवाई में, पीठ ने कहा था कि नागरिकता का निर्धारण चुनाव आयोग के अधिकार क्षेत्र में नहीं, बल्कि केंद्रीय गृह मंत्रालय के अधीन है। फिर भी, चुनाव आयोग ने सर्वोच्च न्यायालय के हर सुझाव को नज़रअंदाज़ कर दिया और खुद को क़ानून की तरह पेश किया। देश 28 जुलाई को होने वाली सर्वोच्च न्यायालय की सुनवाई का इंतज़ार कर रहा है।

## ललित सुरजन की कलम से



### स्मार्ट सिटी : शहर और सपना

*सेमिनार देश की एक प्रतिष्ठित पत्रिका है। इसमें हर माह किसी एक विषय पर केन्द्रित विद्वतापूर्ण लेख प्रकाशित होते हैं। इस पत्रिका का जून अंक मेरे सामने है, जो बंगलुरु की दुर्दशा पर केन्द्रित है। पत्रिका ने शीर्षक में ही कटाक्ष किया है- 'बैंगलोर्स ग्रेट ट्रांसफार्मेशन' याने 'बंगलोर का अपूर्व कायाकल्प'। ध्यान दीजिए कि सेमिनार ने सरकारी नाम बंगलुरु के बजाय जबान पर चढ़े प्रचलित नाम बंगलोर का ही प्रयोग किया है। संदेश साफ है कि नाम बदल देने से किसी स्थान की किस्मत नहीं बदल जाती। इस संदर्भ में ताजा उदाहरण गुड़गांव का है। किसी जमाने में गुड़ की मंडी थी तब उसका नाम बदलना किसी को नहीं सूझा। कारपोरेट के चमचमाते दफ्तर खुल गए, आलीशान इमारतें खड़ी हो गईं, अभिजात कालोनियां बन गईं तो नीति-निर्माताओं को गुरु द्रोणाचार्य याद आ गए और देहाती नाम वाले गुड़गांव का नामकरण संस्कृतनिष्ठ गुरुग्राम हो गया। हरियाणा सरकार को ध्यान नहीं रहा कि द्रोणाचार्य महाभारत में धर्मराज नहीं, कौरवों के साथ थे। जो भी हो, नाम बदलने के बाद भी गुड़गांव स्मार्ट सिटी तो नहीं बन पाया। वहां की अव्यवस्था के किस्से आए दिन सुनने मिलते हैं।*

( देशबंधु में 03 अगस्त 2017 प्रकाशित )

## गुरवाणी विचार

### जिन हरि हिरदै नाम न बसिओ मात कीजै हर बांझा

सुपने सेती चित मूरखि लाइआ
बिसरे राज रस भोग जागत भखलाइआ
आरजा गई बिछाये धंधे पाइआ
पूरन भये न काम मोहिआ भाइआ
किआ बेचारा जंत जा आप भुलाइआ।

ये पंक्तियां गुरु ग्रंथ साहिब के 707 अंग में सुशोभित है। इन पंक्तियों द्वारा पांचवें नानक गुरु अर्जुन देवजी मानव मन समझाईश देते हुए फरमा रहे हैं कि हर इंसान इस धरा पर श्वांसों की कुछ पूंजी देकर भेजा गया है। जैसे ही श्वांसों की पूंजी खत्म हुई कि उसी क्षण इस असार संसार से कूच करना पड़ेगा अर्थात हमारा यह जीवन एक सुपने की तरह है पर हम हैं कि इस सपने से ही प्यार कर बैठे हैं। इस तरह इंसान जागते हुए भी गफलत बनकर बैठा हुआ है और सांसारिक सुखों की प्राप्ति हेतु विषय विकारों में धंसता चला जा रहा है। इस बात को हमें अच्छी तरह गांठ बांध लेना चाहिए कि देखते देखते ही हमारे बड़े बुजुर्ग, इस संसार विदा हो चुके हैं और वे अपने साथ कुछ भी नहीं लेकर गये। सब कुछ यहीं धरा पर रह गया। जमीन, जायदाद,घर-बंगले, धन दौलत कुछ भी साथ नहीं गया। यहां तक कि हमारा यह शरीर भी साथ नहीं गया। शरीर से प्राण अलग होते ही वह भी मिट्टी की ढेरी होकर रह गया और इस शरीर को फिर एक क्षण भी कोई रखने को तैयार नहीं होता- एक घड़ी कोऊ नहीं राखे काढ़ो काढ़ो होई।

फिर भी हम दौलत कमाने में इतने मशगूल हो जाते हैं कि प्रभु बंदगी में ध्यान नहीं देते। कहा भी गया है कि-

गो धन गज धन वाज धन और रतन धन।
जब आवै संतोष धन सब धन धुरि समान।।

संतोष भी हमें तब प्राप्त होता है जब हम प्रभु सिमरन बंदगी कर प्रभु मंरत को अपनी आत्मा में विराजमान देख पाएंगे क्योंकि अगर सिमरन बंदगी में मन नहीं रमाया तो धर्मराज की कचहरी में यमदूतों की मार से हमें कोई बचाने वाला नहीं होगा।

राम सिमर पछताएगा, मन राम सिमर।
सिमरन भजन दया नहीं कीती
तां मुख चोटां खाएगा।

प्रभु सिमरन करते रहने पर ही हम इस संसार में सुखपूर्वक जीवनयापन कर पाएंगे। इसलिए हमें हर वक्त प्रभु परमात्मा से विनती करते रहना चाहिए। हे प्रभु परमात्मा हम पर अपनी कृपादृष्टि डालो ताकि हमारा मन बंदगी सिमरन में लगे रहें। गुरुवाणी तो हमें यहां तक शिक्षा देती है कि हमने मानव जीवन पाकर भी प्रभु बंदगी में मन नहीं रमाया तो फिर हमारे से ज्यादा मूरख और कोई नहीं। गुरुदेव तो हमें यहां तक कहा है कि उस मां को बांझ रह जाना चाहिए जिसके पुत्र ने सांसारिक मोह माया में फंस कर अपना हीरे जैसा जनम व्यर्थ गंवा देता है और प्रभु बंदगी में मन नहीं लगाता।

जिन हरि हिरदै नाम न बसिओ।
मात कीजै हर बांझा।

आाखिरी पंक्तियों में गुरुदेव समझा रहे हैं माया मोह और भोग विलास की इस अंधी दौड़ में सारी उमर ही बीत जाती है पर ये सांसारिक काम काज फिर भी पूरे नहीं होते और इंसान माया मोह में फंसा रह जाता है। जब हमारा मन प्रभु भक्ति में लग जाता है तभी हमें पूर्ण आनंद की प्राप्ति होते रहती है।

-इंदर सिंह आहुजा

## आपके पत्र

### आत्महत्या और उनमें बढ़ते मेंटल हेल्थ पर सुप्रीम कोर्ट ने चिंता जताई

छात्र-छात्राओं में विलक्षण क्षमतायें विद्यमान है। उनका सही रूप से उपयोग हो। यह सत्य है कि आज के छात्र आत्महत्या कर रहे हैं वह अपनी क्षमताओं का दुरुपयोग कर रहे हैं। आज परिवार,समाज ओर राष्ट्र का जो अंतर हृदय है,वह अत्यंत आंदोलित एवं उद्वेलित है। अभी सुनने में आ रहा है कि छात्र ने आत्महत्या कर दी। त्वरित आत्महत्या का निर्णय किसी भी समस्या का समाधान नहीं है। युवाओं से परिवार राष्ट्र और समाज को कई अपेक्षाएं हैं। छात्र को मनोयोग से साथ अध्ययन करना चाहिए। अर्जित किया गया ज्ञान जीवन के आचरण के रूप में लाये। आचरण से ही जीवन उत्कृष्ट बनता है। लेकिन समाज में इसके विपरीत हो रहा है। आज समाज का नक्शा ही बदल गया है। देश में 1 लाख 70 हजार आत्महत्या के केस दर्ज हुए है।

वर्तमान में शिक्षा का स्तर कैसे गिरता जा रहा है। आज का दौर भयावह है। स्कूल से महाविद्यालय में जाने वाले छात्रों से परिवार समाज की उम्मीदें जुड़ी हुई होती है। सफलता की दहलीज पर खड़े विद्यार्थियों आत्महत्या की तरफ बढ़ता है तो यह उस सिस्टम की नाकामी है, जिस पर अपेक्षा के मुताबिक ध्यान नहीं दिया जाता है। छात्र-छात्राओं के मनोवेगों को माता-पिता या शिक्षक ही जान पाते हैं। लेकिन उन के मन की स्थिति पर नहीं। माता-पिता का ध्यान रहता है और न ही अध्यापकगण इस गंभीर पीड़ा को भांप पाते हैं। अभी हाल ही में खड़गपुर आईआईटी छात्र ने सुसाइड कर लिया। दूसरा नोयडा की शारदा यूनिवर्सिटी की छात्रा ज्योति शर्मा ने आत्महत्या कर ली। आखिर बच्चे अपने आत्महत्या का निर्णय क्यों ले लेते हैं। आत्महत्या से माता-पिता टूट से जाते हैं। ये घटना इस बात का सबूत है कि छात्रों के जीवन में कुछ तो कमी है। उसको मनोवांछित सफलता नहीं मिलती है तो वे आत्महत्या कर लेते हैं। कई बार जनरेशन पर हम ऐसा दबाव बना लेते हैं कि आज की पीढ़ी बर्दाश्त नहीं कर सकती है और उसके चलते आत्महत्या उनको अंतिम विकल्प लगता है। माता-पिता बड़ी आशाओं के साथ बच्चों को कॉलेज भेजते है। लेकिन उनके किए कराये पर पानी फेर दिया जाता है। बच्चों के साथ माता पिता समय साझा कर उनकी समस्या को नजरअंदाज करने की बजाय सुलझाने की कोशिश करनी चाहिए। बच्चों से ज्यादा दुनिया में कुछ नहीं है। बच्चों की आत्महत्या पर सुप्रीम कोर्ट ने संज्ञान लेकर कहा कि कुछ तो गड़बड़ है, जिससे छात्र-छात्राएं आत्महत्या कर रहे हैं। विशाखपट्नम में छात्रा की मौत की जांच सीबीआई से कराने की मांग की गई है। जहां तक असली कारण नहीं तलाशा जाएगा, वहां तक बच्चों की समस्याओं का हल नहीं निकल सकता। सुप्रीम कोर्ट ने आत्महत्या के साथ मेंटल हेल्थ को भी केंद्र में रखकर जांच का आदेश दिया है। यह भावी पीढ़ी के लिए बहुत घातक है। देश में 15 गाइडलाइन तैयार की गई है। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने दु:ख जताते हुए कहा कि राष्ट्रीय रेकार्ड अपराध ब्यूरो के आंकड़े चौंकाने वाले हैं। देश में 2 लाख 70 हजार आत्महत्या के केस में13 हजार सुसाइड के केस दर्ज हैं। यह शिक्षा प्रणाली पर चोट है जो बढ़ते बदलाव के बाद भी स्थिति वैसे की वैसी और आगे बढ़ रही है। 2022 में देश में 1 लाख 22 हजार 924 लोगों ने आत्महत्या की थी,जिसमें 13,044 छात्र थे।

-कांतिलाल मांडोत, सूरत

# सरकारी' और 'प्राइवेट' यूनिवर्सिटी में पीएचडी की फीस अलग-अलग, 60 प्रतिशत सीटें खाली

## प्राइवेट यूनिवर्सिटी अब भी एंट्रेंस एग्जाम और नेट दोनों के आधार पर प्रवेश दे रही




**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश की सरकारी यूनिवर्सिटी में पीएचडी करने की चाहत रखने वाले छात्रों के लिए राह आसान नहीं है। प्रदेश के बड़े संस्थान ने पीएचडी में प्रवेश यह के लिए केवल नेट स्कोर को ही मान्य कर दिया है, जिससे 60 फीसदी सीटें खाली हैं। दूसरी ओर, प्राइवेट यूनिवर्सिटी अब भी एंट्रेंस एग्जाम और नेट दोनों के आधार पर प्रवेश दे रही हैं।

परिणाम यह है कि छात्र मजबूरी में लाखों रुपए खर्च कर प्राइवेट यूनिवर्सिटी का रुख कर रहे हैं। प्रदेश की बीयू में करीब 40 विषयों में पीएचडी के 2,379 सीटें हैं, लेकिन इस साल केवल नेट स्कोर को पात्रता मानने के कारण छात्रों ने आवेदन से दूरी बना ली। इसी तरह की हालात जबलपुर के रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय म भी देखी जाने लगी है।

### पात्रता से बाहर हो जाएंगे स्टूडेंट

विश्वविद्यालय की प्रवेश प्रक्रिया में 70 प्रतिशत वेटेज नेट स्कोर और 30 प्रतिशत इंटरव्यू को दिया गया है। यूजीसी के नियमों के अनुसार, नेट स्कोर केवल एक साल के लिए वैध होता है, जिससे हर साल हजारों छात्र इसकी पात्रता से बाहर हो जाएंगे। बीयू में बिना नेट स्कोर के छात्रों के लिए कोई विकल्प नहीं छोड़ा गया है।

### विश्वविद्यालय एंट्रेंस एग्जाम ले सकते हैं

प्रदेश के विश्वविद्यालयों को पूरा अधिकार है कि वह नेट स्कोर के साथ ही अपना एंट्रेंस एग्जाम भी ले सकते हैं। प्रदेश के कम ही छात्र ऐसे हैं जो नेट जैसा एग्जाम निकाल पाते हैं। बीयू को छात्र हित को ध्यान में रखते हुए निर्णय लेना चाहिए। सीटें खाली रहने यूनिवर्सिटी को भी नुकसान है। यूजीसी के नियम में विश्वविद्यालयों को दोनों अधिकार दिए हैं।

### एंट्रेंस के आधार पर प्रवेश

इस बारे में डॉ. भरत शरण सिंह, अध्यक्ष, मप्र निजी विश्वविद्यालय का कहना है कि प्राइवेट विश्वविद्यालयों में नेट और जेआरएफ को प्राथमिकता दी जाती है। विश्वविद्यालय एंट्रेंस के आधार पर प्रवेश दे सकते हैं या नहीं इसके लिए मुझे नियमों का अध्ययन करना होगा।

### प्राइवेट ही एक मात्र विकल्प

सरकारी विश्वविद्यालयों में पीएचडी की फीस करीब 90 हजार से 1 लाख रुपए तक होती है, लेकिन प्राइवेट यूनिवर्सिटी में यही डिग्री पाने के लिए छात्रों को 3 से 4 लाख रुपए खर्च करने पड़ रहे हैं।

# मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में जुगाड़ का खेल

## कई कर्मी पद न होने के बाद भी वरिष्ठों के मातहत बनकर मौज उड़ा रहे

**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर रेल मंडल में जुगाड़ का खेल लम्बे समय से चला आया रहा है। वरिष्ठ अधिकारियों की आवभगत कर ऐसे कई कर्मचारी उनके मातहत बनकर मौज ले रहे हैं। पद और पदस्थापना कहीं और की, लेकिन काम कहीं और कर रहे हैं। ऐसा ही एक मामला जबलपुर रेल मंडल में सामने आया है, जिसकी चर्चा रेल मंडल में जोरों पर है।

बता दें कि अतिरिक्त मंडल रेल प्रबंधक मंडल में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक के पद पर कार्यरत थे, तब एक पार्सल पोर्टर सीनियर डीसीएम को आवंटित एक आधिकारिक वाहन चला रहा था। बाद में विभागीय भर्ती के माध्यम से उनका चयन गुड्स गार्ड के पद पर हुआ। उसकी पदोन्नति भी संदिग्ध थी, क्योंकि सूत्रों के अनुसार उसे परीक्षा का प्रश्नपत्र पहले ही उपलब्ध करा दिया गया था। चयन के बाद उसे न्यू कटनी जंक्शन मुख्यालय में गुड्स गार्ड के पद पर पदस्थ किया गया। जब वरिष्ठ मंडल वाणिज्य को पदोन्नत कर अपर मंडल रेल प्रबंधक जबलपुर के पद पर पदस्थ किया गया, तब फिर यह गुड्स गार्ड एडीआरएम के संपर्क में आया और एडीआरएम ने उसे अपना निजी सहायक/प्रोटोकॉल निरीक्षक के रूप में तैनात कर दिया। यह सर्वविदित तथ्य है कि एडीआरएम के लिए प्रोटोकॉल निरीक्षक या निजी सचिव का कोई पद स्वीकृत नहीं है, लेकिन अपने पद का दुरुपयोग करते हुए उन्होंने जानबूझकर बिना सोचे-समझे गुड्स गार्ड को अपने नियंत्रण में पोस्ट कर लिया।

### रेलवे क्वार्टर आवंटन घोटाला

मिलेनियम रेलवे कॉलोनी के क्वार्टर ऐसे पर्यवेक्षी कर्मचारियों के लिए हैं, जिनकी सेवा अत्यावश्यक प्रकृति की है, लेकिन यह आश्चर्य की बात है कि एडीआरएम ने स्वयं अपने अधीनस्थ प्रिय कर्मचारी को मिलिनियम कॉलोनी में क्वार्टर आवंटित कर दिया है। यहां यह बताना जरूरी है कि संबंधित कर्मचारी न्यू कटनी जंक्शन पर पदस्थ है और उसका मुख्यालय न्यू कटनी जंक्शन पर है, लेकिन उसे जबलपुर में क्वार्टर आवंटित किया गया है, वह किस नियम के तहत है, यह जांच योग्य है, क्योंकि वह केवल न्यू कटनी जंक्शन पर रेलवे क्वार्टर के लिए पात्र है।

### क्या कार्य सौंपा गया है

चूंकि एडीआरएम के अधीन प्रोटोकॉल निरीक्षक या निजी सचिव का कोई पद नहीं है, इसलिए वह केवल एडीआरएम और उनके परिवार के निजी कार्यों को संपादन करना अपना काम समझते हैं और उसका निर्वहन कर रहे हैं। जबकि जबलपुर मंडल में गुड्स गार्ड की भारी कमी है और गुड्स गार्ड अतिरिक्त घंटों की ड्यूटी कर रहे हैं, लेकिन अपर मंडल रेल प्रबंधक द्वारा अपने निजी काम के लिए गुड्स गार्ड का उपयोग किया जा रहा है। डीआरएम कार्यालय में काम करते हुए वह गुड्स गार्ड निश्चित माइलेज भत्ता कमा रहा है और बिना काम के कार्यालय ड्यूटी का आनंद ले रहा है।



### सतर्कता विभाग की चुप्पी

चूंकि एडीआरएम पहले सतर्कता विभाग में काम कर चुके हैं, इसलिए सतर्कता विभाग अपनी आंखें बंद किए हुए है, यह जांच का विषय है। यह मानव शक्ति का दुरुपयोग है और वेतन-भत्तों के माध्यम से रेलवे राजस्व को नुकसान पहुंचाया जा रहा है, इसलिए इसकी उच्च अधिकारियों द्वारा जांच होनी चाहिए।

पमरे की महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय एवं वरिष्ठ एवं अनुभवशील प्रशासनिक अधिकारी के रूप में जबलपुर भोपाल कोटा मंडल के स्थापित मंडल रेल प्रबंधक कमल तलरेजा जो सभी बिन्दुओं पर अपनी पैनी नजर रखते हैं। वे इस संबंध में प्रभावी कार्रवाई करते हुए मनमानी करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करेंगे इसकी सभी को उम्मीद है।

## बासमती धान के प्रति बढ़ रहा जिले के किसानों का रुझान

**जबलपुर, देशबन्धु।** जिले में खरीफ मौसम में 1 लाख 75 हजार हेक्टेयर में धान की फसल ली जाती है। जिले के किसानों का अब बासमती धान की तरफ रुझान बढ़ता जा रहा है। पांच वर्षों में जिले में बासमती धान का रकबा चार गुना हो गया है। इस वर्ष शासकीय एवं निजी बीज विक्रेताओं के माध्यम से जिले में लगभग 7 हजार क्विंटल बासमती धान के बीज की मुख्य किस्में किसानों को उपलब्ध कराई गई हैं। सहायक संचालक कृषि रवि आम्रवंशी के मुताबिक जिले में अभी बासमती धान की नर्सरी तैयार कर मजदूर एवं पैडी ट्रांसप्लांटर के माध्यम से खेत में कीचड़ मचा कर रोपाई निरंतर जारी है।




**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर स्टेशन के प्लेटफार्म नं. 01 में जबलपुर मंडल को प्राप्त हुई नई परख निरीक्षण यान का उद्घाटन पश्चिम मध्य रेल महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय महोदया द्वारा संपन्न किया गया। मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा एवं अन्य आला रेल अधिकारी आदि शामिल थे।

## श्रुति परंपरा में निहित है, भारत का समृद्ध इतिहास




**जबलपुर, देशबन्धु।** अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना मध्य क्षेत्र के तत्वावधान में इतिहास संकलन समिति महाकौशल प्रांत एवं पीएमश्री शासकीय महाकौशल महाविद्यालय के सौजन्य से आज यूथ हॉस्टल, रानीताल स्पोर्ट्स काम्पलेक्स में चार प्रांतों क्रमशः महाकौशल प्रांत,मालवा प्रांत, छत्तीसगढ़ प्रांत और मध्य प्रांत की इतिहास संकलन समितियों के पदाधिकारियों की क्षेत्रीय कार्य समिति बैठक आयोजित हुई प्रथम उद्घाटन सत्र का शुभारम्भ माँ वीणापाणि और भारत माता की पूजा अर्चना से हुआ तदुपरांत दविंदर सिंह ग्रोवर के निर्देशन में श्रीजानकी बैंड ने ने अपनी भावभीनी प्रस्तुतियाँ दीं उद्बोधन की बेला में मुख्य अतिथि के रुप में अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना के राष्ट्रीय संगठन सचिव डॉ. बालमुकुंद पांडे जी ने अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना पर प्रकाश डालते हुए, इतिहास के विभिन्न पहलुओं और अवधारणाओं पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि भारत का समृद्ध इतिहास उसकी श्रुति परंपरा में निहित है। उद्घाटन सत्र के अध्यक्ष श्री सत्यनारायण शर्मा, क्षेत्र महिला प्रमुख साधना कुशवाहा, अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना के राष्ट्रीय सचिव श्री हर्षवर्धन तोमर, इतिहास संकलन समिति महाकौशल प्रांत के अध्यक्ष प्रोफेसर कपिल देव मिश्र तथा तथा संयोजक क्षेत्र संगठन सचिव प्रोफेसर अल्केश चतुर्वेदी ने अपने विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में मध्य क्षेत्र की क्षेत्रीय कार्य समिति की बैठक का शुभारंभ हुआ जिसमें विभिन्न विषयों पर चर्चा करते हुए विचार विमर्श हुआ। अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना के विस्तार और संघ की शताब्दी वर्ष पर होने वाले विविध कार्यक्रमों की कार्य योजना बनी। बैठक के संचालन में समन्वयक डॉ.नीरज कालिया, श्री तेज सिंह सेंधव अध्यक्ष मालवा प्रान्त डॉ. हर्षवर्धन तोमर, और प्रोफेसर अल्केश चतुर्वेदी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन स्थानीय संयोजक डॉ.आनंद सिंह राणा ने किया और आभार प्रोफेसर महेंद्र मणि द्विवेदी ने किया। क्षेत्रीय कार्य समिति की बैठक में चारों प्रति पदाधिकारियों ने भाग लिया।

# प्रधानमंत्री के मन की बात सुनकर सभी को मिलती है प्रेरणा





**जबलपुर, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी जबलपुर महानगर के कार्यकर्ताओ ने शहर के सभी 967 बूथों में रविवार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ''मन की बात'' कार्यक्रम को सुना।

''मन की बात'' कार्यक्रम को सांसद आशीष दुबे चंद्रशेखर आजाद मंडल बूथ 29 में, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन मुखर्जी मंडल के बूथ 198 में, विधायक अशोक रोहानी भगत सिंह मंडल के बूथ 143 में, अभिलाष पांडे विवेकानंद मंडल के बूथ 202 में, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू कुशाभाऊ ठाकरे मंडल के बूथ 45 में एवं पूर्व मंत्री शरद जैन के बूथ 69 में, हरेंद्रजीत सिंह बब्बू महर्षि वाल्मीकि मंडल के बूथ 241 में, अंचल सोनकर तिलक मंडल के बूथ 185 में, पूर्व अध्यक्ष जीएस ठाकुर बूथ 84 में एवं प्रभात साहू बूथ 108 में, नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज सुभाष चंद्र बोस मंडल के बूथ 12 में, एस के मुद्दीन अब्दुल हमिद मंडल के बूथ 107 में, शरद अग्रवाल दीनदयाल मंडल के बूथ 206 एवं श्रीमती अश्वनी परॉंजपे बूथ 211 में, अरविन्द पाठक छत्रपति शिवाजी मंडल के बूथ 160 एवं रजनीश यादव 194 में, पूर्व महापौर सदानंद गोडबोले नर्मदा मंडल के बूथ 212 में, पंकज दुबे रानी दुर्गावती मंडल के बूथ 3 में, राममूर्ति मिश्रा रानी दुर्गावती मंडल के बूथ 117 में बूथ कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रीयजनो के साथ सुना।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष शैलेन्द्र विश्वकर्मा, संतोष यादव, प्रणय गुप्ता, प्रशांत दुबे, नरेश पटेल, योगेश बिलोहा, राहुल रजक, सपन यादव, पुष्पराज पांडे, योगेश लोखंडे, ऋषि सोनकर, अमित राय, अकील अंसारी, गुड्डा केवट, पुष्पराज सेंगर, आशीष राव, सौरभ गोयल के साथ पदाधिकारी उपस्थित थे।

### वीयू में मन की बात

नानाजी देश में पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर मनदीप शर्मा जी के निर्देशानुसार वेटरनरी व फिशरी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ आरके शर्मा, डॉ एस के महाजन, के मार्गदर्शन में क 27 जुलाई 2025 दिन रविवार को सामूहिक रूप से एकत्रित हो महाविद्यालय के प्राध्यापक गण एवं छात्र छात्राओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम सुना।

## कारगिल विजय दिवस पर आयोजित हुई संगोष्ठी व विविध स्पर्धाएँ



**जबलपुर, देशबन्धु।** कारगिल विजय दिवस पर केंद्रीय संचार ब्यूरो (सी बी सी) क्षेत्रीय कार्यालय जबलपुर, मेरा युवा भारत जबलपुर, हितकारिणी महिला महाविद्यालय व हितकारिणी नर्सिंग कॉलेज जबलपुर के संयुक्त तत्वाधान में नर्सिंग कॉलेज के सभागार में संगोष्ठी व विविध स्पर्धाओं का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रिटायर्ड ब्रिगेडियर विपिन त्रिवेदी उपस्थित रहे, वहीं विशिष्ट अतिथि व वक्ता के रूप में हितकारिणी महिला महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ दीपेश पांडे, हितकारिणी नर्सिंग कॉलेज की प्राचार्या डा सपना दास, उप प्राचार्य डॉ प्रिंसी व एन सी सी ऑफिसर रोहित कुमार, संचार ब्यूरो के प्रभारी अधिकारी संदीप चौकसे उपस्थित रहे।

शुरुआत मे कारगिल शहीद सैनिकों के बलिदान को याद करते हुए अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की, तदोपरान्त मां सरस्वती जी की पूजा अर्चन व दीप प्रज्वलन कर की गई, तत्पश्चात छात्राओं द्वारा स्वागीत गीत की प्रस्तुति दी गई, प्राचार्य डॉ नीलेश पांडे ने कार्यक्रम के उद्देश्य को बताया।

## सावन में बुंदेली लोक संगीत और समाज सेवियों के सम्मान



**जबलपुर, देशबन्धु।** लेखक संघ जबलपुर इकाई, गूंज और लोक सुधा के संयुक्त तत्त्वावधान में श्रीजानकी रमण महाविद्यालय में लोक संगीत सभा बुंदेली लोक काव्य के रंग, कलाकारों के संग एवं सम्मान समारोह सम्पन्न हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि डॉ अभिलाष पाडें विधायक उत्तर मध्य ने सम्मानित विभूतियां .अनिल तिवारी ,राजेश दुबे , एवं धीरेंद्र मिश्रा को सम्मानित करते हुए कहा की पवित्र माह सावन में बुंदेली लोक संगीत और विभूतियों के सम्मान का अदभुत मेल है यह कार्यक्रम। समारोह के संयोजक डॉ. अभिजात कृष्ण त्रिपाठी ने कहा कि इस दौर में हमारी संस्कृति और संस्कारो के प्रचार ऊ प्रसार के लिए लोक साहित्य व लोक संगीत महत्वपूर्ण विद्या है। आकाशवाणी के पूर्व कार्यक्रम अधिकारी डॉ बैजनाथ गौतम ने लोक काव्य पर अंतरंग विचार व्यक्त किए।

समारोह द्वितीय चरण में लोकगंधर्व पं. रुद्रदत्त दुबे और डॉ बैजनाथ गौतम के बुंदेली गीतों का आकाशवाणी के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किया गया।

कलाकार में पं.रुद्रदत्त दुबे ,डॉ बैजनाथ गौतम , डॉ प्रकाश तिवारी डा. शिप्रा सुल्हेरे, चित्रा तिवारी, अर्चना गोस्वामी, डॉ .पूनम झा,सौम्या त्रिपाठी मिश्र, प्रीति नामदेव संगतकार - परशुराम पटेल, अंजु दुबे, ऋषभ भट्ट , धरमू भिलोडिया व गिरानीलाल आदि ने अपनी शानदार प्रस्तुतियां दी ।

नगर के गणमान्य जन- सर्वश्री सम्पूर्ण तिवारी, राजेश दिवेदी,आचार्य आशुतोष दीक्षित, अनुराग गढवाल ,संजय गोस्वामी,सुशील शुक्ला,अतुल दानी,पार्षद,अशोक मिश्रा, ज्ञानेन्द्र सिंह,डॉ अनिल लखेरा निदेशक शरदचंद्रपालन ,अभिमन्यु जैन , राजसागरी, सुरेश मिश्र आदि मौजूद रहे।

## हावड़ा-भोपाल ट्रेन का अस्थाई ठहराव

**जबलपुर, देशबन्धु।** रेलवे प्रशासन द्वारा पूर्व रेलवे के धनबाद मण्डल में स्थाई तौर पर बरकाकाना रेलवे स्टेशन पर रुकने वाली कई रेलगाड़ियों का ठहराव अस्थाई तौर पर राँची रोड देने का निर्णय आगामी 03 माह तक के लिए लिया गया है। जिसमें पश्चिम मध्य रेल से प्रारम्भ/टर्मिनेट होने वाली गाड़ी संख्या 13025/13026 हावड़ा-भोपाल-हावड़ा ट्रेन का ठहराव अस्थाई तौर पर बरकाकाना की बजाय राँची रोड दिया जा रहा है।

## पौधारोपण प्रकृति संतुलन के लिये जरूरी

**जबलपुर, देशबन्धु।** मानेगांव रांझी में समाजसेवी सुधीर सोनू दुबे द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी वृहद वृक्षारोपण अभियान के तहत चंद्रावती एनक्लेव के सामने डी डी शिव गणेश धाम में क्षेत्रीय महिला शक्ति एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में वृक्षारोपण का कार्यक्रम उत्साहपूर्वक किया गया, इसमें डी डी धाम संकट मोचन हनुमान मंदिर के आचार्य पंडित धीरज कृष्ण शास्त्री मंदिर पुजारी पंडित सोमनाथ शुक्ला द्वारा मंत्रो उच्चारण कर पौधों का रोपण किया गया इस कार्यक्रम समाजसेवी सुधीर सोनू दुबे द्वारा बताया गया कि पौधों का रोपण किया गया।

अब लगातार सावन महीने से कार्तिक महीने तक तीन माह लगातार अलग-अलग क्षेत्र में जाकर वृक्षारोपण किया जाएगा। कार्यक्रम में उपस्थित श्रीमती माया शर्मा, रूकमणि राय, सुषमा शुक्ला, आर आर पांडे, जयमूर्ति मिश्रा, ज्ञानी रजक, पंकज गोस्वामी, राजकुमार सोनी, सुधीर राय, अमित चौबे, मुकेश पांडे, निर्मल शर्मा, विजय सिंह, राकेश रास्ते, डॉक्टर संजीव सिंह, सुरेश सक्सेना, मोहंती जी, बीके सिंह, दिलीप सक्सेना, विजय सिंह, धनजी सिंह, विनोद साहू, शुभम शुक्ला, विनोद सिंह, सरकार दादा, अखिलेश शर्मा आदि उपस्थित रहे।



## प्रस्फुटन ग्राम ददरगंवा कुंडम में नवांकुर सखी हरियाली यात्रा का आयोजन

**जबलपुर, देशबन्धु।** एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत म.प्र.जन अभियान परिषद द्वारा नवांकुर सखी हरियाली यात्रा एवं कलश यात्रा आयोजित कर पौधा वितरण एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया, कार्यक्रम उपस्थित जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक घनश्याम रायपुरिया ने कहा कि हम सभी को मुख्यमंत्री के आव्हान पर इस अभियान में अधिक से अधिक संख्या में सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं जन समुदाय की सहभागिता करानी चाहिए, जन अभियान परिषद समाज और सरकार के साथ मिलकर ऐसे अभियान को संचालित करता है जन अभियान परिषद पर्यावरण जल संरक्षण जैसे विषयों पर समाज जागरण जैसे कार्यक्रम आयोजित करता रहता है , नवांकुर सखी हरियाली यात्रा में जन अभियान परिषद के विकास खंड समन्वयक प्रदीप तिवारी ने अभियान की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के आव्हान पर संचालित एक पेड़ मां नाम अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने एवं जन समुदाय की सहभागिता विशेष रूप से मातृ शक्तियों की भागीदारी हेतु यह अभियान चलाया जा रहा है

इस अवसर पर नवांकुर सखी हरियाली यात्रा कार्यक्रम में विकास खण्ड समन्वयक विवेक मिश्रा, ग्राम पंचायत सरपंच, नवांकुर संस्था प्रमुख डॉ.नीतेश पांडेय,परामर्शदाता डॉ. अमित पांडेय ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति से श्री प्रभु सिंह बरकडे, श्री राम सिंह परस्ते सहित समिति के अन्य अन्य सदस्य , सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद थे।

# सेठ गोविंददास अस्पताल में विभागीय समिति अध्यक्ष बने ब्रजेश मिश्रा

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के जिला सचिव देवेंद्र पचौरी ने जारी विज्ञप्ति में बताया कि स्वास्थ्य विभाग में फील्ड कर्मचारियों की आई.एफ.एम.एस सॉफ्टवेयर में गलत जानकारी को सही करने, जन्मतिथि में सुधार करने, समग्र और आधार को लिंक करने समस्याओं के समाधान के लिए, शिविर लगाने, समयमान वेतनमान का लाभ शीघ्र दिलाने, रिक्त पदों की भर्ती प्रकिया प्रारंभ किया जाये, आदि समस्त समस्याओं के शीघ्र समाधान हेतु विभागीय समिति का गठन किया गया। स्वास्थ्य विभाग की विभागीय समिति में अध्यक्ष ब्रजेश मिश्रा, सचिव एस.पी. बाथरे, कोषाध्यक्ष निशांक तिवारी, उपाध्यक्ष अंकित चौरसिया तथा सहसचिव शैलेन्द्र दुबे को जिला अध्यक्ष अटल उपाध्याय, सचिव देवेंद्र पचौरी एवं कोषाध्यक्ष आलोक अग्निहोत्री ने नियुक्ति पत्र प्रदान किया। जिसमें कार्यक्रम कि अध्यक्षता प्रदेश मंत्री रजनीश विश्वकर्मा ने की। समस्त कर्मचारियों ने इस नियुक्ति में हर्ष व्यक्त किया है।



इस अवसर पर भाजपा नेता योगेन्द्र दुबे एवं मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के एस.के. श्रीवास्तव, मुकेश सिंह, वीरेन्द्र चंदेल, परशुराम तिवारी, नीरज कौरव, जवाहर लोधी, चूरामन गूजर, कमलेश कोरी, अमित पटेल, रोहित डागर, सौरभ चौहटेल, अनिल उसरेठे, सतीश देशमुख, योगेश कपूर, सुशील गर्ग, पंकज जायसवाल, रामबिहारी पटेल, एम.एम.अंसारी, प्रीतोष तारे, मदन छपेल, टोनी एम्ब्रोस इत्यादि समस्त कर्मचारियों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई प्रेषित की।

# प्रगतिशील ब्राह्मण महासभा की द्वितीय कांवड़ यात्रा सम्पन्न

## विश्व की सबसे छोटी काँवड़ यात्री आर्वी त्रिवेदी ने भी नर्मदेश्वर महादेव का किया



**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश प्रगतिशील ब्राह्मण महासभा और इसकी नारी इकाई के तत्वावधान में मां नर्मदा के तिलवाराघाट तट से श्रावण मास के पावन अवसर पर द्वितीय दिव्य काँवड़ यात्रा आयोजन सावन की दिव्य फुहारों के मध्य नारी इकाई की संस्थापिका और शिव भक्ता स्वर्गीय श्रीमति कामिनी त्रिवेदी के पुण्य स्मरण किया गया जिसमें सैंकड़ों की संख्या में काँवड़ यात्रियों विशेषत: महिलाओं और बच्चों ने भाग लिया ।यह विशाल काँवड़ यात्रा तिलवाराघाट से शुरू होकर परम सिद्ध चिंतामणि नर्मदेश्वर महादेव , रमनगरा तक जाएगी। यह आयोजन ब्रह्मलीन श्रीमती कामिनी त्रिवेदी की पुण्य स्मृति को समर्पित है ।इस पुण्य कांवड़ यात्रा का नेतृत्व हिमालय की कंदराओं में घोर तप कर शिव तत्व की अनुभूति प्राप्त ब्रह्मचारी स्वामी शाश्वतानंद जी महाराज ने किया

**यात्रा का स्वरूप अत्यंत शांत और गरिमामय** – इस यात्रा का स्वरूप अत्यंत शांत और गरिमामय रहा। इस यात्रा में नर-नारी, बाल-वृद्ध सभी सम्मिलित हुये। इसमें विश्व की सबसे छोटी काँवड़ यात्री आर्वी त्रिवेदी भी काँवड़ उठाकर यात्रा में शामिल हुई । महासभा के सह संयोजक असीम त्रिवेदी , प्रशांत अवस्थी , केप्टन आलोक त्रिवेदी , शैलेश पाठक ,सुनीता त्रिवेदी , श्रीमति नीति अवस्थी , शक्ति त्रिवेदी , सुरेश मालवीय , विनीत टेहेनगुरिया , वैभव पाठक, नितिन शुक्ला, आर्या त्रिवेदी , वीरेंद्र तिवारी ,आदि सम्मिलित थे।

## तिलवारा से कुबेरेश्वर मंदिर तक कांवड़ यात्रा का समापन



पवित्र श्रावण मास के चलते सुंदरकाण्ड समिति नक्षत्र नगर द्वारा समिति के उजियार सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में कांवड़ यात्रा का सफल आयोजन किया गया। कांवड़ यात्रा तिलवारा घाट से प्रारंभ होकर कुबेरेश्वर मंदिर में यात्रा का समापन हुआ। समापन पश्चात मंदिर में हवन-पूजन करने के बाद प्रसाद एवं भंडारे का आयोजन किया गया। कांवड़ यात्रा में समिति के सदस्यों के साथ-साथ समस्त नक्षत्र नगर निवासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर उजियार सिंह ठाकुर, जय श्रीवास्तव, शिव नाथ पटेल, गणेश गौतम, प्रशांत मूले, मनीष श्रीवास्तव, पंकजमणी झारिया, अमित सिंह, सुनील साहू, यशवंत पटेल, रविंद्र सिंह राजपूत, अश्वनी गुप्ता, हर्षित साहू, शिवेन्द्र साहू, मोहन तिवारी, भूपेंद्र मिश्रा, अविनाश निगम, रंजीत ठेकेदार, अरवींद्र झारिया, हर्ष गुप्ता, दुर्गेश तिवारी, हरि नारायण कोरी, धर्मनिधि तिवारी, अनिल शुक्ला, बृजेश वर्मा, शशिकांत सोनी, श्रीकांत गर्ग, आनंद शुक्ला, आशीष दुबेदी, विरेन्द्र शर्मा, सुषमा ठाकुर, सुषमा साहू, किरण गर्ग, शिवाक्ष निगम, शयंत निगम, शिखा निगम,अपेक्षा झरिया, बेबी पाठक, नेहा साहू, आरती गुप्ता, राजकुमारी पटेल आदि की उपस्थिति रही।

# स्व. ठाकुर पूरन सिंह के नाम होगा मदन महल स्टेशन से दशमेश द्वार तक का मार्ग



**जबलपुर, देशबन्धु।** बड़ा हर्ष का विषय है कि नरसिंह वार्ड के पूर्व पार्षद एवं पंचायती व्यायाम शाला गोरखपुर के उस्ताद स्व. ठाकुर पूरन सिंह जी के नाम से मदन महल चौंक से मदन महल स्टेशन तक का मार्ग किया गया है, जिसका लोकार्पण आज सांय 05 बजे मुख्य अतिथि जगत बहादुर सिंह अन्नू महापौर नगर व रिंकू विज अध्यक्ष नगर निगम एवं विशिष्ट अतिथि लेखराज सिंह के द्वारा किया गया, मुख्य अतिथि जगत बहादुर सिंह अन्नू महापौर ने अपने उदबोधन में स्व. ठाकुर पूरन सिंह के जीवन पर प्रकाश डालते उन्हें सदैव समाज सेवा के लिए अग्रणी, कर्तव्यनिष्ठ एवं वार्ड की जनता के लिए सहज उपलब्ध होने वाला व्यक्तित्व बताया, इस अवसर पर डॉ. अनिल ठाकुर, जयवीर सिंह उस्ताद, अमित ठाकुर, डॉ. सिद्धार्थ सिंह, सुनील कुमार पटेल, तजिंदर सिंह, अरुण चंद्रवंशी पहलवान, विशाल नामदेव, विनोद प्रजापति, प्रवीण धनगर पहलवान, दिनेश यादव, अर्जुन यादव, राकेश सौंधिया, राकेश यादव कार्यक्रम का संचालन सुनील कुमार पटेल खलीफा ने किया ।

# जैकआरआरसी की फायरिंग रेंज में साधा निशाना, बोट रिगिंग में छाए होनहार

## 2एमपी नेवल यूनिट एनसीसी का एनएससी आइजीसी कैम्प

**जबलपुर, देशबन्धु।** 2एमपी नेवल यूनिट के तत्वावधान में दस दिवसीय एनएससी आइजीसी शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कैम्प में ग्रुप कमाण्डर ब्रिगेडियर रितेश बहल के निर्देशन में कैडेट्स ने जैकआरआरसी की फायरिंग रेंज में फायरिंग प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। इसमें चारों ग्रुप जबलपुर, ग्वालियर, भोपाल एवं रायपुर के कैडेट्स ग्रुप में शामिल हुए।

इसके साथ ही शिप मॉडलिंग प्रतियोगिता में भी कैडेट्स ने 48 घंटों के टार्गेट में शिप मॉडल तैयार किया। भोपाल से आए शिप मॉडलिंग इंस्ट्रक्टर अमित कुमार गुप्ता, जबलपुर ग्रुप से विनायक पटेल का सहयोग रहा।

### बोट रिगिंग में दिखाया टैलेंट

कैम्प में शनिवार को बोट रिगिंग प्रतियोगिता हुई। आयोजन नेवल यूनिट में हुआ। कैम्प संचालन में कैम्प कमांडेंट ले. कमाण्डर श्रीकांत गर्ग, ग्वालियर ग्रुप से कमाण्डर एट आर्मस दीपक सिंह भदौरिया, भोपाल ग्रुप से ले. कमाण्डर आयुष डोदानी, रायपुर ग्रुप से ले. कमाण्डर पी अनिरूद्ध, ले. साहिल के स्टूडेंट्स को मोटिवेट किया।

### ऑल इंडिया कैम्प की जानकारी

कैम्प में कैडेट्स को ऑल इंडिया कैम्प से संबंधित जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि कैम्प में सिलेक्शन के बाद किस तरह नेवी शिप में जाने का अवसर मिलेगा। शिविर में कैम्प एडजुटेंट ले. डॉ. संजय रजक, सब ले. विकास कन्डे, थर्ड ऑफिसर सुरभि द्विवेदी, दीपक कुमार, पेटी ऑफिसर आरएस यादव, पेटी ऑफिसर शिवा गनेश, पेटी ऑफिसर लतेश कुमार, अंकुश त्रिपाठी, एलएस अविनाश, एलकाम अमित, अभिनव राणा, निगम अतरी, जीसीआई शिवानी सिंह, सुष्मिता टंडन मौजूद रहीं।

# सांस्कृतिक एवं सामाजिक संगठन द्वारा हरियाली तीज सेलिब्रेशन का आयोजन



**जबलपुर, देशबन्धु।** धर्म संस्कृति सांस्कृतिक एवं सामाजिक संगठन के द्वारा आज हरियाली तीज सेलिब्रेशन का भव्य आयोजन बंशीवाला बारात घर शांतिनगर दमोहनाका मैं किया गया हरियाली तीज सेलिब्रेशन का आयोजन में संगठन की अध्यक्ष श्रीमती कविता दुबे (राष्ट्रीय संगठन महामंत्री, अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा) एवं सपना मिश्रा द्वारा किया गया मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती शोभा तिवारी जी रेनबो क्लब के अध्यक्ष श्रीमती बिंदु पांडे जी एवं समाजसेवी प्रीति त्रिपाठी गीता टंडन अभिलाषा सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन जन शिक्षण संस्थान की डायरेक्टर श्रीमती लाली सिंह के द्वारा किया गया जिसमें की बहुत सी महिलाओं ने सज धज कर कार्यक्रम में हिस्सा लिया हरियाली तीज सेलिब्रेशन की थीम हरि साड़ी रखी गई थी मुख्य आकर्षण राधा कृष्ण की सजीव झांकी एवं उनका नृत्य रहा एवं कई प्रतियोगिता रखीं गई कार्यक्रम के दौरान सबसे अच्छी प्रतियोगी को हरियाली तीज क्यूंन चुनी गई एवं अन्य प्रतियोगियों को भी उनके प्रदर्शन के अनुसार इनाम दिए गए। संगठन के द्वारा समय समय पर इस तरह के आयोजन किए जाते है आयोजन को सफल बनाने हेतु सभी सखियों का विशेष योगदान रहा

# मशीन वाले बाबा की दरगाह में उर्स



**जबलपुर, देशबन्धु।** घंटाघर के समीप स्थित हजरत सआदत हुसैन नक्शबंदी, मशीन वाले बाबा की दरगाह में उर्स शरीफ के आगाज पर गत दिवस परचम कुशाई का एहतेमाम किया गया! इस मौके पर काफी तादाद में स्थानीय व दूर - दराज से आये अकीदतमंदों का हुजूम मौजूद रहा! अकीदतमंद चादर शरीफ व नज़रों-नियाज़ पेश कर रहे हैं! खादिम-ए-दरगाह हाजी मुहम्मद शफ़ी के अनुसार 29 जुलाई मंगलवार को उर्स शरीफ पर असर की नमाज़ के बाद, बाबा साहब की मज़ार-ए-अकदस पर चादर शरीफ पेश की जाएगी

## मदरसा अहले सुन्नत गढ़ा बाज़ार के बच्चों ने किया सूपाताल कब्रिस्तान में वृक्षारोपण



मदरसा अहले सुन्नत, गढ़ा बाज़ार के छोटे-छोटे बच्चों ने सूपाताल कब्रिस्तान में वृक्षारोपण किया। जिसका मुख्य उद्देश्य नौजवान पीढ़ी को पेड़-पौधों और वृक्षारोपण के महत्व से अवगत कराना है, इन पौधों से न केवल ऑक्सीजन और छाया मिलेगी, बल्कि भविष्य में फल भी प्राप्त होंगे। इस अवसर पर विशेष रूप से हाजी शहादत, हाजी इसहाक, शकील खान, रुस्तम शाह, मतीन उस्मानी, हाफिज नुरुल, मुश्ताक उस्मानी, हाफिज इरफान, कलीम बाबा और बल्लू उस्मानी रहे।

## दैनिक राशिफल

**सोमवार 28 जुलाई 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2082, शक संवत 1947 हिजरी 1446। श्रावण शुक्ल पक्ष की चतुर्थी, नक्षत्र- पू.फा. ।**

मेष - आज संभलकर कदम रखने की जरूरत है। आसपास रहने वाले लोगों से विवाद हो सकता है। शारीरिक और मानसिक रूप से आप चिंता का अनुभव करेंगे।

वृषभ - भावनाओं के बंधन में बंध जाने का अनुभव आपको होगा। आपके काम दिन में पूरे हो जाएंगे। भाई-बहनों से लाभ होगा।

मिथुन - आज सुबह आपका मन क्रोधित रहेगा। शारीरिक रूप से अस्वस्थ और मानसिक रूप से चिंता का अनुभव होगा। व्यर्थ धन खर्च होगा।

कर्क - आज का आपका दिन खुशी और आनंद के साथ गुजरेगा। आप कुछ अधिक ही संवेदनशील रहेंगे। आपकी कोई चिंता दूर हो सकती है। स्नेहीजन और मित्रों से मुलाकात सुखद रहेगी।

सिंह - आज वाणी में संयम रखें। स्नेहीजनों के साथ किसी बात पर विवाद हो सकता है। आय की अपेक्षा व्यय अधिक रहेगा। किसी कन्फ्यूजन में दिन गुजरेगा।

कन्या - आज का आप का दिन मध्यम फलदायी है। फिर भी शारीरिक और मानसिक रूप से सुख- शांति रहेगी। व्यावसायिक क्षेत्र में भी वातावरण अनुकूल रहेगा।

तुला - आज का दिन आप के लिए एकदम शुभ है। धार्मिक काम में मन लगेगा और देव-दर्शन का लाभ मिलेंगे। विविध क्षेत्रों में लाभ मिल सकता है।

वृश्चिक - आज का दिन आपके लिए शुभ है। नौकरीपेशा लोगों का टारगेट पूरा हो सकेगा। व्यापार में लाभ मिल सकता है। पार्टनरशिप के काम सफल रहेंगे। पिता से भी आर्थिक लाभ की संभावना दिख रही है।

धनु - किसी भी नए काम की शुरुआत आज न करें। किसी बात को लेकर मन में ग्लानि का भाव रहेगा। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

मकर - आज का दिन दोस्तों के साथ मौज-मस्ती में गुजरने वाला है। मनोरंजक एक्टिविटी में आपका मन लगेगा। भागीदारी से लाभ होगा। सुखद यात्रा का संयोग बनेगा।

कुंभ - आज का दिन पूरी तरह से शुभ फलदायी है। व्यापार करने वालों के लिए दिन अनुकूल रहेगा। शारीरिक और मानसिक रूप से आप स्वस्थ बने रहेंगे।

मीन - किसी बात की अशांति रहेगी। किसी कारणवश आकस्मिक धन खर्च आएगा। शारीरिक स्वास्थ्य भी अच्छा नहीं होगा। दोपहर के बाद घर में आनंद और शांति का वातावरण बन जाएगा।

3,8,4,9,31,82,48,93,52,63,64,55

# राजुल ड्रीम सिटी की महिलाओं ने मनाया हरियाली तीज उत्सव



**जबलपुर, देशबन्धु।** राजुल ड्रीम सिटी अमखेरा गोहलपुर मे हरियाली तीज का उत्सव धूमधाम से मनाया गया, सर्व प्रथम ईश्वर की पूजा से शुरुआत की गई, मुख्य अतिथि माला राकेश सिंह, यामिनी अन्नू सिंह, प्रभा भरत यादव, विजय श्री मिश्रा थी, इस कार्यक्रम का आयोजन हुमा प्रशांत यादव की ओर से किया गया, राजुल ड्रीम सिटी महिला मंडल की तरफ से हर वर्ष यह कार्यक्रम आयोजित किया जाता हैं, लगातार 6 वर्षों से यह आयोजन किया जा रहा है, कार्यक्रम को सफल बनाने में वंदना कुशवाहा, नीलू पटेल, ऐश्वर्या श्रीवास्तव, माधुरी काटकर, पाखी खत्री, ऋचा खंपरिया, रुचि सिंह, कीर्ति केशरी, प्रेरणा सिंह, तनु तिवारी, श्वेता मिश्रा, कामना तिवारी, दीपा दुबे, सीमा सोनी, आदि का सहयोग सराहनीय रहा, हरियाली तीज पर मुख्य अतिथि दौरा सभी महिलाओं को श्रृंगार वितरण एवं गेम्स के जरिए गिफ्ट्स भी प्रदान किए गए ।

# शहर कांग्रेस सेवा दल का मासिक ध्वज वंदन संपन्न



**जबलपुर, देशबन्धु।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, योद्धा स्व रतन चंद नामदेव जी के छाया चित्र पर लॉर्डगंज चौक जबलपुर में माल्यार्पण कर ध्वज वंदन किया गया। सेवा दल का मासिक ध्वज वंदन अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस सेवा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल देसाई एवं मध्य प्रदेश कांग्रेस सेवा दल के प्रदेश अध्यक्ष योगेश यादव के दिशा निर्देशन में माह के अंतिम रविवार को निरंतर किया जा रहा है

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश कांग्रेस सेवा दल के प्रदेश महासचिव सुश्री रुक्मणी गोटिया ने ध्वज वंदन किया एवं विशेष सम्मानिय अतिथि के रूप में वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं समाजसेवी अनुराग जैन गढ़वाल जी उपस्थित थे जिन्होंने स्वतंत्रता सेनानी योद्धा स्वर्गीय रतनलाल नामदेव के ऊपर अपने उद्बवोधन में प्रकाश डाला और नई पीढ़ी को स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग एवं कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में कांग्रेस सेवादल के नगर अध्यक्ष पंडित सतीश तिवारी, श्वेता दुबे, एड . मीनाक्षी स्वामी, रज्जू सराफ ,अरुण पवार,, मनोज नामदेव, मुन्ना सेन, विनय नेमा, उमेश पटेल, मनोज बैरागी, रिंकू कुशवाहा, राकेश चक्रवर्ती, सुनील दुबे, शिव कुमार गुड्डू चौबे, अभय सोनी, अनिल गुप्ता, हर्षवर्धन सिंह, इस्माइल पठान, रवि शर्मा, गौरी सेन एवं प्रवक्ता जितेंद्र यादव सहित अनेक सेवादल के

# भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का 21वां जिला सम्मेलन संपन्न



**जबलपुर, देशबन्धु।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की जबलपुर जिला परिषद का जिला 21वां सम्मेलन हरिशंकर परसाई भवन राइट टाउन जबलपुर में आयोजित हुआ।इस सम्मेलन के अध्यक्ष मंडल में कामरेड एस के मिश्रा, राम प्रवेश एवं संपत्ति देवी रहीं हैं, जिनके संचालन में सम्मेलन की कार्यवाही हुई। सम्मेलन में राज्य सचिव अरविन्द श्रीवास्तव एवं सचिव मंडल के सदस्य सत्यम पाण्डेय उपस्थित रहे सम्मेलन में आगामी तीन वर्षों के लिये जिला परिषद का चुनाव हुआ जिसमें 21 सदस्यों की जिला परिषद चुनी गई और जिला परिषद के चुने गये सदस्यों ने सर्वसम्मति से कामरेड राजेन्द्र गुप्ता को नया जिला सचिव चुना साथ ही शिव कुमार चौधरी एवं भावेश को सहसचिव, रामरतन पारस को कोषाध्यक्ष,अशोक पटेल को कार्यालय सचिव चुना गया है।

# सुबह से शाम तक चला इंजीनियरों का ध्यानाकर्षण प्रदर्शन



**जबलपुर, देशबन्धु।** पदोन्नति सहित अन्य मांगों को लेकर विद्युत इंजीनियरों द्वारा मध्य प्रदेश विद्युत मंडल पत्रोपाधी अभियंता संघ द्वारा प्रदेश भर में ध्यानाकर्षण धरना प्रदर्शन का आयोजन कर मुख्यमंत्री व उर्जा मंत्री के नाम ज्ञापन स्थानीय अधिकारियों को सौंपे गये। जबलपुर में बिजली कंपनियों के मुख्यालय शक्तिभवन के गेट के समक्ष यह प्रदर्शन किया गया. पत्रोपाधी अभियंता संघ के महासचिव इंजीनियर जीके वैष्णव ने बताय की मध्य प्रदेश विद्युत मंडल की सेवाओं में 30 से 35 वर्ष की सेवा होने के बाद भी जूनियर इंजीनियरों को एक भी पदोन्नती नहीं दी जा रही है. वहीं दूसरी ओर सहायक यंत्री के पद पर नियुक्त अभियंताओं को सेवाकाल में चार पदोन्नति देकर कार्यपालक निदेशक बनाया जा रहा है। सहायक यंत्री का एंट्री का लेवल समाप्त कर सहायक यंत्री के पदों को शत प्रतिशत पदोन्नति से भरा जाए. प्रदर्शन में सबसे अधिक आपत्ति इस बात पर जताई गई की बिजली कंपिनयों में कार्यरत कनिष्ठ, सहायक यंत्रियों के विरुध्द पुलिस विभाग द्वारा बिना जांच कर धारा 304-ए के बाद बीएनएस की धारा 106 के तहत एफआईआर दर्ज की जा रही है। इस प्रदर्शन में अनिल व्यास इंदौर, एमएम पांडे रीवा, आरके अरजरिया सागर, वीपी सिंह सागर, बीके गुप्ता शहडोल, सतेन्द्र सिंह मलिक भोपाल, जीतेन्द्र वर्मा जबलपुर ने प्रदर्शन सभा को संबोधित किया. इस अवसर पर युवा इंजीनिय भास्कर घोस इंदौर, अमर सिंह सोलंकी इंदौर, योगेश दरवाइ खंडवा, रीतेश झारिया खंडवा आदि इंजीनियरों ने भी अपने अपने जिलों में सभा संबोधित की।

# आज तरंग प्रेक्षागृह परिसर ध्यान कार्यक्रम आयोजित

**जबलपुर, देशबन्धु।** समाज के प्रबुद्ध वर्ग को विपश्यना ध्यान के विविध आयामों से परिचित कराने के लिए एवं आनापान ध्यान के व्यवहारिक अभ्यास से लाभांवित करने हेतु सुबह 7 बजे से 8 बजे की अवधि में विपश्यना ध्यान : परिचय विषय पर तरंग प्रेक्षागृह परिसर योग अभ्यास केन्द्र में योग के अलावा में विपश्यना ध्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में सीताराम साहू, छत्तीसगढ़ में विपश्यना ध्यान के क्षेत्रीय आचार्य, विषय विशेषज्ञ होंगे। इसके अंतर्गत भारत के समृद्ध विरासत विपश्यना ध्यान का शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका, पतंजलि योग के आलोक में विपश्यना ध्यान, शास्त्र एवं संतों के वाणी में विपश्यना के संबंध जानकारी का समावेश किया गया है।

# निधन

**ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान**

**श्रीमती जसवंत काण्डा-** सैनिक सोसायटी शक्तिनगर गुप्तेश्वर निवासी श्री सुरेंद्रपाल सिंह काण्डा की धर्मपत्नी श्रीमती जसवंत काण्डा (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री उत्तम सिंह राजपूत-** समदड़िया कॉलोनी कांचघर निवासी श्री उत्तम सिंह राजपूत (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री छोटे लाल कोरी-** सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री छोटे लाल कोरी (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री भुवनेश्वर नाथ-** भीम नगर पोलीपाथर निवासी श्री भुवनेश्वर नाथ (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री जीवन लाल पासी-** एमईएस रोड सदर केंट निवासी श्री जीवन लाल पासी (94) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती सुखमंती बाई कोल-** जाग्रति नगर अमखेरा रोड निवासी श्री मुन्ना लाल कोल की धर्मपत्नी श्रीमती सुखमंती बाई कोल (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**सुश्री मौसमी देव-** बंगाली काली बाड़ी गुप्तेश्वर निवासी श्री गोपाल कृष्ण देव की पुत्री सुश्री मौसमी देव (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

# व्यास बंधु की होटल किंग्सवे मैरिज गार्डन पर स्पेशल क्राइम ब्रांच की दबिश

## 12 आरोपियों से 1 लाख 67 हजार 900 रुपये नकद,तीन लग्जरी कारें और एक बुलेट मोटर साइकिल जप्त

**पाटन देशबन्धु।** जिले की पाटन निकाय के अंतर्गत आने वाले 15 नंबर वार्ड में स्थित नगर के व्यास बंधु की होटल किंग्सवे मैरिज गार्डन में लंबे समय जुआं एवं सेक्स रेकिट का धंधा पाटन पुलिस से मिले संरक्षण की वजह से फल फूल रहा था।

जबलपुर से आई स्पेशल टीम ने बीती रात कार्रवाई करते हुए नगर की प्रसिद्ध होटल किंग्सवे होटल एवं मैरिज गार्डन में चल रहे हाई प्रोफाइल जुआ फड़ पर स्पेशल क्राइम ब्रांच की टीम ने दबिश दी। जहां युवा मोर्चा अध्यक्ष पंकज विश्वकर्मा पिता स्व रामेश्वर प्रसाद विश्वकर्मा गाड़ाघाट पाटन,राजेंद्र सिंह ठाकुर पिता दयाराम ठाकुर बालाजी कालोनी पाटन,सोनू



यादव पिता अशोक यादव निवासी चौधरी मोहल्ला पाटन,सौरभ जैन पिता दुलीचंद जैन निवासी चंद्रभान पिपरिया पाटन,दीपक सेन पिता चोखेलाल सेन निवासी ग्राम महुआखेड़ा थाना पाटन,विनय कुमार शर्मा पिता सुरेश शर्मा निवासी ग्राम रमजा थाना पाटन,प्रिंस उर्फ प्रशांत ठाकुर पिता डोमन सिंह ठाकुर निवासी ग्राम रिमझा थाना पाटन,शैलेश बवेले पिता देवदत्त निवासी गुरु मोहल्ला पाटन,आकाश सिंह पटेल पिता प्रहलाद सिंह पटेल निवासी चौधरी मोहल्ला पाटन



राहुल जैन पिता राजेश जैन निवासी बाजार वार्ड पाटन,देवेंद्र यादव पिता ज्ञान सिंह यादव निवासी चौधरी मोहल्ला पाटन सहित होटल किंग्सवे के संचालक व्यास बंधु वार्ड नंबर 15 जबलपुर रोड पाटन को आरोपी बनाया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 लाख 67 हजार 900 रुपये नकद,तीन लग्जरी कारें और एक बुलेट मोटरसाइकिल पुलिस ने जब्त की है।

### पाटन पुलिस को नहीं थी कार्यवाही की भनक

बताया जा रहा है कि इस कार्यवाही से पाटन पुलिस को दूर रखा गया था। पाटन नगर में लंबे समय से व्यास बंधु के द्वारा ईमानदारी को चोला ओढ़कर नगर में अवैध कार्य लंबे समय से किए जा रहे थे। जबलपुर रोड पर स्थित होटल किंग्सवे में जुआ फंड सहित जिस्मफरोशी का धंधा होटल मालिकों के द्वारा कराया जा रहा था। पुलिस कप्तान को मिले इनपुट पर बड़ी कार्यवाही करते हुए पाटन नगर की किंग्सवे होटल के हाई प्रोफाइल जुआं फंड पर बड़ी कार्यवाही करते हुए पुलिस ने होटल में चल रहे जुआं फंड का खुलासा कर दिया।

# नशे से दूरी, है जरूरी'' पंद्रह दिवसीय नशा मुक्ति अभियान

## आटो चालकों द्वारा निकाली गयी वाहन रैली

**जबलपुर,देशबन्धु।** प्रदेश शासन मोहन यादव एवं पुलिस महानिदेशक मध्य प्रदेश कैलाश मकवाना के निर्देशानुसार सम्पूर्ण प्रदेश में 15 जुलाई से 30 जुलाई 2025 तक ''नशे से दूरी, है जरूरी'' शीर्षक से नशा मुक्ति जनजागरण अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य समाज को नशीले पदार्थों की बुराइयों से अवगत कराना तथा युवाओं को जागरूक करते हुए मध्यप्रदेश को नशा मुक्त बनाना है। इसी तारतम्य में जबलपुर जिले में पुलिस महानिरीक्षक जबलपुर जोन जबलपुर प्रमोद वर्मा उप पुलिस महानिरीक्षक रेंज जबलपुर अतुल सिंह के मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक जबलपुर सम्पत उपाध्याय द्वारा समस्त राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को ''नशे से दूरी, है जरूरी'' नशा मुक्ति जनजागरण अभियान के अंतर्गत शैक्षणिक संस्थानों में संवाद एवं विचार गोष्ठियां, हाट-बाजारों व सार्वजनिक स्थलों पर नुक्कड़ नाटक, पोस्टर-पंपलेट के माध्यम से जागरूकता, जनसंवाद एवं रैली का आयोजन कर लोगों को जागरूक करने हेतु आदेशित किया गया है। आदेश के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर आनंद कलादगी (भा.पु.से.), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जोन-2 श्रीमति अंजना तिवारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सूर्यकांत शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात) पल्लवी शुक्ला के मार्ग निर्देशन में समस्त नगर पुलिस अधीक्षक/ उप पुलिस अधीक्षक/एसडीआसेपी द्वारा अपने अपने अनुभाग के थाना में जागरूकता हेतु विभिन्न कार्यक्रमों को आयोजन कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

इसी तारतम्य में पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय के मार्गदर्शन में नशामुक्त समाज की दिशा में जागरूकता फैलाने हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात) श्रीमति पल्लवी शुक्ला द्वारा मालगोदाम चैक पर आटो चालकों को नशे के दुष्परिणामों के बारे मे बताते हुये नशे से दूर रहने की समझाईश दी गयी तथा सभी आटो चालकों को ''नशे से दूरी है जरूरी '' नशा मुक्ति अभियान अंतर्गत शपथ दिलाई गयी '' मै न केवल समुदाय, परिवार, मित्र, बल्की स्वयं को भी नशा मुक्त करवाउंगा, क्योंकि बदलाव की शुरूवात अपने आप से ही होनी चाहिये। हम सब मिलकर अपने जिले जबलपुर को नशा मुक्त बनाने का दृढ निश्चय करें।

जागरूकता हेतु मालगोदाम से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात) श्रीमति पल्लवी शुक्ला द्वारा हरि झण्डी दिखाकर आटो की रैली को रवाना किया गया रैली मालगोदाम चैक से प्रारम्भ होकर पर्यटन तिराहा, तैयबअली चैक, नौदरा से होते हुये तीन पत्ती चैक पर समाप्त हुई । इस अवसर पर उप पुलिस अधीक्षक यातायात मालवीय चैक संतोष शुक्ला, उप पुलिस अधीक्षक यातायात गढा बैजनाथ प्रजापति, उप पुलिस अधीक्षक यातायात घमापुर श्रीमति संगीता डामोर, थाना प्रभारी यातायात मालवीय चैक शिवदयाल सनोडिया, थाना प्रभारी यातायात घमापुर श्रीमति इंद्रा ठाकुर, थाना प्रभारी यातायात गढा हरिकिशन आटनेरे तथा यातायात के तीनों थानों मे पदस्थ अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पारिवारिक विवाद ने लिया हिंसक रूप, बलवे में पति-पत्नी घायल

**जबलपुर,देशबन्धु।** संजीवनी नगर थाना क्षेत्र के धनवंतरी नगर में शनिवार को पारिवारिक संपत्ति विवाद के चलते जमकर हंगामा हुआ। विवाद इतना बढ़ गया कि बलवा हो गया और मारपीट की घटना में पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार, धनवंतरी नगर निवासी डॉ. कृष्णा दुबे (38 वर्ष) ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उनके पति चंदन दुबे, ससुर रामशंकर दुबे और देवर अमर दुबे के साथ वे एक ही मकान में रहते हैं। 7 जुलाई को देवर और ससुर द्वारा ट्रक में निजी सामान ले जाते देख जब कारण पूछा गया तो पता चला कि उन्होंने मकान किसी अन्य को बेच दिया है, जिसकी जानकारी पीड़िता और उनके पति को नहीं दी गई थी।

24 जुलाई को रामशंकर दुबे, अमर दुबे के साथ अजय चौरसिया, विजय चौरसिया और सोनू विश्वकर्मा घर पहुंचे और जबरदस्ती मकान खाली कराने का प्रयास करने लगे। आरोप है कि इन लोगों ने दरवाजे को भारी वस्तु से तोड़कर जबरन घर में प्रवेश किया और विरोध करने पर अजय, विजय व सोनू ने चंदन दुबे के साथ मारपीट की। बचाव करने पहुंचीं डॉ. कृष्णा को विजय चौरसिया ने पीछे से पकड़कर गिरा दिया, जिससे उन्हें सिर में गंभीर चोट आई और वे बेहोश हो गईं।होश में आने पर उन्होंने सुना कि आरोपियों द्वारा उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी जा रही थी। आरोपियों के विरुद्ध बलवा, मारपीट और जान से मारने की धमकी की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है।

# तीन बार ‘तलाक’ कहकर घर से निकाला

## महिला ने ससुराल पर दर्ज कराया दहेज प्रताड़ना का मामला

**जबलपुर,देशबन्धु।** अधारताल थाना क्षेत्र के अम्बेडकर कॉलोनी से एक अत्यंत चिंताजनक मामला सामने आया है, जहाँ एक नवविवाहिता को उसके पति ने तीन बार ‘तलाक’ कहकर घर से निकाल दिया। महिला का आरोप है कि शादी के बाद से ही उसे ससुराल पक्ष की ओर से दहेज की मांग को लेकर लगातार शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता रहा। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने पति, सास और ननद के खिलाफ विभिन्न धाराओं में अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

थाना अधारताल पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़िता निशा अंजुम (24 वर्ष), निवासी अम्बेडकर कॉलोनी, जबलपुर का विवाह वर्ष 2023 में मुस्लिम रीति-रिवाज से नवाजिस रहमान के साथ हुआ था। विवाह के बाद से ही उसके वैवाहिक जीवन में तनाव शुरू हो गया था। आरोप है कि पति नवाजिस रहमान के साथ-साथ उसकी सास शबाना बी और ननद नूरी दहेज की मांग को लेकर उसे बार-बार मानसिक रूप से प्रताड़ित करते थे। कभी ताने मारना, तो कभी शारीरिक हिंसा करना,




पीड़िता के अनुसार यह सब आम बात बन गई थी।

पीड़िता का कहना है कि 13 जुलाई 2025 को उसके पति ने उससे झगड़ा करते हुए हाथ-पैरों से बेरहमी से मारपीट की। अगले ही दिन यानी 14 जुलाई को रात करीब 9 बजे पति नवाजिस ने उसे तीन बार ‘तलाक’ कहकर घर से निकल जाने को कहा और दरवाजे से बाहर धकेल दिया। अकेली, असहाय और अपमानित निशा को उसी रात अपने मायके जाना पड़ा।

काफी मानसिक तनाव और डर के बावजूद हिम्मत जुटाकर निशा ने थाने में शिकायत दर्ज कराई। अधारताल पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए पति नवाजिस रहमान, सास शबाना बी, और ननद नूरी के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 498 (पति या पति के संबंधियों द्वारा स्त्री के साथ क्रूरता), दहेज निषेध अधिनियम तथा मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण अधिनियम) 2019 की धाराओं के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया है।

### लगातार सामने आ रहे हैं तीन तलाक के मामले

यह मामला न केवल दहेज जैसी सामाजिक बुराई की गहराई को उजागर करता है, बल्कि तीन तलाक जैसे संवेदनशील विषय की भी गंभीरता को सामने लाता है। सरकार द्वारा बनाए गए कानूनों के बावजूद आज भी कई महिलाएं इस प्रकार की पीड़ा और अन्याय झेलने को मजबूर हैं। पीड़िता द्वारा उठाया गया यह साहसिक कदम उन सभी महिलाओं के लिए प्रेरणा है जो अपने अधिकारों के लिए अब भी चुप हैं।

# प्रताड़ना से तंग आकर युवक ने की आत्महत्या, सुसाइड नोट से हुआ खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

## माढ़ोताल थाना क्षेत्र की घटना

**जबलपुर,देशबन्धु।** माढ़ोताल थाना अंतर्गत शारदा नगर में एक युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने के मामले में मर्ग जांच के दौरान सनसनीखेज खुलासा हुआ है। आत्महत्या के पीछे प्रताड़ना की वजह सामने आई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बजरंग नगर निवासी सुनील पटेल (42 वर्ष) ने पुलिस को सूचना दी थी कि 14 अप्रैल को शारदा नगर निवासी उसके मौसी का लड़का रामजी उर्फ सुधीर पटेल (39 वर्ष) ने घर के दरवाजे की ग्रिल में दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की थी। जांच के दौरान घटनास्थल से एक सुसाइड नोट बरामद हुआ, जिसमें साफ तौर पर लिखा था हम अतुल यादव के कारण आत्महत्या कर रहे हैं। अतुल तुम किसी के साथ ऐसा मत करना, सुनील अतुल से दूर रहना। अतुल यादव, तुम भी कभी सुखी नहीं रहोगे। परिजनों के बयान में यह तथ्य सामने आया कि करीब 6 माह पूर्व रामजी की पत्नी ने भी आत्महत्या कर ली थी, जिसके चलते रामजी को जेल जाना पड़ा था। वह लगभग 3 माह पूर्व ही जेल से रिहा हुआ था। परिजनों के अनुसार जेल से छूटने के बाद रामजी मानसिक रूप से परेशान रहता था और शराब व जुए की लत में पड़ गया था।परिजन बताते हैं कि रामजी को अतुल यादव नामक युवक द्वारा लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था। पैसों के लेन-देन, शराब और अन्य गतिविधियों को लेकर अतुल उसे मानसिक रूप से काफी दबाव में रखता था। जांच पूर्ण होने के बाद पुलिस ने शिवनगर, विजयनगर निवासी आरोपी अतुल यादव के विरुद्ध आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।



# 4 आरोपी अवैध आर्म्स के साथ पकड़े गये, 2 तलवार, 2 चाकू जप्त

**जबलपुर,देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय द्वारा जिले में पदस्थ समस्त राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को अवैध अवैध हथियार के कारोबार मे लिप्त असामाजिक तत्वों को चिन्हित करते हुये उनके विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु आदेशित किया गया है।

इसी के चलते गोहलपुर में रात्रि विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली कि लेमा गार्डन शासकीय स्कूल के पास एक व्यक्ति चाकू लिये खड़ा है सूचना पर मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी गई जहां मुखबिर के बताये हुलिये का व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में खड़ा दिखा जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया, जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया नाम पता पूछने पर अपना नाम मोह. अनीष उम्र 35 वर्ष निवासी पानी की टंकी के पास गोहलपुर बताया, तलाशी लेने पर पहने हुये लोवर में पीछे तरफ कमर में एक चाईना चाकू खोसे मिला। आरोपी के कब्जे से चाकू जप्त करते हुये आरोपी के विरूद्ध धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

# मारपीट करने वाले आरोपी की तलाश

**जबलपुर,देशबन्धु।** थाना में देर रात श्रीमती मुमताज बेगम निवासी शीशगर मोहल्ला कटंगी के अनुसार उनका छोटा लडका सवदर खान जो मजदूरी करता है, बीते दिवस सवदर खान मजदूरी करने कटगी कस्बा में गया था वह बजरिया कटंगी घरेलू सामान लेने गयी थी, रात लगभग 08/30 बजे वापस घर आयी देखी घर के बगल मे रहने वाला बाकिर खान, उसके लडका सबदर खान से घर के सामने लडाई झगड़ा कर गालियां दे रहा था, सबदर ने कहा मेरे घर में क्यो आता है और घर मैं आने से मना किया तो बाकिर खान ने सबदर को उठाकर पटक दिया और हाथ मे लिये लाठी से सबदर से मारपीट करने लगा, जिससे एक लाठी सबदर खान की बाये आख के नीचे चोट पहुंचा दी ओर बाकिर खान जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। सबदर खान को इलाज हेतु सरकारी अस्पताल कटंगी भर्ती करायी है। रिपोर्ट पर धारा 296, 115(2), 351(2) बी एन एस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

# षणयंत्र कर फर्जी रजिस्ट्री करने वाले के विरुद्ध धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज

**जबलपुर,देशबन्धु।** थाना गोहलपुर में मोहम्मद असलम निवासी गिरनार अपार्टमेंट तैय्यब अली पेट्रोल पम्प के सामने नेपियर टाऊन ने लिखित शिकायत की कि 14/03/1990 को उसने ग्राम बैतला तहसील अधारताल स्थित खसरा न. 86/31 प्लाट न.98 का कुल रकवा 2400 वर्गफुट का प्लाट प्लिंथ सहित विक्रेता अजीत कुमार जैन निवासी 550 लार्डगंज से क्रय किया था जो 1983 से मालिक काबिज चले आ रहे थे। दिनांक 17/01/1983 को अजीत कुमार जैन ने उक्त सम्पति विक्रेता संत कुमार तिवारी से क्रय की थी।

उक्त रजिस्ट्री उसके पास है एवं वह गोदाम का उपयोग कर रहा है तथा कुछ निर्माण कार्य एवं साफ सफाई करने के लिए जाते है तो युसुफ जावेद खान अपने मामा शफीक हीरा को पहुचांकर निर्माण कार्य कराने से रोक लगाता है एवं कहता है कि तुम लोग यहा पर किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य नही कर सकते। यह प्लाट मेरे भांजे युसुफ जावेद खान ने अपने नाम से खरीदा है। जबकि उसके द्वारा यह प्लाट दिनांक 14/03/1990 को क्रय किया गया था, उक्त प्लाट पर उसके द्वारा निमार्ण कार्य कराने पर युसुफ जावेद खान व उसके सहयोगियों द्वारा धक्का मुक्की की गई एवं अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया एवं मेरे निर्माण को रोकते हुये मेरे प्लाट पर कब्जा करने का प्रयास निरंतर किया जा रहा है। जब उसने रजिस्ट्री कार्यालय से जानकारी प्राप्त की तब उसे जानकारी मिली की उक्त सम्पत्ति के कूटरचित दस्तावेज तैयार कर युसुफ जावेद खान के द्वारा दिनांक 24/07/2024 को एक रजिस्ट्री निष्पादित की जिसमें युसुफ जावेद खान के द्वारा एक फर्जी महिला श्रीमती जुबेदा बी पति हातिम भाई का नाम दर्शाते हुये ऊपर वर्णित सम्पत्ति का विक्रय पत्र निष्पादित कराया। उक्त विक्रय निष्पादित पर उसके प्लाट की जानकारी एक नये एंव फर्जी रुप से विक्रय सम्पत्ति का विवरण प्रस्तुत किया जो कि भूमि मौजा बैतला न.ब.52 प.हन. 22/25 पुराना एंव नया प.ह.न.01 नया माढोताल में स्थित खसरा न 86/1/20/1/1/2 का भाग प्लाट न. 98 का कुल विक्रय प्लाट का रकवा 2400 वर्गफुट है।




युसुफ जावेद खान व उसके मामा शफीक हीरा द्वारा उसके स्वामित्व व कब्जे के प्लाट का कूटरचित एंव फर्जी दस्तावेज तैयार करके खुद को खरीददार बताते हुये श्रीमती जुबेदा बी का नाम प्रयोग करके एवं जुबेदा बी को विक्रेता बताते हुये रजिस्ट्री दिनांक 24/07/2024 को पंजीकृत करायी गयी है विक्रेता जुबेदा बी की रजिस्ट्री कार्यालय में जो छायाप्रति है की जानकारी लेने पर ज्ञात हुआ कि वास्तविक रुप से जुबेदा बी नही है। युसुफ जावेद खान एंव उसके सहयोगियों द्वारा जो कि सोच-समझकर विधिविरुध्द तरीके से कूटरचित फर्जी आधार कार्ड व दस्तावेज तैयार कर किसी अन्य महिला का जुबेदा बी नाम उपयोग कर बिना वास्तविक जुबेदा बी की जानकारी के जुबेदा बी का फर्जी आधार कार्ड एवं जुबेदा बी के हस्ताक्षर हिन्दी में करवाकर फर्जी एवं कूटरचित रजिस्ट्री अवैध रूप से निष्पादित करवाई है जबकि असली जुबेदा बाई के द्वारा प्लाट श्री एस. के. तिवारी से 15 नवम्बर 1960 को खरीदे गये थे जो कि प्लाट न. 11,37,38 एवं 136 है वह असली जुबेदा बाई ने 1983 में विक्रय कर चुकी है। हमारा प्लाट न. 98 है जो कि कोई भी इन प्लाट न. से मेल नही खाता है ।

शिकायत जांच मे पया गया कि दिनांक 14/03/1990 मौजा ग्राम बेतला न तहसील अधारताल मे स्थित पुराना खसरा नं. 86 के प्लाट नं. 98 (एस) कुल 2400 वर्गफुट मोहम्मद असलम द्वारा विक्रेता अजीत कुमार जैन निवासी 550 लार्डगंज से क्रय किया गया था उक्त संपत्ति के विक्रेता अजीत कुमार जैन ने उक्त सम्पत्ति संत कुमार से तकरीबन अडतालीस हजार रूपये मे क्रय की गई थी। उसके पूर्व यह सम्पत्ति चैरिटेबिल एण्ड रिलीजियम ट्रस्ट के मेंबर श्री संतकुमार रमा देवी तिवारी के द्वारा दिनांक 17/09/1983 को अजीत कुमार पिता श्री नेमीचंद जैन को विक्रय की गई थी उसके बाद उक्त जमीन अजीत कुमार के द्वारा दिनांक 14/03/1990 में मोहम्मद असलम को विक्रय की गई थी तभी से उक्त जमीन पर मोहम्मद असलम का कब्जा है, तथा नामतरण खसरा भी नाम पर दर्ज है। उक्त खसरे नम्बर पर मोहम्मद असलम का आधारकार्ड लिंक है।

युसुफ जावेद खान द्वारा उक्त प्लाट के सबंध मे पेश रजिस्ट्री के सबंध में पतासाजी करने पर वास्तविक जुबेदा बाई पति हातिम भाई उम्र 90 साल निवासी राजा सागर मार्ग कोतवाली वर्तमान निवासी प्लाट न. 306 साकार सनराईज अपाटमेन्ट नियर भैसासुर मंदिर सदर रोड थाना गोरखपुर से उक्त विवादित भूमि के सबंध में जानकारी लेने पर उक्त खसरा नं. 86 के प्लाट नं. 98 (एस) कुल 2400 वर्गफुट अपने नाम पर नही होना तथा जावेद खान के द्वारा पेश रजिस्ट्री के सबंध मे विस्तृत पूछताछ करने पर उक्त भूखण्ड बेचना नही बताया है।

सम्पूर्ण जांच मे आये कथन, दस्तावेज, साक्ष्यो को आधार पर युसुफ जावेद खान उम्र 27 साल निवासी म.न. 109 आनंद नगर पानी की टंकी के पास थाना गोहलपुर के द्वारा प्लाट मौजा ग्राम बेतवा तहसील आधारताल स्थित पुराना खसरा क्र. 86 के प्लाट नं. 98 से कुल 2400 वर्गफुट भूमि पर कब्जा करने के लिये विक्रेता (फर्जी) महिला श्रीमती जुबैदा बी के साथ मिलकर धोखाधड़ी के माध्यम से उक्त प्लाट को अपना बताकर उस पर कब्जा करने हेतू फर्जी रजिस्ट्री कर धोखाधडी करना पाये जाने पर धारा 318,3 (5) बीएनएस का अपराध पंजीबंध कर विवेचना मे लिया गया।

# सूने मकान का ताला तोड़कर चोरी

**जबलपुर,देशबन्धु।** थाना माढ़ोताल में रितु पटवा उम्र 22 वर्ष निवासी बाबा बर्फानी श्रीनिवास कालोनी ग्रीनसिटी ने बताया कि वह प्राईवेट जॉब करती है अपने ससुराल गोसलपुर कटरा रमखिरिया जबलपुर अपने सास ससुर से मिलने घर पर ताला लगाकर गयी थी दूसरे दिन सुबह लगभग 9 बजे गोसलपुर से वापस आकर देखी मेन दरवाजा का ताला टूटा था, आलमारी खुली हुयी थी आलमारी में रखे एक जोड़ी सोने की बाली, 2 जोड़ी सोने के बाला, 1 अंगूठी, गुल्लक मे रखे 5 हजार रूपये कोई अज्ञात चोरी कर ले गया है।

इसी तरह थाना गोहलपुर में साजदा बी निवासी अमखेरा ने बताया कि घर पर ताला लगाकर मामी और मामा ससुर रजाक खान के साथ रजा चैक अपनी सास को छोड़ने चले गये थे सास को रजा चैक में छोड़कर अपने मायके चली गयी थी घर की चाबी सास के पास रखी थीहम तीनों घर वापस आये घर के दरवाजे का ताला खुला था, अंदर जाकर देखा तो आलमारी में रखे सोने चांदी के जेवर सोने का 1 हार, 2 कंगन, 2 जोड़ी कान के गहने, 2 अंगूठी, चांदी की 2 जोड़ी पायल, एक चैन, नगदी 15 हजार रूपये के गायब थे।

## भ्रष्ट कृषि व्यवस्था से अन्नदाता परेशान, कलेक्टर से लगाई गुहार

### कृषि एसडीओ नहीं कर रहीं उर्वरक विक्रेता पर कार्रवाई

**पाटन देशबन्धु।** दशकों से कृषि विभाग में अंगद के पैर की भाती जमी कृषि विभाग की एसडीओ मैडम की कार्यशैली से पाटन नगर एवं ग्रामीण इलाकों के किसान बहुत परेशान बताए जा रहे हैं। इसकी प्रमुख वजह कृषि विभाग में दशकों से जमी एसडीओ श्रीमति इंद्रा त्रिपाठी को बताया जा रहा है। किसान वीरेन्द्र सिंह ने आरोप लगाया कि वरिष्ठ कृषि अधिकारी श्रीमति त्रिपाठी की मिली भगत से कपिल फर्टिलाईजर पाटन एवं नगर के समस्त उर्वरक विक्रय केन्द्रों से यूरिया ज्यादा कीमत पर बेची जा रही है।

वही इन पर कोई कार्यवाही न करने के बदले कृषि विभाग के आला अफसर सभी व्यवसाईयों से मोटी रकम प्रतिमाह वसूल रहे है। जिसकी वजह से पाटन नगर एवं ग्रामीण इलाकों में स्थित उर्वरक विक्रेताओं की कभी कोई जांच कृषि विभाग के द्वारा नहीं की जाती है। जिस कारण से पाटन क्षेत्र के उर्वरक फर्टिलाइजर दुकानदारों के हौंसले बुलंद है। किसान वीरेन्द्र सिंह आगे बताते हैं



कि वह पाटन चौधरी मोहल्ला में स्थित कपिल फर्टिलाइजर दुकान पर यूरिया लेने गए थे तो दुकान संचालक कपिल विश्वकर्मा ने एक बोरी यूरिया 330 रुपए के साथ 240 रूपये की एक नेनो की डिबिया साथ में लेने की बात कही। जबकि बाजार भाव यूरिया का 267 रुपए बताया जा रहा है इसी बात को लेकर दुकान संचालक एवं किसान की नोक झोंक हो गई और बिना यूरिया लिए ही उर्वरक दुकान से खाली हाथ लौटने को मजबूर, भ्रष्ट कृषि व्यवस्था से अन्नदाता को कर दिया।

इसी बीच पीड़ित किसान ने एसडीओ मैडम से शिकायत की जब कोई कार्यवाही नहीं हुई तो किसान ने 21 जुलाई 2025 को कलेक्टर दीपक सक्सेना एवं पाटन एसडीएम मानवेंद्र सिंह राजपूत से लिखित न्याय की गुहार लगा चुके है। पाटन मुख्यालय से जब भी टीम उक्त दुकान का निरीक्षण करने जाती हैं तो कृषि विभाग के अफसर पहले ही दुकानदार को सूचना दे देते है जिसकी वजह से कपिल फर्टिलाइजर का संचालक कपिल विश्वकर्मा दुकान बंद कर देता है। जब भी पीड़ित किसान कार्यवाही के संबंध में जिम्मेदारों से पूछता है तो उसे बताया जाता है कि दुकान बंद है क्या कार्यवाही करे। पीड़ित किसान जिला कलेक्टर महोदय जी से प्रार्थना कर रहा है कि दोषी उर्वरक विक्रेता की जांच करके उसका लायसेंस निरस्त करने की कार्यवाही की जावे जिससे पाटन नगर एवं ग्रामीण इलाकों में उर्वरक विक्रेताओं के द्वारा वर्षों से किसानों से मची लूट पर कुछ हद तक विराम लग सके।

## वन विभाग के प्लांटेशन साइट में मिला चौकीदार का शव

**दमोह, देशबन्धु ।** दमोह जिले के तेंदूखेड़ा वन परिक्षेत्र के एक प्लांटेशन साइट में रविवार सुबह चौकीदार इंदुर आदिवासी का शव मिला। इंदुर शनिवार सुबह रोज की तरह ड्यूटी पर गया था। शाम तक वापस नहीं लौटने पर परिजन रात भर उसे खोजते रहे। इंदुर बम्होरी गांव का रहने वाला था और तेंदूखेड़ा वन परिक्षेत्र में सुरक्षा श्रमिक के रूप में अस्थाई सेवाएं दे रहा था। मृतक के पुत्र अरविंद्र आदिवासी ने बताया कि उनके पिता शनिवार सुबह प्लांटेशन गए थे। शाम तक वापस नहीं आने पर परिवार के लोग रात भर उन्हें खोजते रहे। रविवार सुबह कुछ साथियों के साथ प्लांटेशन में उन्होंने अपने पिता का शव देखा।इंदुर के साथी धन सिंह ने बताया कि वे दोनों दिन में साथ थे। ड्यूटी खत्म होने के बाद वह घर आ गया था। शाम को कुछ मवेशी प्लांटेशन में घुस गए थे, जिन्हें निकालने इंदुर प्लांटेशन के अंदर गया था। अनुमान है कि मवेशियों को भगाते समय इंदुर फिसलकर गड्ढे में भरे पानी में उल्टा गिर गया और मुंह में पानी जाने से उसकी मौत हो गई।




## शासकीय काम में बाधा डालने वालों पर एफआईआर दर्ज

**कुंडम, देशबन्धु।** दादरगमा के चार व्यक्तियों द्वारा शासकीय काम पर व्यवधान करने वाले रोशन मार्को तीर्थ संयम राजेंद्र मार्को यह लोग और एक अज्ञात व्यक्ति है इन लोगों के ऊपर थाना कुंडम में रिपोर्ट दर्ज हुई है वन विभाग वन परिक्षेत्र अधिकारी महेश चंद कुशवाहा कुंडम से मिली जानकारी की दादरगामा हमारे बीट गार्ड से वृक्षारोपण करते समय गांव के कुछ लोगों ही आकर अभद्रता पूर्वक व्यवहार करते गाली गलोज करना जान से मारने की धमकी देने पर कार्रवाई की गई है शासकीय काम में व्यवधान जो लोग करेंगे उनके ऊपर और भी आगे कार्रवाई की जावेगी।

## सार-समाचार

### माउंट आबू में राजयोग के शिविर का आयोजन

**शहपुरा/भिटोनी, देशबन्धु।** प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के मुख्यालय शांतिवन माउंट आबू में सप्त दिवसीय राजयोग शिविर का आयोजन हो रहा है, जिसमें भारत ही नहीं अपितु सारे विश्व से लोग राजयोग शिविर का लाभ लेने पहुंच रहे हैं। उक्त शिविर में शहपुरा भिटोनी से वरिष्ठ पत्रकार राजेंद्र जैन बंधु और नगर के गणमान्य नागरिक आशीष सिंह का जाना हो रहा है, जो कि ब्रह्मकुमारी द्वारा आयोजित इस राजयोग शिविर का लाभ लेंगे। वे 27 जुलाई को सोमनाथ एक्प्रेस से माउंट आबू शांतिवन के लिए रवाना हो गए हैं आपके इस राजयोग शिविर जाने के लिए बीके भावना बहन, बीके ऊषा बहन एवं बीके वर्षा बहन ने प्रोत्साहित किया, ताकि आप राजयोग शिविर के माध्यम से राजयोग का अभ्यास कर अपने जीवन में अथाह सुख शांति और आनंद की अनुभूति करें। शिविर एक सप्ताह तक चलेगा शिविर में योग के साथ शारीरिक व्यायाम भी होगा, साथ में देश भर के विभिन्न राज्यों पातनों से लोगों पहुँच रहे हैं जवलपुर से लगभग चालीस लोगों ने आज प्रस्थान किया है।

### आचार्य प्रशिक्षण वर्ग आयोजत

**बरेला, देशबन्धु।** एकल अभियान वंन बंधु परिषद संच बरेला में चल रहें दस दिवसीय आचार्य प्रशिक्षण वर्ग के समापन समारोह में विशिष्ठ अतिथि प्रतीक दुबे संच अध्यक्ष एवं नगर अध्यक्ष सोनू सोनकर उपाध्यक्ष, अर्पित जैन भाजपा मंडल अध्यक्ष, आशीष शुक्ला जागरण समिति अध्यक्ष, पहलाद चौकसे जिला खंड कार्यवाहक , चंदन पटेल , रामस्वरूप नागेश संभाग हरि कथा प्रभारी, सुमेरी यादव संभाग हरि कथा कार्यालय प्रमुख, अरविंद यादव कार्यालय प्रमुख , गोताम यादव अभियान प्रमुख , दुर्गा झारिया प्रशिक्षण प्रमुख, चंद्र कुमार चौकसे गातिविधि प्रमुख, प्रेम मरावी, संच प्रमुख अरविंद झारिया, संच प्रमुख रश्मि लोधी ,संच प्रमुख ज्योति ठाकुर संच प्रमुख की उपस्थिति में सभी ब्लाक से आऐ हुए आचार्यों को संच समिति प्रतीक दुबे, सोनू सोनकर अर्पित जैन ,चंदन पटेल द्वारा आचार्यों को समाग्री वितरण की गई ।इस अवसर पर आशीष शुक्ला सरपंच शारदा मंदिर रिछाई द्वारा आचार्यों को पैन डायरी सप्रेम भेंट दी गई।

### शासकीय शालाओं का मरम्मत कार्य अतिशीघ्र प्रारंभ हो

**पाटन, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया की इस समय जबलपुर ज़िले में चारो तरफ बारिश हो रही है ऐसे में जिले के शहर एवं ग्रामीण इलाकों के सभी शासकीय शालाओं का बीआरसी,जन शिक्षक और इंजीनियर के द्वारा शालाओं में पहुँच कर जिन शालाओं की हालत जर्जर है या जहां की छत रिस रही है ऐसी सभी शालाओं को स्वयं चिन्हित कर रिपोर्ट तैयार कर जिला शिक्षा केंद्र में जानकारी दे जिससे अतिशीघ्र शासकीय शालाओं का मरम्मत कार्य पूर्ण हो सके जिससे नन्हे मुन्नो के साथ भविष्य में होने वाली दुर्घटना को रोका जा सके, क्योंकि तेज बारिश के चलते कभी भी कुछ भी हो सकता है अत: समय के रहते सभी सुरक्षा के इंतज़ाम कर लिए जाय। संगठन ने जिला शिक्षा अधिकारी से मांग की है कि जिले के सभी बीआरसी,जन शिक्षक और इंजीनियर सभी को आदेशित किया जाय की वे शालाओं का निरीक्षण कर रिपोर्ट तैयार कर प्रस्तुत करे जिससे अतिशीघ्र सुधार कार्य प्रारंभ हो सके। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष-रॉबर्ट मार्टिन, मीनुकांत शर्मा, हेमंत ठाकरे, राकेश श्रीवास, दिनेश गोंड, राजेश सहारिया,गुडविन चार्ल्स,रऊफ खान,दिपेश जैन, एनोस विक्टर, देवेंद्र भट, रामेश्वर प्रसाद दुबे,उमेश सिंह ठाकुर,सुनील झारिया,लालजी प्रसाद,मनमोहन चौधरी, गोपीशाह,आशीष कोरी आदि ने मांग की है।

### खेत में काम करने गये वृद्ध की करंट से मौत

**रीवा देशबन्धु।** चोरहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जुड़मनिया में खेत में काम करने गए एक वृद्ध की करंट के चपेट में आ जाने से मौत हो गई घटना के बाद परिजनों ने बिजली विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों सहित खेत से तार लगाने वालों पर लापरवाही का आरोप लगाया है घटना के संबंध में मृतक कमलेश चतुर्वेदी उम्र 62 वर्ष के भाई दिनेश चतुर्वेदी निवासी ग्राम जुड़मानिया ने जानकारी देते हुए बताया कि बीती शाम तकरीबन 6 बजे उनके भाई कमलेश घर के पास अपने खेत में काम करने गए हुए थे उन्होंने बताया कि जैसे ही उनके भाई खेत में पहुंचे तभी अचानक खेत में फैले करंट की चपेट में आ गए जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। दिनेश ने बताया कि गांव के ही कुछ लोगों द्वारा 11000 केवीए विद्युत तार से घर और मोटर पंप के कनेक्शन के लिए उनके खेत से तार बिछा कर ले गए हैं।

## पार्थिव शिवलिंग निर्माण में उमड़ी आस्था, हजारों श्रद्धालुओं ने किए दर्शन





**गांधीग्राम,देशबन्धु।** गांधीग्राम स्थित प्रसिद्ध बंजारी माता मंदिर में रविवार को अवकाश के चलते पार्थिव शिवलिंग निर्माण के लिए भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। मंदिर परिसर में आस्था और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला, जहां हजारों की संख्या में महिला, पुरुष और बच्चे शिवलिंग निर्माण में शामिल हुए।

शिवलिंग निर्माण के लिए कम पड़ीं पीतल की कोपरें-भक्तों की इतनी भारी संख्या थी कि पार्थिव शिवलिंग निर्माण के लिए पीतल की कोपरें भी कम पड़ गईं। पूरा मंदिर परिसर, पंडालों के प्रत्येक कोने, मंदिर के धर्मशाला स्थल और परिक्रमा स्थल श्रद्धालुओं से खचाखच भरा रहा। सभी ने पूरे भक्तिभाव से पार्थिव शिवलिंग का निर्माण किया।

**गृहस्थ संत पंडित देवप्रभाकर शास्त्री के सुपुत्र डॉ. अनिल शास्त्री ने कराया पूजन-** रविवार को गृहस्थ संत पंडित देवप्रभाकर शास्त्री दद्दा जी के सुपुत्र डॉ. अनिल शास्त्री ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पार्थिव शिवलिंग का अभिषेक और पूजन संपन्न कराया।

### सिहोरा विधायक के साथ ही मप्र के जिलों से आए दद्दा शिष्य मंडल

विधायक और भाजपा जिला उपाध्यक्ष सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने पार्थिव शिवलिंग निर्माण किया। इस अवसर पर मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए दद्दा शिष्य मंडल के भक्तों के साथ-साथ सिहोरा विधायक संतोष बरकड़े, भाजपा जिला उपाध्यक्ष पुष्पराज सिंह बघेल, पूर्व जनपद अध्यक्ष प्रताप सिंह बघेल, अशोक दीक्षित (छतरपुर), मोहन केशरवानी (कटनी), उदय प्रताप सिंह (पाटन), बीडीसी धर्मेन्द्र सिंह राजपूत और जेएमडी समूह के गोलू सिंह राजपूत ने भी पार्थिव शिवलिंग निर्माण पूजन में भाग लिया और मंच पर पंडित अनिल शास्त्री का सम्मान किया।

पार्थिव शिवलिंग निर्माण के बाद हुई भगवान भोलेनाथ और बंजारी माता महारानी की भव्य महाआरती पार्थिव शिवलिंग निर्माण कार्यक्रम का समापन भगवान भोलेनाथ और बंजारी माता महारानी की भव्य महाआरती के साथ हुआ। इस आध्यात्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और भक्तिमय वातावरण में लीन रहे।

पार्थिव शिवलिंगों को विधिवत स्थापित किया गया और उसके उपरांत भगवान भोलेनाथ की महाआरती का आयोजन किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार और ढोल-नगाड़ों की गूंज के बीच भक्तों ने भगवान शिव की महिमा का गुणगान किया। आरती के पश्चात, बंजारी माता महारानी की भी विशेष महाआरती की गई, जिसमें माता के जयकारे और भजनों से पूरा वातावरण गुंजायमान हो उठा। महाआरती के बाद उपस्थित सभी भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया। इस पूरे आयोजन ने क्षेत्र में आध्यात्मिक माहौल को और भी गहरा कर दिया।

### गाजे-बाजे के साथ निकला विसर्जन जुलूस

पार्थिव शिवलिंग पूजन और अभिषेक के बाद एक विशाल विसर्जन जुलूस निकाला गया। सिहोरा विधायक संतोष बरकड़े, भाजपा जिला उपाध्यक्ष पुष्पराज सिंह बघेल, पूर्व जनपद अध्यक्ष प्रताप सिंह बघेल, जनपद सदस्य धर्मेंद्र सिंह राजपूत, अर्पित चौबे, गोलू सिंह राजपूत, हरिशंकर तिवारी, अनंत नौगरिया, के के दुबे,मोहनलाल चौरसिया, गांधीग्राम सरपंच श्रीमती राधा चौरसिया, जय मां बंजारी सेवा समिति अध्यक्ष अरविंद सिंह गौर, व्यवस्थापक बसंत तिवारी, सोनू कुररिया, लक्ष्मी असाटी, उमेश शुक्ला, योगेन्द्र मिश्रा, विजय चौरसिया, नत्थू लाल चौरसिया,राजू सोनी सहित सैकड़ों महिलाओं ने पार्थिव शिवलिंग निर्मित कोपरों को सिर पर रखकर नाचते हुए जुलूस में हिस्सा लिया। यह विशाल जुलूस गाजे-बाजे के साथ करदही नदी पहुंचा, जहां वैदिक रीति-रिवाजों से पार्थिव शिवलिंगों का विसर्जन किया गया।

## बम्हनी ग्राम से निकाली कांवड़ यात्रा

**बरेला, देशबन्धु।** सावन माह में भगवान शंकर की पूजा अर्चना का क्रम निरंतर जा रही है ।भक्त जगह जगह भगवान शिव के मंदिरों में अभिषेक कर रहे है ।

इसी क्रम में ग्राम पंचायत बम्हनी के भक्तों ने दादा गुरु नर्मदा भक्त भैया जी सरकार के मार्ग दर्शन में खिरहनी घाट से तीस किलोमीटर पैदल चल ग्राम पंचायत बम्हनी में स्थित शिव मंदिर में नर्मदा जल चढ़ा कांवड़ियों ने अभिषेक किया ।बम्हनी सरपंच वर्षा नीलकमल झारिया के साथ बड़ी



संख्या में ग्राम के युवाओं ने हिस्सा लिया। साथ ही ग्राम के नागरिकों ने कांवड़ यात्रा में खिरहनी घट से बम्हनी ग्राम में पौधे लाकर भी लगाए और पर्यावरण को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया । बम्हनी सरपंच के साथ ग्राम बम्हनी के अंशुल साहू,दीपक पटेल,अखिलेश झरिया ,सहित बड़ी संख्या में भक्त जन साथ थे।

## दो किमी तक चारपाई में गर्भवती महिला को लेकर एम्बुलेंस तक पहुंचे परिजन

**सीधी देशबन्धु।** सड़क नहीं होने से गर्भवती महिला को लेने गई एंबुलेंस दो किलोमीटर पहले ही रूक गई। परिजन गर्भवती महिला को चारपाई में लेकर एंबुलेंस तक पहुंचे। बाद में महिला ने रास्ते में ही नवजात को जन्म दिया। दरअसल सेमरिया थाना अंतर्गत बरिगवां गांव में सडक़ नहीं होने के कारण एक आदिवासी गर्भवती महिला को समय पर अस्पताल नहीं पहुंचाया जा सका। जानकारी के मुताबिक और रविवार की सुबह 9 बजे के आसपास एक गर्भवती महिला प्रीति रावत को प्रसव पीड़ा होने पर परिजन खाट पर लादकर अस्पताल ले जाने पर मजबूर हुए। एंबुलेंस तो मुख्य रोड में आ गई थी लेकिन सडक़ न होने से घर से 2 किलोमीटर पहले ही एंबुलेंस रूक गई। अस्पताल लाते वक्त बीच रास्ते में ही महिला का प्रसव हो गया। बाद में महिला और नवजात को सेमरिया अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां दोनों की हालत अब स्थिर बताई जा रही है। ग्रामीणों की परेशानी यह है कि ग्राम बरिगवां की आबादी लगभग 70 लोगों की है, लेकिन आजादी के इतने सालों बाद भी यह गांव पक्की सडक़ से वंचित है।



## निजी स्कूल वाहनों में क्षमता से अधिक बैठा रहे बच्चे, आफत में जान

### खाकी का इस ओर नहीं ध्यान

**पाटन देशबन्धु।** जिले के ग्रामीण इलाकों में स्कूल वाहनों कि चैकिंग जिम्मेदारों के द्वारा नहीं करने से स्कूल प्रबंधन सहित वाहन मालिकों के द्वारा बच्चों को भेड बकरी कि तरह ठूस-ठूस कर निजी वाहनों में बिठाने के कई मामले पाटन नगर से सामने आते रहे है। ऐसा ही एक मामला नगर के कटंगी रोड पर स्थित नगर के व्यास बंधुओं के किड्स जोन इंग्लिश मीडियम स्कूल पाटन से निकलकर सामने आया है जँहा स्कूल प्रबंधन कि मिलीभगत से मारुति कंपनी की इको स्पोर्ट 7 सीटर निजी वेन में 15 से 20 बच्चों को स्कूल लाने ले जाने के लिए लगाया गया है।

शासन के नियम अनुसार स्कूल वाहनों में मेडिकल किट,अग्निशमन यंत्र, सीसीटीवी कैमरा सहित सवारी कमर्शियल (पीली नंबर प्लेट) वाले वाहन के साथ साथ चालक का हैवी कमर्शियल लाइसेंस होना अनिवार्य होता है। उन सभी नियमों की धज्जियां उड़ते हुए किड्स जोन इंग्लिश मीडियम स्कूल पाटन के द्वारा निजी वाहनों में तय क्षमता से अधिक स्कूल के बच्चों को स्कूल लाने ले जाने के लिए इन वाहनों का उपयोग धड़ल्ले से किया जा रहा है जिस पर पाटन पुलिस सहित स्कूल प्रबंधन भी खामोश है। बताया जा रहा है कि स्कूल प्रबंधन के द्वारा दर्जनों निजी वाहनों से इस स्कूल में अध्ययन करने वाले बच्चों को घर से स्कूल




और स्कूल से घर छोड़ने का कार्य ऐसे ही खटारा बिना नंबर प्लेट,इनकंप्लीट पेपर वाले वाहनों से किया जा रहा है। जिस पर जिम्मेदारों ने चुप्पी साध रखी है। खाकी की निष्क्रियता से स्कूल प्रबंधन के हौसले बुलंद बताया जाता है कि पूर्व में भी कई स्कूल की बसे एवं निजी स्कूल वाहन दुर्घटना में बच्चे अकाल मौत के शिकार हुए हैं और कई स्कूल के बच्चे घायल भी हुए हैं। इन सब घटनाओं के बावजूद न तो प्रशासन चेता है और न ही स्कूल प्रबंधन ने सबक लिया है और बिना रोक टोक के इन स्कूलों में खटारा बसों और अनफिट निजी वाहनों का उपयोग किया जा रहा है। पाटन पुलिस के द्वारा कभी भी स्कूल वाहनों की चैकिंग नहीं की जाती है। नगर के स्कूल प्रबंधन सहित निजी वाहन स्वामियों पर पाटन पुलिस का डर नहीं रहा। यही वजह है कि कानून की परवाह किए बिना स्कूल संचालक और वाहन मालिक अवैध ट्रांसपोर्टिंग के काम में मोटी कमाई करने में जुटे है।

#### इनका कहना

जब इस संबंध में पुलिस एसडीओपी सर से बात की गई तो उन्होंने बताया कि आपके माध्यम से उक्त मामला मेरे संज्ञान में आया है चूंकि 27 जुलाई रविवार छुट्टी का दिन रहता है। में आज वार्किंग डे पर इस मामले को दिखवाता हूं।

**लोकेश डाबर,**
पुलिस एसडीओपी पाटन

## सूडान संकट गहराया: अर्धसैनिक गुट ने चला राजनीतिक दांव, नई सरकार का गठन

**खार्तूम, (आईएएनएस)।** पैरामिल्ट्री रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) के नेतृत्व वाले राजनीतिक गठबंधन ने सूडान में एक समानांतर सरकार के गठन की घोषणा की है। करीब दो वर्षों से सूडान में गृहयुद्ध जारी है। इस घोषणा के बाद देश में स्थायी विभाजन की चिंताएं बढ़ गई हैं। गठबंधन के प्रवक्ता अला अल दीन नुगुद ने टेलीग्राम के जरिए प्रसारित एक टेलीविजन बयान में कहा, सूडान संस्थापक गठबंधन के नेतृत्व निकाय ने मोहम्मद हसन अल-ताइशी को शांति सरकार का प्रधानमंत्री नियुक्त करने पर सहमति जताई है। आरएसएफ कमांडर मोहम्मद हमदान डागालो को नई सरकार में सर्वोच्च संप्रभु प्राधिकारी, राष्ट्रपति परिषद का अध्यक्ष चुना गया। वहीं, सूडान पीपुल्स लिबरेशन मूवमेंट-नॉर्थ (एसपीएलएम-एन) के नेता अब्देलअजीज आदम अल-हिलू को राष्ट्रपति परिषद का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। गठबंधन से जुड़े एक सूत्र ने 'सिन्हुआ' को बताया कि समानांतर सरकार में आरएसएफ को 42 प्रतिशत, जबकि एसपीएलएम-एन को 33 प्रतिशत पद मिले। शेष 25 प्रतिशत गठबंधन के अन्य समूहों के बीच बांटे गए।

# चीन: बाढ़ से बेहाल हुआ बीजिंग, मियुन में 3,000 से ज्यादा लोगों को सुरक्षित निकाला गया

**बीजिंग, (आईएएनएस)।** चीन में हो रही मूसलाधार बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। खासकर बीजिंग के मियुन जिले में मूसलाधार बारिश के कारण 3,000 से ज्यादा निवासियों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। मियुन स्थित मौसम विज्ञान विभाग ने शनिवार रात 9 बजकर छह मिनट पर मूसलाधार बारिश के लिए एक रेड अलर्ट जारी किया, जो चीन की चार-स्तरीय मौसम चेतावनी प्रणाली में सबसे ऊंचा स्तर है। शनिवार दोपहर 12 बजे से रविवार देर रात 2 बजे के बीच, जिले में औसतन 73.5 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई, जिसमें सबसे ज्यादा बारिश हुआंगतुलियांग स्टेशन (315.3 मिलीमीटर) पर दर्ज की गई।



इस तेज बारिश के कारण अचानक बाढ़ आ गई, जिससे कई गांवों में सड़कें, बिजली आपूर्ति और संचार नेटवर्क बाधित हो गए। इसके चलते मियुन में 12 प्रमुख सड़कें बंद करनी पड़ीं, जिनमें से सात सड़कों को अब फिर से खोल दिया गया है। सभी प्रभावित गांवों से पुन: संपर्क स्थापित हो गया है। रविवार सुबह 5 बजे तक 149 गांवों के कुल 3,065 निवासियों को सुरक्षित रूप से दूसरी जगह शिफ्ट कर दिया गया है। किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। हालांकि, निकासी और बचाव अभियान अभी भी जारी हैं। मौसम विभाग के अनुसार, रविवार को मियुन में लगातार बारिश जारी रहने की संभावना है। सोमवार को हालात थोड़े बेहतर हो सकते हैं, लेकिन इस जिले के पहाड़ी इलाकों में मूसलाधार बारिश का खतरा बना हुआ है। इस बीच, मियुन फ्लड कंट्रोल एंड ड्राउट रिलीफ हेडक्वार्टर ने संबंधित बचाव कार्यों को अंजाम देने के लिए लेवल-वन बाढ़ नियंत्रण आपातकालीन प्रतिक्रिया को सक्रिय कर दिया है। बीते कुछ हफ्तों से चीन में मूसलाधार बारिश जारी है। पिछले हफ्ते, बीजिंग म्युनिसिपल गवर्नमेंट ने तूफानी बारिश की चेतावनी को येलो में अपग्रेड कर दिया, जो तीसरी सबसे बड़ी चेतावनी है। इसी के साथ पूरे शहर में बाढ़ नियंत्रण आपातकालीन प्रतिक्रिया को सक्रिय कर दिया। इस चेतावनी में पहाड़ी इलाकों में अचानक बाढ़, मिट्टी धंसने, भूस्खलन और निचले इलाकों में जलभराव की भी आशंका जताई गई थी। जल विज्ञान और मौसम विज्ञान के अधिकारियों ने संयुक्त रूप से विशिष्ट क्षेत्रों के लिए जलभराव और पर्वतीय बाढ़ की चेतावनी जारी की है। इसके साथ ही लोगों को जलभराव वाले क्षेत्रों से बचने और पर्वतीय क्षेत्रों से दूर रहने की सलाह दी है।

# पाकिस्तान में पोलियो के तीन नए मामलों की पुष्टि, साल 2025 में कुल संख्या बढ़कर 17 हुई

**इस्लामाबाद, (आईएएनएस)।** पाकिस्तान में पोलियो के तीन नए मामले सामने आए हैं, जिससे साल 2025 में देश में कुल पोलियो मामलों की संख्या बढ़कर 17 हो गई है। इनमें से दो मामले खैबर पख्तूनख्वा और एक मामला सिंध प्रांत से दर्ज किया गया है।

नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ (एनआईएच) के रीजनल रेफरेंस लेबोरेटरी फॉर पोलियो इरैडिकेशन के अनुसार, नए मामले खैबर पख्तूनख्वा के उत्तरी वजीरिस्तान और लक्की मरावट तथा सिंध के उमरकोट से सामने आए हैं। प्रभावित बच्चों में लक्की मरावट के यूनियन काउंसिल तख्तीखेल से 15 महीने की एक बच्ची, उत्तरी वजीरिस्तान के यूनियन काउंसिल मीर अली-3 से छह महीने की एक बच्ची और उमरकोट के यूनियन काउंसिल चाजरो से पांच साल का एक बच्चा शामिल है।

रिपोर्ट के मुताबिक, साल 2025 में अब तक पाकिस्तान में पोलियो के 17 मामले सामने आए हैं, जिनमें 10 खैबर पख्तूनख्वा, पांच सिंध, एक पंजाब और एक पाकिस्तान अधिकृत गिलगित-बाल्टिस्तान से हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, पोलियो संक्रामक वायरल बीमारी है, जो मुख्य रूप से पांच साल से कम उम्र के बच्चों को प्रभावित करती है। इसका कोई इलाज नहीं है, लेकिन बार-बार वैक्सीनेशन से इसे रोका जा सकता है। पोलियो का टीका कई बार देने पर



बच्चे को जीवनभर सुरक्षा प्रदान करता है। इस बीच, 21 से 27 जुलाई तक सीमावर्ती यूनियन काउंसिल में एक स्पेशल वैक्सीनेशन कैंपेन चलाया जा रहा है, जो अफगानिस्तान के सब-नेशनल पोलियो कैंपेन के साथ समन्वित है। इसके अलावा, 21 जुलाई से बलूचिस्तान के जिला चमन में एक फ्रैक्शनल आईपीवी-ओपीवी अभियान शुरू हुआ है, जो 28 जुलाई से प्रांत के अन्य छह जिलों में लागू होगा। राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान (एनआईएच) की प्रयोगशाला ने 31 जिलों की सीवेज लाइनों से 38 नमूने एकत्र कर उनका परीक्षण किया। इनमें डेरा इस्माइल खान, सुक्कुर और कराची के नमूनों में वाइल्ड पोलियो वायरस टाइप 1 पाया गया। यह दर्शाता है कि इन क्षेत्रों में पोलियो वायरस मौजूद है, जिससे बच्चों में इसके फैलने का खतरा है। टीकाकरण ही इसका बचाव है।

## आज का इतिहास

1586: इंगलैंड से वापस लौटने पर सर थामस हेरिओट ने यूरोप को आलू के बारे में बताया।

741: कैप्टन बेरिंग ने माउंट सैंट एलियास, अलास्का की खोज की।

742: प्रशिया और आस्ट्रिया ने शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए।

1821: पेरू ने स्पेन से स्वतंत्रता की घोषणा की।

1858: सर विलियम जेम्स हर्शेल का जन्म, जिन्होंने फिंगर प्रिंट को पहचान का बेहतर जरिया बताया।

1866: अमेरिका में मापने की मीट्रिक प्रणाली को वैधानिक मान्यता मिली।

1914: प्रथम विश्व युद्ध की शुरुआत।

1914: एस.एस. कामागाता मारू को वेंकुवर से निकाला गया और भारत रवाना कर दिया गया।

1925: हेपेटाइटिस का टीका खोजने वाले बारुक ब्लमर्ग का जन्म। 28 जुलाई को ही विश्व हेपेटाइटिस डे मनाया जाता है।

## सुडोकू 6987

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 8 | | | 5 | |
| 6 | | 4 | | | 7 | | | 9 |
| 5 | | 1 | | | 2 | | 6 | |
| | | | | 2 | 3 | | | |
| | | | 4 | | 9 | | | |
| | | | 6 | 5 | | | | |
| | 6 | | 8 | | | 2 | | 7 |
| 3 | | | 7 | | | 6 | | 5 |
| | 4 | | | 6 | | | 9 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

# थाईलैंड-कंबोडिया सीमा संघर्ष 80,000 कंबोडियाई ग्रामीणों ने छोड़ा घर, स्कूल बंद

**नोम पेन्ह, (आईएएनएस)।** थाईलैंड और कंबोडिया के बीच सशस्त्र संघर्ष चौथे दिन में प्रवेश कर गया है, जिसके कारण कंबोडिया के लगभग 80,000 ग्रामीण अपने घर छोड़कर सुरक्षित स्थानों पर शरण लेने को मजबूर हो गए हैं। कंबोडिया के रक्षा मंत्रालय की उप सचिव और प्रवक्ता लेफ्टिनेंट जनरल मैली सोचेटा ने रविवार को एक प्रेस ब्रीफिंग में यह जानकारी दी।



सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने उनके हवाले से बताया कि प्रीह विहार, ओड्डार मीनचेय और पुरसत प्रांतों में 25,000 परिवारों, यानी करीब 80,000 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया है। इसके अलावा, 536 स्कूलों को बंद कर दिया गया है, जिससे 130,000 छात्र प्रभावित हुए हैं। गुरुवार को शुरू हुए इस सशस्त्र संघर्ष में दोनों पक्षों से अब तक 30 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है और 100,000 से ज्यादा लोग सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित किए गए हैं। दोनों देश एक-दूसरे पर अंतरराष्ट्रीय कानून के उल्लंघन और पहले गोलीबारी शुरू करने का आरोप लगा रहे हैं। कंबोडिया के स्टेट सेक्रेटेरियट ऑफ सिविल एविएशन (एसएससीए) ने शनिवार को थाईलैंड के साथ युद्ध क्षेत्रों के ऊपर से सभी उड़ानों पर प्रतिबंध लगा दिया। एसएससीए के सचिव सिन चान्सेरी वुथा ने बताया कि सभी एयरलाइंस को संघर्ष क्षेत्रों (जिसमें पोइपेट शहर, पैलिन प्रांत और सिएम रीप प्रांत का कुछ हिस्सा शामिल है) के ऊपर से उड़ान भरने से बचने के लिए कहा गया है। उन्होंने एक ऑडियो संदेश में बताया कि विमानों को 1,200 मीटर से कम ऊंचाई पर उड़ान भरने की अनुमति नहीं है।

यह कदम विमानों और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है। वुथा ने कहा कि 26 जुलाई की सुबह 10 बजे तक, नोम पेन्ह से बैंकॉक और सिएम रीप से बैंकॉक की अंतरराष्ट्रीय उड़ानें सामान्य रूप से चल रही हैं, क्योंकि विमानों ने प्रतिबंधित हवाई क्षेत्रों से बचने के लिए अपने मार्ग बदल लिए हैं।

## थाईलैंड-कंबोडिया के बीच संघर्ष जारी, सीमावर्ती क्षेत्रों में तनाव

**बैंकॉक, (आईएएनएस)।** थाईलैंड की राष्ट्रीय प्रसारण सेवा ने थाई सेना के सूत्रों के हवाले से बताया कि रविवार तड़के थाईलैंड-कंबोडिया सीमा पर गोलीबारी जारी रही। सिन्हुआ ने स्थानीय प्रसारक के हवाले से बताया कि स्थानीय समयानुसार सुबह 6:40 बजे, कंबोडियाई तोप के गोले सुरिन प्रांत में एक नागरिक के घर पर गिरे। स्थानीय समयानुसार सुबह 7:00 बजे तक भारी हथियारों की आवाजें छिटपुट रूप से सुनी जा सकती थीं। हालांकि राष्ट्रपति ट्रंप से दोनों पक्षों की बातचीत के बाद दावा किया गया कि संघर्ष विराम पर बात सार्थक दिशा में आगे बढ़ गई है। कंबोडिया और थाईलैंड के बीच सीमावर्ती क्षेत्रों में झड़पें गुरुवार को शुरू हुईं, जिसमें दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन करने का आरोप लगाया। इससे पहले सीजफायर को लेकर थाई मीडिया ने कहा कि कंबोडियाई प्रधानमंत्री हुन मानेट ने शनिवार रात घोषणा की कि उन्होंने थाईलैंड-कंबोडिया सीमा पर बढ़ते सशस्त्र संघर्ष पर चर्चा के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से बात की, जिसके बाद तत्काल और बिना शर्त युद्धविराम के लिए कंबोडिया ने सहमति जताई। 27 जुलाई को सुबह लगभग 2 बजे अपने आधिकारिक सोशल मीडिया पेज समदेच थिपादेई हुन मानेट, कंबोडिया के प्रधानमंत्री पर पोस्ट किए गए एक बयान में, हुन मानेट ने कहा कि ट्रंप के साथ उनकी बातचीत 26 जुलाई की रात को हुई थी, जिसमें अमेरिकी राष्ट्रपति ने दोनों पक्षों में सैन्य कर्मियों और नागरिकों, दोनों के बढ़ते हताहतों की संख्या पर गंभीर चिंता व्यक्त की थी। हुन मानेट ने कहा, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने युद्ध और लड़ाई को समाप्त होते देखने की इच्छा व्यक्त की, जिससे गंभीर जनहानि हो रही है। उन्होंने आगे कहा, उन्होंने लंबे समय से दुनिया भर के संघर्षों में मध्यस्थता की भूमिका निभाई है, और एक बार फिर शांति स्थापित करने का प्रयास कर रहे हैं।

## गाजा में अस्थायी युद्धविराम पर माने नेतन्याहू

**यरूशलम, (आईएएनएस)।** इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने रविवार को गाजा में अस्थायी युद्ध विराम का ऐलान किया है। इजरायली मीडिया ने यह जानकारी दी। इजरायल के सरकारी टीवी चैनल कान न्यूज के अनुसार, प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज, विदेश मंत्री गिदोन सार और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ चर्चा के बाद गाजा की स्थिति पर अंतरराष्ट्रीय दबाव में यह फैसला लिया।

इससे पहले, शनिवार को इजरायली रक्षा बलों ने एक बयान में कहा था कि गाजा में मानवीय सहायता की हवाई आपूर्ति देर रात फिर से शुरू हो जाएगी। इस बीच, फिलिस्तीनी सूत्रों और प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि शनिवार शाम को उत्तरी गाजा के कई इलाकों में मानवीय सहायता की हवाई डिलीवरी फिर से शुरू हुई। आईडीएफ ने खुद इसकी जानकारी टेलीग्राम पोस्ट के जरिए दी। रविवार की सुबह एक बयान में, इजरायल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ़) ने कहा कि हवाई मार्ग से पहुंचाई गई सहायता में आटा, चीनी और डिब्बाबंद खाद्य सामग्री वाले सात पैकेज शामिल हैं।

# मिशिगन के वॉलमार्ट में चाकूबाजी की घटना, 11 घायल

**मिशिगन, (आईएएनएस)।** मिशिगन के ट्रैवर्स सिटी में वॉलमार्ट सुपरमार्केट में चाकूबाजी की दिल दहला देने वाली घटना में कम से कम 11 लोग घायल हो गए। इनमें से छह लोगों की हालत गंभीर है। ग्रैंड ट्रैवर्स काउंटी के शेरिफ माइकल शीया ने इसे एक यादृच्छिक हमला बताया। पुलिस ने एक संदिग्ध को हिरासत में ले लिया है। सिन्हुआ ने स्थानीय मीडिया के हवाले से बताया कि शेरिफ शीया ने कहा, 11 लोग घायल होना भी बहुत है, लेकिन शुक्र है कि यह संख्या और अधिक नहीं थी।

घटना के बाद वॉलमार्ट के बाहर आपातकालीन वाहन और पुलिसकर्मी तैनात थे। मिशिगन स्टेट पुलिस ने बताया कि संदिग्ध को हिरासत में लिया गया। शीया ने कहा कि संदिग्ध मिशिगन का निवासी है और उसने हमले में एक फोल्डिंग चाकू का इस्तेमाल किया। हालांकि, संदिग्ध के बारे में और जानकारी साझा नहीं की गई। मुनसन हेल्थकेयर, जो उत्तरी मिशिगन का सबसे बड़ा अस्पताल है, ने सोशल मीडिया पर बताया कि 11 घायलों का इलाज चल रहा है। अस्पताल की प्रवक्ता मेगन ब्राउन ने बताया कि सभी पीड़ित चाकूबाजी के शिकार हैं।

शनिवार देर रात तक छह लोग गंभीर हालत में थे, जबकि पांच की हालत स्थिर लेकिन गंभीर थी। स्थानीय मीडिया के मुताबिक, 36 वर्षीय टिफनी डेफेल, जो ट्रैवर्स सिटी से 25 मील दूर होनर में रहती हैं, ने बताया कि वह पार्किंग में थीं जब यह हादसा हुआ। उन्होंने कहा, यह बहुत डरावना था। मैं और मेरी बहन बहुत डर गए थे।

मिशिगन की गवर्नर ग्रेचेन व्हिटमर ने इस घटना पर दुख जताया और कहा, हमारी संवेदनाएं पीड़ितों और इस हिंसक




घटना से प्रभावित समुदाय के साथ हैं। एफबीआई के उपनिदेशक डैन बोंगिनो ने सोशल मीडिया पर कहा कि एफबीआई अधिकारी स्थानीय पुलिस को सहायता देने के लिए मौके पर हैं। ट्रैवर्स सिटी, लेक मिशिगन के तट पर स्थित एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल है, जो अपने चेरी फेस्टिवल, वाइनरी और लाइटहाउस के लिए जाना जाता है। यह स्लीपिंग बेयर ड्यून्स नेशनल लेकशोर से 25 मील (40 किमी) पूर्व में है।

## वर्ग पहेली 6987

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | ■ | | ■ | ७ | | | |
| | ■ | ८ | ९ | | | | ■ | | ■ |
| ■ | १० | ■ | | ■ | ■ | ■ | ११ | ■ | १२ |
| १३ | | | | ■ | १४ | ■ | १५ | | |
| ■ | | ■ | १६ | | | | ■ | ■ | |
| १७ | | | ■ | ■ | | ■ | १८ | १९ | |
| | ■ | ■ | २० | | | २१ | ■ | | ■ |
| २२ | | | | ■ | ■ | २३ | | | |

**बायें से दायें:-**

१ सम्मोहित

३. गणेश,

५. गर्व, घमंड

६. प्राप्त, लब्ध (उर्दू)

७. श्रीकृष्ण के बड़े भाई

८. अंधाधुंध, लगातार

१३. आवरणहीन, उजागर (उर्दू)

१५. प्रारब्ध, भाग्य

१६. मददगार

१७. निखार, दीप्ति

१८. खिताब, पदवी (उर्दू)

२०. दूसरों के साथ किया जाने वाला व्यवहार

२२. संतुलित, नापतौल किया गया

२३. नई नवेली दुल्हन

**ऊपर से नीचे:-**

१. धीमी हँसी

२. गलतफहमी, भ्रम, भ्रांति (उर्दू)

३. अव्यवस्था, घपला

४. पत्थरबाजी

५ अल्पवयस्क, मासूम निर्दोष

९. हठात

१०. तहकीकात

११. सौर मंडल का एक ग्रह

१२. नुमाइंदा

१४. नाकाबिलियत

१७. प्रकाशित, आलोकित (उर्दू)

१९. पृथ्वी संबंधी

२०. विपत्ति, प्रेतबाधा (उर्दू)

२१. कानन, विपिन

## वर्ग पहेली-6986

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ बे | आ | २ ब | रू | ■ | ■ | ३ ज | न | ४ सं | ख्या |
| ल | ■ | र | ■ | ५ नि | श्च | ल | ■ | स्था | ■ |
| ६ गा | लि | ब | ■ | शि | ■ | ७ पा | र | प | त्र |
| म | ■ | ८ स | ९ म | का | ली | न | ■ | क | ■ |
| ■ | १० का | ■ | नो | ■ | ■ | ■ | ११ भ | ■ | १२ ए |
| १३ अ | त्या | चा | र | ■ | १४ प | ■ | १५ व्य | थि | त |
| ■ | य | ■ | १६ थ | का | व | ट | ■ | ■ | बा |
| १७ मु | नी | म | ■ | ■ | ना | ■ | १८ व्या | १९ पा | र |
| हि | ■ | ■ | २० अ | वि | र | २१ ल | ■ | व | ■ |
| २२ म | क | त | ब | ■ | ■ | २३ त | र | क | श |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

सुरक्षा | महिला यात्रियों के लिए सबसे अधिक मांग वाली सहायता प्रणाली बनी महिला सुरक्षा कर्मी

# अमरनाथ यात्रा के बालटाल अक्ष पर जीता यात्रियों का दिल

**जम्मू, (देशबन्धु)। भक्ति और कठिन पहाड़ी रास्तों के बीच, अमरनाथ यात्रा के बालटाल अक्ष पर एक शांत लेकिन शक्तिशाली बल दिल जीत रहा है तो वह है केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की महिला 'क्या मैं आपकी मदद कर सकती हूं' टीम। केरिपुब द्वारा यहां जारी एक बयान में कहा गया है कि 'क्या मैं आपकी मदद कर सकती हूं' शब्दों से चिह्नित विशिष्ट नारंगी रंग की जैकेट पहने, यह सीआरपीएफ महिला कर्मी तीर्थयात्रियों, विशेष रूप से महिला यात्रियों के लिए सबसे अधिक मांग वाली सहायता प्रणाली बन गई हैं।**

यात्रा-पूर्व औपचारिकताओं में तीर्थ यात्रियों का मार्गदर्शन करने से लेकर प्राथमिक उपचार प्रदान करने, पेयजल वितरित करने और यहां तक कि बीमार तीर्थ यात्रियों को बेस अस्पताल तक ले जाने तक, उनकी करुणा और प्रतिबद्धता ने आध्यात्मिक यात्रा में एक मानवीय स्पर्श जोड़ा है। मणिगाम बेस कैंप और बालटाल-दोमेल प्रवेश द्वार के पास प्रमुख स्थानों पर तैनात, यह पहल सीआरपीएफ श्रीनगर उत्तर के उप महानिरीक्षक (डीआईजी) और बालटाल अक्ष के प्रभारी की प्रत्यक्ष देखरेख में चलाई जा रही है। उन्होंने बताया कि 'क्या मैं आपकी मदद कर सकता/सकती हूं' यात्रा के सबसे



■ **महिला तीर्थ यात्रियों की सुरक्षा में तैनात है मणिगाम बेस कैंप**

लोकप्रिय हेल्प डेस्क के रूप में तेजी से उभर रहा है, जो यात्रियों को न्यूनतम असुविधा के साथ अधिकतम सुरक्षा प्रदान करता है।' केरिपुब प्रवक्ता के अनुसार, चाहे वह सांत्वना भरे शब्द कहना हो, आवास संबंधी जानकारी में सहायता करना हो, या चिकित्सा आपात स्थिति में मदद करना हो, इन महिलाओं ने सुरक्षा की अवधारणा को विश्वास और गर्मजोशी के स्तंभ में बदल दिया है। कई मामलों में, टीम की त्वरित प्रतिक्रिया के कारण बीमार महिला तीर्थ यात्रियों को एम्बुलेंस में तुरंत पहुंचाया गया। उनकी उपस्थिति ने महिला तीर्थ यात्रियों में आत्मविश्वास की भावना पैदा की है, और अब कई महिला तीर्थयात्री किसी भी सहायता के लिए सहज रूप से इन नारंगी जैकेट पहने सहायकों के पास जाती हैं। इनके साथ ही, सीआरपीएफ की पर्वतीय बचाव टीमें (एमआरटी) भी अपने महत्वपूर्ण मिशन को जारी रखते हुए, जोखिम भरे हिमालयी इलाके में बचाव, राहत और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अथक प्रयास कर रही हैं। साथ में, सीआरपीएफ की ये पहल तीर्थयात्रा सुरक्षा के लिए एक प्रगतिशील, जन-प्रथम दृष्टिकोण को दर्शाती हैं, जहां शक्ति करुणा से मिलती है, और सतर्कता देखभाल के साथ-साथ चलती है। गौरतलब है कि दक्षिण कश्मीर हिमालय स्थित पवित्र अमरनाथ गुफा में बाबा बर्फानी के दर्शन करने के लिए 2,896 तीर्थयात्रियों का एक नया जत्था गत शुक्रवार सुबह बम बम भोले का जयघोष करते हुए यात्री निवास भगवती नगर आधार शिविर से रवाना हुआ था।

# खेल जगत

## पांचवें दिन राहुल और गिल का अपनी लय को फिर से हासिल करना अहम : मांजरेकर



**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय बल्लेबाज संजय मांजरेकर का मानना है कि केएल राहुल और कप्तान शुभमन गिल को ओल्ड ट्रैफर्ड में पांचवें दिन बल्लेबाजी के लिए फिर से एकजुट होकर अपनी लय हासिल करनी होगी। भारतीय टीम पहले ही ओवर में यशस्वी जायसवाल और साई सुदर्शन का विकेट गंवा चुकी थी, तब तक टीम इंडिया का खाता भी नहीं खुला था। यहां से राहुल और गिल ने टीम को संभालते हुए चौथे दिन की समाप्ति तक 174 रन की अटूट साझेदारी की। अब फिलहाल इंग्लैंड के पास 137 रन की लीड है। राहुल 87, जबकि गिल 78 रन बनाकर नाबाद हैं। दोनों बल्लेबाजों के सामने मैच को ड्रॉ करवाने की चुनौती होगी। मांजरेकर ने 'जियो हॉटस्टार' पर कहा कि रविवार को दो अहम पड़ाव हैं। पहला पड़ाव, दिन के शुरुआती 30 मिनट हैं। क्रीज पर सेट केएल राहुल और शुभमन गिल को रातभर के ब्रेक के बाद फिर से अपनी लय हासिल करनी होगी।

# गिल का शतक, भारत चार विकेट पर 223 रन

सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली, 27 जुलाई (देशबन्धु)। कप्तान शुभमन गिल के मौजूदा टेस्ट सीरीज के चौथे शतक और उनकी सलामी बल्लेबाज केएल राहुल के साथ तीसरे विकेट की 188 रन की भागीदारी के बाद दोनों के विकेट लंच से पहले गंवा कर भारत पांच टेस्ट की एंडरसन तेंडुलकर ट्रॉफी के ओल्ड ट्रेफर्ड मैनचेस्टर में चौथे क्रिकेट टेस्ट के पांचवें व अंतिम दिन रविवार को लंच तक अपनी दूसरी पारी में चार विकेट पर 223 रन बनाने के बावजूद मुश्किल में फंस गया था। इंग्लैंड की पहली पारी को खत्म करने के लिए भारत को अभी भी 88 रन की ओर जरूरत है दूसरी पारी में उसके छह (बशर्ते टूटे पैर के बावजूद ऋषभ पंत बल्लेबाजी के लिए उतरे) विकेट बाकी हैं। भारत के लिए लंच से पहले के अंतिम पूर्व ओवर में शुभमन गिल का विकेट खोना भारत के लिए बड़ा झटका रहा और यदि वह क्रीज डटे रहते तो भारत के लिए चौथा टेस्ट बचाने की बड़ी उम्मीद बाकी थी। बेशक केएल राहुल इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स की जिस गेंद पर आउट हुए वह वाकई बेहद मुश्किल गेंद थी जबकि कप्तान शुभमन गिल ने आर्चर की जिस गेंद को कट करने की कोशिश की उससे वह बच सकते थे। बेशक शुभमन गिल के आउट होने से भारत को चौथा टेस्ट ड्रॉ कराने की उम्मीदों को झटका लगा है। सलामी बल्लेबाज केएल राहुल राहुल (87 रन, 210 गेंद, 8 चौके) और कप्तान शुभमन गिल (78, 167, 10 चौके) ने सुबह भारत की दूसरी पारी पांचवें व अंतिम दिन 63 ओवर में दो विकेट प 174 से आगे शुरू की। शुभमन गिल (79) ने बेन स्टोक्स की दूसरे ओवर की पांचवी गेंद को ड्राइव करने गए और गेंद ऑली पॉप ने शॉर्ट कवर पर गोता लगा उसे लपकने की कोशिश की लेकिन गेंद उनकी उगलियों के उपर निकल गई और तब भारत का स्कोर 67 वें ओवर में दो विकेट पर 179 रन था।



### गिल और राहुल ने टेस्ट इतिहास रचा इतिहास

**नई दिल्ली।** भारत और इंग्लैंड के बीच मैनचेस्टर में टेस्ट सीरीज का चौथा मैच जारी है, जिसमें एक अनूठा कारनामा दोहराया गया। टेस्ट इतिहास में ऐसा दूसरी बार हुआ, जब विदेशी सरजमीं पर एक ही टेस्ट सीरीज में दो भारतीय बल्लेबाजों ने 500+ रन बनाए। इंग्लैंड के विरुद्ध इस टेस्ट सीरीज में शुभमन गिल ने चार मुकाबलों की आठ पारियों में 99.57 की औसत के साथ 697 रन बनाए हैं। वहीं, दूसरी तरफ केएल राहुल चार मुकाबलों की आठ पारियों में 72.57 की औसत के साथ 508 रन जोड़ चुके हैं। यह दोनों ही बल्लेबाज चौथे दिन की समाप्ति तक नाबाद थे।

इंग्लैंड की सरजमीं पर 500+ रन

### राहुल और गिल के कंधों पर भारत को बचाने की जिम्मेदारी

**मैनचेस्टर।** ओपनर केएल राहुल (नाबाद 87) और कप्तान शुभमन गिल (नाबाद 78) की जबरदस्त पारियों तथा उनके बीच तीसरे विकेट के लिए 174 रन की साहसिक अविजित साझेदारी की बदौलत भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट के चौथे दिन शनिवार को दो विकेट पर 174 रन बना लिए हैं। भारत अभी इंग्लैंड की पहली पारी की 311 रन की बढ़त से 137 रन पीछे है और भारत को मैच बचाने के लिए, कल पूरा दिन सुरक्षित निकालना है। क्या ही कहा जाए इन दो बल्लेबाजों के बारे में। 60 ओवर खेल गए हैं ये दोनों बल्लेबाज। भारत ने दूसरे सेशन में 85 और तीसरे में 88 रन बनाए हैं, वह भी बिना कोई विकेट गंवाए। यह लाजवाब है 174 पर दो विकेट कर स्कोर। लेकिन ध्यान देने वाली बात यह भी है कि भारत अभी भी 137 रनों से पीछे है। बहुत ही तगड़ा फाइटबैक दिखाया है।

## तैराकी प्रतियोगिता में सुमर मैकिन्टोश ने महिला वर्ग और लुकास मार्टेंस ने पुरुष वर्ग का जीता खिताब

**सिंगापुर,** 27 जुलाई (एजेंसियां)। विश्व एक्वेटिक्स चैंपियनशिप 2025 को तैराकी प्रतियोगिता में महिलाओं की 400 मीटर स्पर्धा के फाइनल में कनाडाई सुपरस्टार सुमर मैकिन्टोश ने लंबी दूरी की तैराकी की क्वीन केटी लेडेकी को हराकर स्वर्ण पदक जीता। वहीं जर्मनी के ओलंपिक चैंपियन और विश्व रिकॉर्ड धारक लुकास मार्टेंस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरुष वर्ग का खिताब अपने नाम किया। कनाडाई सुपरस्टार समर मैकिन्टोश ने महिलाओं के 400 मीटर फाइनल में 3:56.26 के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता। ओलंपिक रजत पदक विजेता मैकिन्टोश शुरू से आखिरी तक दौड़ में आगे रही और केटी लेडेकी को इस स्पर्धा में अपना पांचवां खिताब जीतने से रोक दिया। चीन की ली बिंगजी 3:58.21 के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि लेडेकी ने 3:58.49 के समय के साथ कांस्य पदक जीता। यह मैकिन्टोश के करियर का नौवां लॉन्ग-कोर्स विश्व खिताब है। पुरुष वर्ग में मौजूदा ओलंपिक 400 मीटर फ्रीस्टाइल चैंपियन लुकास मार्टेंस ने ऑस्ट्रेलिया के 2023 विश्व चैंपियन सैम शॉर्ट को 0.02 सेकंड से हराकर अपना पहला वैश्विक खिताब जीता।



■ कनाडाई सुपर स्टार समर मैकिन्टोश ने महिलाओं के 400 मीटर फाइनल में स्वर्ण पदक जीता

# 15वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैम्पियनशिप आज से चेन्नई में

**नई दिल्ली,** 27 जुलाई (एजेंसियां)। 15वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2025 सोमवार से तमिलनाडु में चेन्नई के एमआरके हॉकी स्टेडियम में शुरू होगी। 28 से जुलाई से आठ अगस्त तक चलने वाले इस चैंपियनशिप में 29 टीमें भाग लेंगी। इन टीमों को ए,बी और सी डिवीजन में विभाजित किया गया है। टूर्नामेंट में नए शुरू किए गए डिवीजन-आधारित प्रारूप का पालन करेगा, जिसे पहली बार इस साल की शुरुआत में सीनियर पुरुष और महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप के दौरान और इस महीने की शुरुआत में महिला सब जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप के दौरान लागू किया गया था।

पुरुष सब जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप के डिवीजन ए में देश की शीर्ष 12 टीमें शामिल हैं और इसमें पूल ए में गत चैंपियन उत्तर प्रदेश, पूल बी में पिछले साल की उपविजेता हरियाणा और पूल सी में दूसरे उपविजेता पंजाब शामिल होंगी। इस बीच, डिवीजन बी और डिवीजन सी में वे टीमें शामिल होंगी जो शीर्ष 12 रैंकिंग में नहीं हैं। ये अगले साल की राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए रैंकिंग में ऊपर चढ़ने और उच्च डिवीजन में जगह बनाने के लिए संघर्ष करेंगी। डिवीजन 'ए' (शीर्ष स्तरीय चैंपियनशिप डिवीजन): टीमें खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी, और 11वीं और 12वीं रैंक वाली टीमों को डिवीजन 'बी' में भेज दिया जाएगा। प्रत्येक टीम अपने पूल में राउंड-रॉबिन मैच खेलेगी। प्रत्येक पूल से शीर्ष दो टीमें पांच अगस्त को क्वार्टरफाइनल, उसके बाद सेमीफाइनल (छह अगस्त) और फाइनल तथा तीसरे स्थान के प्लेऑफ (आठ अगस्त) के लिए क्वालीफाई करेंगी। एफआईएच टूर्नामेंट विनियमों के अनुसार डिवीजन ए में, यदि कोई क्लासिफिकेशन मैच निर्धारित समय के अंत में ड्रॉ पर समाप्त होता है, तो विजेताओं का निर्धारण करने के लिए एक शूट-आउट होगा। डिवीजन 'बी' (मध्य-स्तरीय डिवीजन) : केवल लीग मैच होंगे, जिसमें शीर्ष दो रैंक वाली टीमों को डिवीजन 'ए' में पदोन्नत किया जाएगा और अंतिम दो रैंक वाली टीमों को डिवीजन 'सी' में स्थानांतरित कर दिया जाएगा। डिवीजन 'बी' के मैच 28 जुलाई से शुरू होकर एक अगस्त को समाप्त होंगे।





### डिवीजन ए के मुकाबले एक अगस्त से शुरू होंगे

**टीमें इस प्रकार हैः**

पूल एः उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और दिल्ली।

**पूल बीः** हरियाणा, दादरा एवं नगर हवेली तथा दमन एवं दीव और तमिलनाडु।

**पूल सीः** पंजाब, झारखंड और कर्नाटक।

पूल डीः ओडिशा, चंडीगढ़ और महाराष्ट्र।

### टीमें इस प्रकार है

**पूल एः** अरुणाचल, छत्तीसगढ़, बंगाल, गुजरात और गोवा।

**पूल बीः** केरल, मणिपुर, हिमाचल, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना।

**डिवीजन 'सी' ( प्रवेश-स्तरीय डिवीजन ):** केवल लीग मैच होंगे, जिसमें शीर्ष दो रैंक वाली टीमों को डिवीजन 'बी' में पदोन्नत किया जाएगा। डिवीजन 'सी' के मैच 28 जुलाई से शुरू होकर 31 जुलाई को समाप्त होंगे।

### टीमें इस प्रकार है

**पूल एः** राजस्थान, पुडुचेरी, जम्मू और कश्मीर।

**पूल बीः** बिहार, उत्तराखंड, मिजोरम और त्रिपुरा।

### तीनों डिवीजनों में, टीमों को जीत पर तीन अंक, ड्रॉ पर 1 अंक मिलेंगे।

इस अवसर पर हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा कि नए डिवीजन-आधारित प्रारूप को लेकर हमें बहुत सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है, जिससे घरेलू खिलाड़ियों के लिए प्रतियोगिता और भी दिलचस्प हो गई है। इस महीने की शुरुआत में आयोजित सब जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप को भी बहुत सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली थी और हमें भरोसा है कि सब जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भी हमें ऐसी ही प्रतिक्रिया देखने को मिलेगी। हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने कहा कि इस नए ढांचे को सभी घरेलू टीमों से बहुत सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है और अब रेलीगेशन से बचने के अतिरिक्त दबाव के साथ, टीमें, चाहे वह सीनियर स्तर की हों या सब जूनियर स्तर की, टूर्नामेंट के दौरान और अधिक प्रतिस्पर्धी होगा हैं।

## सार संक्षेप

### रग्बी विश्व कप प्ले-ऑफ में नामीबिया ने यूएई को हराया

**कंपाला।** नामीबिया ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को हराकर रग्बी विश्वकप 2027 के अंतिम चरण/रेपेचेज क्वालिफायर में जगह बना ली है। नामीबिया ने युगांडा के कंपाला स्थित मंडेला नेशनल स्टेडियम में एशिया/अफ्रीका प्ले-ऑफ में यूएई को 86-29 से हराया। एशियाई टीम ने केवल तीन मिनट बाद ही एमोसी वेकानौआ के प्रयास से बढ़त बना ली, मैक्स जॉनसन ने गोल करके यूएई को 7-0 की बढ़त दिला दी। लेकिन नामीबिया ने जर्गेन मेयर के प्रयास को विफल करने के लिए एक त्वरित बदलाव के साथ वापसी की। आंद्रे वैन डेर बर्ग गोल करने से चूक गए, जबकि जॉनसन ने यूएई के लिए पेनल्टी पर गोल करने में कोई गलती नहीं की और 10 मिनट बाद यूएई की बढ़त 10-5 कर दी। बाद में नामीबिया के रिचर्ड हार्डविक के एक और टॉर्स्टन वैन जार्सवेल्ड के तीन और प्रयासों की बदौलत उन्होंने हाफटाइम में 39-22 की बढ़त बना ली। ब्रेक से कुछ क्षण पहले, यूएई के मैथ्यू मिल्स को पीला कार्ड दिखाया गया और उन्हें सिन बिन कर दिया गया।

### न्यूजीलैंड ने जीती त्रिकोणीय टी-20 सीरीज

**हरारे।** एक रोमांचक मैच में दक्षिण अफ्रीका को तीन रन से हराकर न्यूजीलैंड ने हरारे में खेली गई त्रिकोणीय टी20 सीरीज अपने नाम कर ली। टूर्नामेंट की तीसरी टीम जिम्बाब्वे थी। फाइनल मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था। न्यूजीलैंड ने 5 विकेट के नुकसान पर 180 रन बनाए। कीवी टीम के लिए डेवन कोनवे ने 31 गेंद पर 1 छक्का और 6 चौके की मदद से 47 और रचिन रवींद्र ने 27 गेंद पर 2 छक्के और 4 चौके की मदद से 47 रन की पारी खेली। इसके अलावा ओपनर टिम सिफर्ट ने 30 रन बनाए। दक्षिण के लिए लुंगी एंगिडी ने 2, नांद्रे बर्गर, मफाका और मुथुसामी ने 1-1 विकेट लिए। 181 रन के चुनौतीपूर्ण लक्ष्य को पाने उतरी दक्षिण अफ्रीका 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 177 रन ही बना सकी। दक्षिण अफ्रीका को आखिरी ओवर में जीत के लिए 7 रन की दरकार थी और उसके पास 6 विकेट शेष थे फ्रीवी कप्तान सेंटनर ने गेंद मैट हेनरी को सौंपी।

### इटली ने महिला वीएनएल के फाइनल में प्रवेश किया

**वारसॉ।** मौजूदा चैम्पियन इटली ने शनिवार को 2025 एफआईवीबी महिला वॉलीबॉल नेशंस लीग (वीएनएल) के सेमीफाइनल में मेजबान पोलैंड पर सीधे सेटों में शानदार जीत के साथ अपनी जीत का सिलसिला 28 मैचों तक बढ़ा दिया। अनुभवी कोच जूलियो वेलास्को के नेतृत्व में, इटली ने शानदार प्रदर्शन करते हुए हर सांख्यिकीय वर्ग में पोलैंड को पछाड़ दिया। गत चैंपियन ने पोलैंड के 30 किल के मुकाबले 51 किल दर्ज किए और मेजबान टीम के छह ब्लॉकों के मुकाबले 11 ब्लॉक दर्ज किए। टीम की कप्तान और मिडिल ब्लॉकर अन्ना दानेसी ने नेट पर सभी खिलाड़ियों का नेतृत्व करते हुए पांच ब्लॉक लगाए। पाओला एगोनू ने एक बार फिर इटली के आक्रमण का नेतृत्व किया और मैच में सर्वाधिक 17 अंक बनाए, जिसमें 15 किल, एक ब्लॉक और एक ऐस शामिल हैं। आउटसाइड हिटर एलिस डेग्राडी ने 13 अंक बनाए, जबकि मिडिल ब्लॉकर एग्निस्का कोर्नेलुक ने 11 अंकों के साथ पोलैंड का नेतृत्व किया।

## बीसीसीआई एशिया कप से पीछे नहीं हट सकती, भारत-पाकिस्तान मुकाबला होना तय : सूत्र

**नई दिल्ली,** 27 जुलाई (एजेंसियां)। भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे तनावपूर्ण संबंध के बीच क्या बीसीसीआई भारतीय टीम को पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप 2025 के दौरान खेलने की अनुमति देगी। क्रिकेट फैंस के मन में लगातार उठ रहे इस सवाल का जवाब बीसीसीआई ने कहीं न कहीं दे दिया है। जानकारी के मुताबिक, एशियन क्रिकेट काउंसिल की ढाका में हुई बैठक में बीसीसीआई के प्रतिनिधि वर्चुअली मौजूद थे। बैठक में एशिया कप 2025 के कार्यक्रम को तय किया गया, जिसमें बीसीसीआई की भी सहमति थी। ऐसे में अब बीसीसीआई भारत-पाकिस्तान के बीच होने वाले मैच से किनारा नहीं कर सकती है और मैच घोषित कार्यक्रम के अनुसार होगा। बीसीसीआई टूर्नामेंट का मेजबान भी है। ऐसे में अब बोर्ड तय कार्यक्रम से पीछे नहीं हट सकती। एशिया कप 2025 में भारत को पाकिस्तान, यूएई और ओमान के साथ ग्रुप ए में रखा गया है। भारत और पाकिस्तान के बीच 14 सितंबर को लीग चरण का मैच होना है।

### रद्द हो भारत-पाकिस्तान का एशिया कप मैच : बदरुद्दीन सिद्दीकी

**मुरादाबाद।** एशिया कप 2025 में 14 सितंबर को भारत-पाकिस्तान के बीच हाई वोल्टेज मैच खेला जाना है। भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद शमी के कोच बदरुद्दीन सिद्दीकी के अनुसार यह मैच नहीं खेला जाना चाहिए। बदरुद्दीन सिद्दीकी ने आईएएनएस से कहा कि यूं तो खेल में राजनीति नहीं आनी चाहिए, लेकिन पाकिस्तान ने जो किया, उसे देखते हुए मैं यही चाहूंगा कि यह मैच न खेला जाए। देश से बढ़कर कुछ नहीं है। जो मुल्क हमें इतनी तकलीफ दे रहा है, उसके साथ संबंध नहीं रखने चाहिए। बदरुद्दीन सिद्दीकी ने सरकार से भारत-पाकिस्तान के मैच रद्द करने की मांग करते हुए कहा कि मैं भारत सरकार से यही मांग करना चाहूंगा हिंदुस्तान और पाकिस्तान के बीच जो भी मैच हो रहे हैं, उन्हें रद्द कर दिया जाए। जब पाकिस्तान, भारत में माहौल बिगाड़ने की कोशिश बंद कर देगा, तभी उनके साथ मैच खेले जाएं। बता दें कि 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकवादी हमला हुआ था, जिसमें 26 नागरिक मारे गए। इस हमले की जिम्मेदारी 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' ने ली।

## धवन ने भारतीय चैम्पियंस टीम के प्रयासों की सराहना की

**लीड्स,** 27 जुलाई (एजेंसियां)। शिखर धवन ने वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रोमांचक मुकाबले में नाबाद 91 रनों की पारी खेली और आखिरी ओवर में मैच हारने के बावजूद अपनी टीम के प्रयासों की सराहना की। मैच के बाद, धवन ने टीम के जुझारूपन पर गर्व व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हमने अपना सब कुछ झोंक दिया। ये ऐसे मैच हैं जो खेल के प्रति हमारे प्यार को दर्शाते हैं। अंत तक यह एक शानदार मुकाबला था। मुझे खिलाड़ियों पर गर्व है कि उन्होंने जज्बा दिखाया। हमारे साथ खड़े रहने वाले सभी प्रशंसकों का धन्यवाद - आपकी ऊर्जा हमारे लिए बहुत मायने रखती है। टीम के मालिक सुमंत ने टीम के प्रदर्शन की प्रशंसा की और इंडिया चैंपियंस के पीछे के व्यापक दृष्टिकोण पर प्रकाश डाला: आज का मैच सिर्फ स्कोरबोर्ड के बारे में नहीं था, बल्कि भारतीय क्रिकेट की विरासत को जुनून और गर्व के साथ प्रस्तुत करने के बारे में था। इस टीम ने संघर्ष, जोश और चैंपियंस जैसा जज्बा दिखाया।

## राडुकानू वाशिंगटन ओपन के सेमीफाइनल में हारीं

**वाशिंगटन,** 27 जुलाई (एजेंसियां)। ब्रिटेन की एम्मा राडुकानू को वाशिंगटन ओपन के सेमीफाइनल में रूस की अन्ना कालिंस्काया ने 6-4, 6-3 से हरा दिया। 22 वर्षीय खिलाड़ी, जिनके अमेरिका में प्रदर्शन ने यह सुनिश्चित कर दिया है कि वह केटी बौल्टर से ब्रिटेन में अपना नंबर एक स्थान फिर से हासिल कर लेंगी, ने शुरुआत में पांच ऐस लगाए, लेकिन अपने चार ब्रेक पॉइंट मौकों में से किसी को भी भुना नहीं पाईं। राडुकानू से दो स्थान नीचे विश्व रैंकिंग में 48वें स्थान पर काबिज कालिंस्काया ने शनिवार को पहला सेट जीतने के लिए नौवें गेम में ब्रेक का फायदा उठाया।(दूसरे सेट में दोनों के बीच शुरुआती ब्रेक हुए, जिसके बाद 26 वर्षीय रूसी खिलाड़ी ने एक बार फिर बढ़त बना ली और निर्णायक बढ़त बना ली। फिर उन्होंने फिर से ब्रेक लगाकर जीत पक्की कर ली। कालिंस्काया,जो अपना पहला डब्ल्यूटीए 500 खिताब जीतने का लक्ष्य लेकर चल रही हैं,ने कहा कि यह एक दिलचस्प मुकाबला था। एम्मा के खिलाफ खेलना अच्छा लग रहा है। मुझे खुद पर गर्व है। मैं आक्रामक रही और अपनी योजना पर अड़ी रही।

बीबीसी की एक खबर के अनुसार, रविवार को होने वाले फाइनल में कालिंस्काया का सामना लेयला फर्नांडीस से होगा, जिन्होंने कजाकिस्तान की तीसरी वरीयता प्राप्त एलेना रिबाकिना को तीन टाई-ब्रेक वाले रोमांचक मुकाबले में हराया। फर्नांडीस, जिन्हें राडुकानू ने 2021 में अपना यूएस ओपन खिताब जीतने के लिए हराया था, ने तीन घंटे 12 मिनट तक चले मुकाबले में 6-7 (2-7), 7-6 (7-3), 7-6 (7-3) से जीत हासिल की। पुरुषों के वर्ग में, ऑस्ट्रेलिया के एलेक्स डी मिनौर ने फ्रांस के लकी लूजर कोरेंटिन मौटेट पर 6-4, 6-3 से सेमीफाइनल में जीत हासिल की।

# डीसी ओपनः कोरेंटिन मौटेट को शिकस्त देकर फाइनल में डी मिनौर

■ कोरेंटिन मौटेट ने एटीपी लाइव रैंकिंग में 10वें स्थान पर छलांग लगाई

वॉशिंगटन, 27 जुलाई (एजेंसियां)। एलेक्स डी मिनौर ने फ्रांस के कोरेंटिन मौटेट को 6-4, 6-3 से हराकर डीसी ओपन के फाइनल में जगह बना ली। फाइनल में पहुंचने के साथ ही कोरेंटिन मौटेट ने एटीपी लाइव रैंकिंग में रूस के आंद्रे रुब्लेव को पीछे छोड़ते हुए 10वें स्थान पर छलांग लगा ली है। वहीं, क्वालीफाइंग में हारने के बावजूद मुख्य ड्रॉ में जगह बनाने वाले कोरेंटिन मौटेट ने इस सप्ताह शानदार प्रदर्शन करते हुए 13 पायदान की छलांग लगाई और अब वह एटीपी लाइव रैंकिंग में 46वें स्थान पर पहुंच गए हैं। यह उनके करियर की पहली टॉप-50 रैंकिंग है। दूसरे सेट की शुरुआत में लगातार 14 अंक जीतने के बाद ऐसा लग रहा था कि एलेक्स डी मिनौर आसानी से जीत की ओर बढ़ रहे हैं, लेकिन 4-1 की बढ़त पर उन्होंने डबल फॉल्ट कर सर्विस गंवा दी। इसके बाद 5-2 पर मैच सर्व करने का मौका भी हाथ से निकल गया, जहां उन्होंने एक बार फिर डबल फॉल्ट से गेम की शुरुआत की। हालांकि, एक सकारात्मक संकेत यह रहा कि डी मिनौर ने नेट पर खेले गए 22 में से 17 अंक जीत लिए। उन्होंने मौटेट के कमजोर बैकहैंड विंग की ओर अटैक करते हुए अंक बटोरे। डी मिनौर ने कहा कि यह अच्छा मैच नहीं था, लेकिन मुझे पता था कि बिना लय के यह एक मुश्किल मैच होने वाला है। वह विरोधियों के साथ सही करने में सक्षम हैं।



### डीसी ओपनः खिताबी मुकाबले में अन्ना कालिंस्काया से भिड़ेंगी लेयला फर्नांडीज



**वॉशिंगटन।** कनाडा की लेयला फर्नांडीज ने एक बेहद कड़े मुकाबले में जबरदस्त वापसी करते हुए वॉशिंगटन ओपन के फाइनल में जगह बना ली। यह मैच 3 घंटे 12 मिनट तक चला जिसमें फर्नांडीज ने तीसरी वरीयता प्राप्त कजाखस्तान की एलेना रायबाकिना को 6-7(2), 7-6(3), 7-6(3) से हराया। यह एक साल से भी ज्यादा समय बाद उनका पहला फाइनल है। अगर वह जीतीं, तो यह 2023 हांगकांग के बाद उनका पहला खिताब होगा। डब्ल्यूटीए की रिपोर्ट के अनुसार, उनके करियर के तीनों डब्ल्यूटीए एकल खिताब हार्ड कोर्ट पर ही आए हैं। फर्नांडीज का अगला मुकाबला अन्ना कालिंस्काया से होगा, जिन्होंने दिन के दूसरे सेमीफाइनल में 2021 यूएस ओपन चैंपियन एम्मा राडुकानू को 6-4, 6-3 से शिकस्त दी। 'डीसी ओपन' अन्ना कालिंस्काया के लिए टूर का सबसे बेहतरीन टूर्नामेंट साबित हुआ है। इस इवेंट में उनका मेन ड्रॉ जीत-हार रिकॉर्ड 9-2 का है। वह कभी भी क्वार्टर फाइनल से पहले बाहर नहीं हुई हैं।

## ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को तीन विकेट से हराया

**बासटेयर,** 27 जुलाई (एजेंसियां)। कैमरून ग्रीन (नाबाद 55), जॉश इंग्लिस (55) और ग्लेन मैक्सवेल (47) की शानदार पारियों की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने चौथे टी-20 मुकाबले में वेस्टइंडीज को चार गेंद शेष रहते तीन विकेट से हरा दिया।

इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने पांच मैचों सीरीज में 4-0 से अजेय बढ़त बना ली है। 206 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने पहले ही ओवर में कप्तान मिचेल मार्श (शून्य) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद जॉश इंग्लिस और ग्लेन मैक्सवेल की जोड़ी ने ऑस्ट्रेलिया की पारी को संभालने का प्रयास किया। दोनों बल्लेबाजों ने दूसरे विकेट के लिये 65 रन जोड़े। सातवें ओवर में रोमारियो शेफर्ड ने जॉश इंग्लिस 30 गेंदों में 51 रन को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। 11वें ओवर में अकील हुसैन ने ग्लेन मैक्सवेल 18 गेंदों में (47) को आउट कर ऑस्ट्रेलियाई तूफान को रोक दिया।



# कृषि जगत



## सतावर औषधीय फसल की खेती आपको कर सकती है मालामाल



**खेती के लिए जुलाई से लेकर सितंबर तक का महीना बेहतर**- सतावर की खेती के लिए जुलाई से लेकर सितंबर तक का महीना आपके लिए बेहतर विकल्प हो सकता है। बाज़ार में अच्छे भाव से बिकने वाले सतावर की रोपाई इन्हीं महीनों में की जाती है। यह एक औषधीय जड़ी बूटी है और इसकी 500 टन जड़ों का प्रयोग भारत में हर साल दवाइयों के उत्पादन में किया जाता है।

शतावरी से तैयार दवाइयों का प्रयोग गैस्ट्रिक अल्सर, अपच और तंत्रिका संबंधी विकारों के इलाज के लिए किया जाता है। सतावर की खेती की सबसे अच्छी बात यह होती है कि इसकी डिमांड राष्ट्रीय से लेकर अंतर्राष्ट्रीय बाज़ार तक होती है। ऐसे में फसल को अच्छी कीमत पर बेचने की समस्या का सामना किसानों को नहीं करना पड़ता है।

**कैसे और कब करें रोपनी**- सतावर की खेती करने वाले किसानों और कृषि विशेषज्ञों के अनुसार सतावर की रोपाई जुलाई से सितंबर माह तक की जाती है। इसकी रोपनी जड़ या

**बीजों द्वारा की जाती है**

बीज की तुलना में इसके जड़ों को अधिक श्रेष्ठ माना जाता है। इसकी रोपाई के लिए मिट्टी को 15 सेमी. की गहराई तक अच्छी तरह खोदा जाता है, क्यारी से क्यारी और पौधे से पौधे की दूरी दो फीट होनी चाहिए। फसल 18 महीने में तैयार हो जाती है, लेकिन पूरी तरह विकसित होने तथा कंद के इस्तेमाल लायक होने में कुल 3 वर्षों का समय लगता है।

**बलुई दोमट मिट्टी को सबसे उपयुक्त**

इसकी खेती के लिए बलुई दोमट मिट्टी को सबसे उपयुक्त माना जाता है। शतावर के पौधों को अधिक सिंचाई की जरूरत नहीं पड़ती है। शुरुआत में सप्ताह में एक बार और जब पौधे बड़े हो जाएं तो महीने में एक बार हल्की सिंचाई करने की आवश्यकता पड़ती है। गौर करने वो बात यह है कि पौधा रोपण के बाद जब पौधे पीले पडने् लगे, तो इसकी जड़ों की खुदाई कर लेनी चाहिए।

**लागत कम मुनाफा ज्यादा**- किसानों को प्रति एकड़ 350 क्विंटल गिली जड़ें प्राप्त होती हैं, जो सूखने के बाद 35 से 50 क्विंटल ही रह जाती हैं। हालांकि सतावर की खेती में प्रति एकड़ 80 हजार से 1 लाख रूपए की लागत आती है। मुनाफा प्रति एकड़ 5 लाख रुपए तक का हो जाता है।

**सतावरी की प्रमुख किस्में**- सतावरी, एस्पारागुस रेसेमोसस: यह किस्म अफ्रीका, चीन, श्री लंका, भारत और हिमालय में पायी जाती है। पौधे की ऊंचाई 1-3 मीटर होती है। फूल 3 सैं.मी. लंबे होते और इसके फूल का बाहरी भाग 3 मि.मी. लंबा होता है।

सतावरी, एस्पारागुस सारमंटोसा लिन- यह किस्म सूदरलैंड, बुरशैल और दक्षिण अफ्रीका में पायी जाती है। इस पौधे की ऊंचाई 2-4 मीटर लंबी होती है और फूल का बाहरी भाग 1 इंच लंबा होता है।

**बीज की मात्रा:** अधिक पैदावार के लिए, 400-600 ग्राम बीजों का प्रति एकड़ में प्रयोग करें। बीज का उपचार- फसल को मिट्टी से होने वाले कीटों और बीमारियों से बचाने के लिए, बिजाई से पहले बीजों को गाय के मूत्र में 24 घंटे के लिए डाल कर उपचार करें। उपचार के बाद बीज नर्सरी बैड में बोये जाते हैं। बीमारियां और रोकथाम: कुंगी: यह बीमारी प्यूचीनिया एस्पारगी के कारण होती है। इस बीमारी से पत्तों पर भूरे रंग के धब्बे पड़ जाते हैं जिसके परिणाम स्वरूप पत्ते सूख जाते हैं।

**सतावर के फायदे**

**तनाव कम करना**- सतावर में एडाप्टोजेनिक गुण होते हैं, जो शरीर को तनाव से निपटने में मदद करते हैं।

**पाचन में सुधार**-सतावर पाचन एंजाइमों की गतिविधि को बढ़ाकर पाचन में सुधार करता है।

**हार्मोनल संतुलन**- सतावर महिलाओं और पुरुषों दोनों में हार्मोनल संतुलन बनाए रखने में मदद करता है।

**मासिक धर्म की समस्याएं**- सतावर मासिक धर्म के दौरान ऐंठन, अनियमितता और अत्यधिक रक्तस्राव को नियंत्रित करने में मदद करता है।

स्तनपान: सतावर स्तनपान कराने वाली माताओं में दूध उत्पादन को बढ़ाने में मदद करता है।

**प्रजनन क्षमता**- सतावर पुरुषों और महिलाओं दोनों में प्रजनन क्षमता में सुधार करने में मदद करता है।

**अन्य लाभ**- सतावर में एंटीऑक्सीडेंट गुण होते हैं जो शरीर को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं और कुछ प्रकार के कैंसर के खतरे को कम करने में भी सहायक हो सकता है।

## पेठा कद्दू की खेती करके किसान बढ़िया कमाई कर सकते हैं



सफेद कद्दू भी कहते है। इस कद्दू से मिठाई बनाई जाती है। जिसकी वजह से किसानों को इसकी बढ़िया कीमत मिलती है। पेठा कद्दू को गुणों का खजाना भी कहा जाता है। सेहत के लिए फायदेमंद होता है। जिन किसी को डिप्रेशन की समस्या है वह इसका सेवन करके उसे कंट्रोल कर सकते हैं। आंखों के लिए यह फायदेमंद होता है और वजन घटाने में मदद करता है। साथ ही कोलेस्ट्रॉल को कम करने में भी मदद करता है।

**पेठा कद्दू की उन्नत किस्मे**

पेठा कद्दू की खेती करने के लिए आपको उन्नत किस्मों का चुनाव करना चाहिए। जिससे बढ़िया कमाई हो तो यहाँ पर आपको हम कई बढ़िया किस्मों के बारें में बताने जा रहे है। जिसमें पूसा हाइब्रिड 1, पूसा विश्वास, पूसा विकास, सीएस 14, कासी हरित कद्दू, सीओ 1 व 2, हरका चंदन, कल्यानपुर पंपकिंग 1, नरेंद्र अमृत, अरका सूर्यमुखी, अंबली, पैटी पान, और येलो स्टेटनेप आदि आते है। इनसे बढ़िया उपज मिलेगी। चलिए जानते है पेठा कद्दू की खेती के बारें में।

**पेठा कद्दू की खेती कब करें**

कद्दू एक बेल वाला पौधा है। जिसकी खेती साल में तीन बार कर सकते है। जिसमें फरवरी से मार्च के साथ जून से जुलाई और सितंबर से अक्टूबर महीने आते है। जब बढ़िया समय होता है। जिसमें मिट्टी की बात करें तो पेठा कद्दू की खेती के लिए दोमट और बलुई दोमट मिट्टी बेहतर होती है। अगर एक हेक्टेयर में पेठा कद्दू लगाते है तो करीब 8 किलोग्राम बीज चाहिए होंगे। इस तरह पेठा कद्दू की खेती करके किसान आमदनी बढ़ा सकते है। पेठा कद्दू की खेती करके किसान बढ़िया कमाई कर सकते हैं। पेठा कद्दू को सफेद कद्दू भी कहते है। आपको बता दे कि इस कद्दू से मिठाई बनाई जाती है। जिसकी वजह से किसानों को इसकी बढ़िया कीमत मिलती है। पेठा कद्दू को गुणों का खजाना भी कहा जाता है। सेहत के लिए फायदेमंद होता है। जिन किसी को डिप्रेशन की समस्या है वह इसका सेवन करके उसे कंट्रोल कर सकते हैं। आंखों के लिए यह फायदेमंद होता है और वजन घटाने में मदद करता है। साथ ही कोलेस्ट्रॉल को कम करने में भी मदद करता है।

**पेठा कद्दू की उन्नत किस्मे**- पेठा कद्दू की खेती करने के लिए आपको उन्नत किस्मों का चुनाव करना चाहिए। जिससे बढ़िया कमाई हो तो यहाँ पर आपको हम कई बढ़िया किस्मों के बारें में बताने जा रहे है। जिसमें पूसा हाइब्रिड 1, पूसा विश्वास, पूसा विकास, सीएस 14, कासी हरित कद्दू, सीओ 1 व 2, हरका चंदन, कल्यानपुर पंपकिंग 1, नरेंद्र अमृत, अरका सूर्यमुखी, अंबली, पैटी पान, और येलो स्टेटनेप आदि आते है। इनसे बढ़िया उपज मिलेगी। चलिए जानते है पेठा कद्दू की खेती के बारें में।

**पेठा कद्दू की खेती कब करें**- कद्दू एक बेल वाला पौधा है। जिसकी खेती साल में तीन बार कर सकते है। जिसमें फरवरी से मार्च के साथ जून से जुलाई और सितंबर से अक्टूबर महीने आते है। जब बढ़िया समय होता है। जिसमें मिट्टी की बात करें तो पेठा कद्दू की खेती के लिए दोमट और बलुई दोमट मिट्टी बेहतर होती है। अगर एक हेक्टेयर में पेठा कद्दू लगाते है तो करीब 8 किलोग्राम बीज चाहिए होंगे। इस तरह पेठा कद्दू की खेती करके किसान आमदनी बढ़ा सकते है।

## बदलते मानसून का मुकाबला करने हेतु खेत की सख्त परत तोड़ेगा सबसॉइलर

ट्रैक्टर चालित सबसॉइलर एवं ट्रैक्टर चालित कल्टीवेटर से खेत तैयार करने से दोहरा लाभ मिलता है। किसान जब खेतों में ट्रैक्टर चालित सबसॉइलर चलाकर ढाई फीट गहरी नाली का निर्माण करते हैं तो वर्षा काल में बरसा पानी सीधे जमीन में उतर जाता है। सामान्य से अधिक पानी बरसने पर भी बेड पर खड़ी फसलों को हानि नहीं होती है। वहीं, दूसरी ओर ये पानी जमीन के नीचे संग्रहित रहता है। वर्षा की लंबी खेंच की स्थिति निर्मित हो, ऐसे में फसल को जब पानी की आवश्यकता हो तो यही वर्षा जल जीवनदायी साबित होता है। सोयाबीन में पुष्पन और फलन की दशा में जब पानी की अत्यंत आवश्यकता होती है, यही पानी केपिलरी के द्वारा धीरे-धीरे ऊपरी सतह की ओर उठता है। फसल को लंबे समय तक आपूर्ति करके जीवित रखता है, पौधों में तनाव नहीं बढ़ने देता। इस प्रकार सोयाबीन फसल प्रभावित नहीं होती। पीली नहीं पड़ती। इस प्रकार ट्रैक्टर चालित सबसॉइलर चलाने से किसानों को उत्पादन में कमी नहीं आती है। वर्तमान समय में प्राकृतिक असंतुलन के चलते मौसम में भारी अनिश्चितता व्याप्त है। वर्षा की मात्रा, अवधि और समय निश्चित नहीं रह गया है। खरीफ के सीजन में किसानों के पास इतना समय नहीं होता है कि वे किसी फसल विशेष के अनुसार व्यवस्था कर सकें। सोयाबीन को ही लें, यह ऐसी फसल है, जो अनावृष्टि अथवा अतिवृष्टि से अत्यधिक प्रभावित होती है। समय पर वर्षा न होना, अतिवृष्टि के साथ खेतों में पानी भर जाना यदि ऐसी स्थितियां निर्मित हो जाएं तो किसान को अपेक्षित मात्रा में उत्पादन नहीं मिल पाता है। कई बार उच्च तापमान और (नमी की कमी) सूखे की समस्या खेतो में एक साथ देखने को मिलती है। इन समस्याओं से निजात पाने के लिए खेतों में सबसॉइलर एवं बीबीएफ चलाएं। विपरीत मौसम में अपने खेतों में सबसॉइलर एवं बीबीएफ सीड ड्रिल अथवा बीबीएफ सीड प्लान्टर चलाकर किसान अच्छा उत्पादन ले सकते हैं। ट्रैक्टर चलित सबसॉइलर के द्वारा वर्षा खेत का पानी खेत में ही रोक कर संग्रहित किया जा सकता है।

## कैसे करें वर्षा ऋतु में पशुधन की रक्षा



मानसून का मौसम जहाँ खेतों के लिए जीवनदायिनी वर्षा लाता है, वहीं यह पशुपालकों के लिए चिंता का विषय भी बन जाता है — खासकर जब आसमान में बिजली कड़कती है। आकाशीय बिजली एक स्वाभाविक परंतु अत्यंत घातक आपदा है। नेशनल डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में हर साल लगभग 2,000 से अधिक लोग और हजारों मवेशी आकाशीय बिजली की चपेट में आ जाते हैं। एक ही सेकंड में गिरने वाली बिजली की शक्ति लाखों वोल्ट की होती है, जो सीधे संपर्क में आने पर इंसान और जानवरों की तात्कालिक मृत्यु का कारण बन सकती है। ग्रामीण भारत में खासतौर से यह खतरा ज्यादा होता है क्योंकि अधिकांश पशुपालन खुले में या असुरक्षित ढांचों में किया जाता है।

**इस संकट से बचने के लिए सबसे पहला कदम है जागरूकता और सतर्कता**- जब भी बादल घिरने लगें, बिजली चमकने लगे या मौसम विभाग की चेतावनी मिले, तो मवेशियों को तुरंत खुले मैदानों, ऊँचे स्थानों, बड़े पेड़ों और बिजली के खंभों से दूर सुरक्षित आश्रयों में ले जाना चाहिए। कई बार किसान बारिश से बचाने के लिए जानवरों को पेड़ों के नीचे बांध देते हैं, लेकिन यह कदम जानलेवा हो सकता है, क्योंकि पेड़ बिजली का सामान्य लक्ष्य होते हैं। सुरक्षित गोशालाओं की छत पर लाइटनिंग अरेस्टर या अर्थिंग सिस्टम लगवाना एक कारगर उपाय है। यह उपकरण बिजली को छत से सीधे ज़मीन में भेज देता है, जिससे जानवरों और इंसानों की जान बचाई जा सकती है। इसके साथ ही पशु आश्रय स्थलों में अच्छी जल निकासी और पक्की छतों की व्यवस्था होनी चाहिए ताकि पानी इकट्ठा न हो — क्योंकि पानी में खड़े जानवरों के लिए बिजली का असर कई गुना खतरनाक होता है।

**उपाय कैसे और कहाँ से शुरू किए जाएं**- स्थानीय संसाधनों और तकनीक का बेहतर उपयोग। आजकल कई मोबाइल ऐप्स जैसे मेघदूत, मौसम मित्र और डैमिनीकिसानों को समय रहते मौसम और बिजली गिरने की चेतावनी देते हैं। ये ऐप्स बिल्कुल मुफ्त हैं और गांवों में इंटरनेट की न्यूनतम सुविधा पर भी चल सकते हैं। साथ ही, कई राज्य सरकारें और कृषि विज्ञान केंद्र पशुपालकों को सरकारी सब्सिडी पर बिजली रोधक यंत्र भी उपलब्ध करा रहे हैं। सामूहिक प्रयास के रूप में गाँव की सामूहिक गोशाला या पशुशाला में बिजली से बचाव के पूरे ढांचे खड़े किए जा सकते हैं। इसके लिए ग्राम पंचायत, पशुपालन विभाग और युवा स्वयंसेवकों की भागीदारी ज़रूरी है। बच्चों और गांववासियों को भी स्कूलों और चौपालों के ज़रिए यह बताया जाना चाहिए कि आकाशीय बिजली की आवाज़ या चमक को हल्के में न लें यह एक जानलेवा संकेत हो सकता है। इसलिए इस मानसून में हमें सिर्फ अपने खेतों को नहीं, अपने पशुओं को भी सुरक्षा प्रदान करनी होगी। थोड़ी सी योजना, वैज्ञानिक सोच और सामूहिक जागरूकता के ज़रिए हम बड़ी त्रासदी को टाल सकते हैं। याद रखिए — पशु केवल हमारी आजीविका नहीं हैं, वे परिवार का हिस्सा हैं। उनकी सुरक्षा हमारा धर्म और दायित्व दोनों है।

## कालमेघ (चिरायता) की खेती किसानों को आत्मनिर्भर बना सकती है

कालमेघ एक महत्वपूर्ण औषधीय पौधा है। इसे कडू चिरायता व भुईनीम के नाम से जाना जाता है। यह एकेन्थेसी कुल का सदस्य है, यह हिमालय में उगने वाली वनस्पति चिरायता के समान होता है। कालमेघ शुष्क जलवायु वाले क्षेत्रों के वनों में प्राकृतिक रूप में पाया जाता है, यह एक शाकीय पौधा है। इसकी ऊंचाई 1 से 3 फीट होता है। इसके पुष्प छोटे श्वेत रंग या कुछ बैगनी रंगयुक्त होते हैं।

उपयोगिता- इसका उपयोग अनेकों आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक और एलोपैथिक दवाईयों के निर्माण में किया जाता है। यह यकृत विकारों को दूर करने एवं मलेरिया रोग के निदान हेतु एक महत्वपूर्ण औषधी के रूप में उपयोग होता है। खून साफ करने, जीर्ण ज्वर एवं विभिन्न चर्म रोगों को दूर करने में इसका उपयोग किया जाता है।

**बुवाई का समय**- बीजों की बुवाई जून के अंतिम सप्ताह या जुलाई के प्रथम सप्ताह में की जाती है।

**बीज की मात्रा**- बीज दर 160 ग्राम/एकड़ सीध/नर्सरी में बोई जाती है। बुवाई का तरीका- कालमेघ के बीज को छिड़काव विधि द्वारा या लाइन में बोया जा सकता है।

**बीज उपचार**- बीज को बुवाई से पहले पांच मिनट के लिए गर्म पानी में भिगोया जाना चाहिए। पानी का तापमान पांच मिनट के लिए लगभग 50डिग्री सेल्सियस होना चाहिए।

**खाद एवं रासायनिक उर्वरक**- खेत की आखरी जुताई के पहले 10 टन प्रति हेक्टेयर की दर से गोबर की पक्की खाद मिला देना चाहिए। बोनी व रोपण से पूर्व खेत में 30 कि.ग्रा. फास्फोरस तथा 30 कि.ग्रा. पोटाश प्रति हेक्टेयर डालकर जुताई करनी चाहिए। कालमेघ की खेती सीधे बीज की बुआई कर या रोपणी में पौधे तैयार कर की जा सकती है।

**खरपतवार नियंत्रण**- कालमेघ की फसल में खरपतवार की रोकथाम के लिए 2-3 बार निराई -गुड़ाई की आवश्यकता होती है।

**फसल की अवधि**

**अंकुर अलग**-अलग महीनों (जुलाई से नवंबर) में लगाए गए थे और 120 डीएपी पर कटाई की गई, और बाद में दो महीने के अंतराल पर दो रतन, रोपण के 180 और 240 दिन बाद कटाई की जाती है।

**कटाई का समय**- कालमेघ की 2 से 3 कटाईयां ली जा सकती है, अनुसंधानों से यह ज्ञात हुआ है कि इसमें एंड्रोग्राफ़ोलाइड (कड़वे पदाथज़) पुष्प आने के बाद ही अधिक मात्रा में पाया जाता हैं। पहली कटाई जब फूल लगना प्रारम्भ हो जाएँ, तब करना चाहिए। इसे जमीन से 10 से 15 से.मी. ऊपर से काटना चाहिए। काटने के बाद खेत में 30 कि.ग्रा. नाईट्रोजन प्रति हेक्टेयर की दर से डालना चाहिए। खेत में निदाई-गुडाई पहली बार करें, तब भी 30 कि.ग्रा. नाईट्रोजन प्रति हेक्टेयर की दर से डालना चाहिए। तीसरी बार सम्पूर्ण पौधा बीज पकने पर उखाडना् चाहिए।

**उत्पादन क्षमता**- बीज के लिए फरवरी-मार्च में कटाई की जाती है। प्रति हेक्टेयर औसतन 300-400 शाकीय हरा भाग (40-60 किग्रा. सूखा शाकीय भाग) प्रति हेक्टे. मिल जाती है। मानसून के मौसम में उगाई जाने वाली एक अच्छी फसल, प्रति हेक्टे. क्षेत्र में 3.5 से 4.0 टन सूखे सामग्री की पैदावार देती है।

कालमेघ एक महत्वपूर्ण औषधीय पौधा है। इसे कडू चिरायता व भुईनीम के नाम से जाना जाता है। यह एकेन्थेसी कुल का सदस्य है, यह हिमालय में उगने वाली वनस्पति चिरायता के समान होता है। कालमेघ शुष्क जलवायु वाले क्षेत्रों के वनों में प्राकृतिक रूप में पाया जाता है, यह एक शाकीय पौधा है। इसकी ऊँचाई 1 से 3 फीट होता है। इसके पुष्प छोटे श्वेत रंग या कुछ बैगनी रंगयुक्त होते हैं।

**उपयोगिता**- इसका उपयोग अनेकों आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक और एलोपैथिक दवाईयों के निर्माण में किया जाता है। यह यकृत विकारों को दूर करने एवं मलेरिया रोग के निदान हेतु एक महत्वपूर्ण औषधी के रूप में उपयोग होता है। खून साफ करने, जीर्ण ज्वर एवं विभिन्न चर्म रोगों को दूर करने में इसका उपयोग किया जाता है।

**बुवाई का समय**- बीजों की बुवाई जून के अंतिम सप्ताह या जुलाई के प्रथम सप्ताह में की जाती है।

**बीज की मात्रा**- बीज दर 160 ग्राम/एकड़ सीध/नर्सरी में बोई जाती है। बुवाई का तरीका- कालमेघ के बीज को छिड़काव विधि द्वारा या लाइन में बोया जा सकता है।

**बीज उपचार**- बीज को बुवाई से पहले पांच मिनट के लिए गर्म पानी में भिगोया जाना चाहिए। पानी का तापमान पांच मिनट के लिए लगभग 50डिग्री सेल्सियस होना चाहिए।

**खाद एवं रासायनिक उर्वरक**- खेत की आखरी जुताई के पहले 10 टन प्रति हेक्टेयर की दर से गोबर की पक्की खाद मिला देना चाहिए। बोनी व रोपण से पूर्व खेत में 30 कि.ग्रा. फास्फोरस तथा 30 कि.ग्रा. पोटाश प्रति हेक्टेयर डालकर जुताई करनी चाहिए। कालमेघ की खेती सीधे बीज की बुआई कर या रोपणी में पौधे तैयार कर की जा सकती है।

**खरपतवार नियंत्रण**

कालमेघ की फसल में खरपतवार की रोकथाम के लिए 2-3 बार निराई ङ्क गुड़ाई की आवश्यकता होती है।

**फसल की अवधि**- अंकुर अलग-अलग महीनों (जुलाई से नवंबर) में लगाए गए थे और 120 डीएपी पर कटाई की गई, और बाद में दो



महीने के अंतराल पर दो रतन, रोपण के 180 और 240 दिन बाद कटाई की जाती है।

**कटाई का समय**

कालमेघ की 2 से 3 कटाईयां ली जा सकती है, अनुसंधानों से यह ज्ञात हुआ है कि इसमें एंड्रोग्राफ़ोलाइड (कड़वे पदाथज़) पुष्प आने के बाद ही अधिक मात्रा में पाया जाता हैं। पहली कटाई जब फूल लगना प्रारम्भ हो जाएँ, तब करना चाहिए। इसे जमीन से 10 से 15 से.मी. ऊपर से काटना चाहिए। काटने के बाद खेत में 30 कि.ग्रा. नाईट्रोजन प्रति हेक्टेयर की दर से डालना चाहिए। खेत में निदाई-गुडाई पहली बार करें, तब भी 30 कि.ग्रा. नाईट्रोजन प्रति हेक्टेयर की दर से डालना चाहिए। तीसरी बार सम्पूर्ण पौधा बीज पकने पर उखाडना् चाहिए।

**उत्पादन क्षमता**

बीज के लिए फरवरी-मार्च में कटाई की जाती है। प्रति हेक्टेयर औसतन 300-400 शाकीय हरा भाग (40-60 किग्रा. सूखा शाकीय भाग) प्रति हेक्टे. मिल जाती है। मानसून के मौसम में उगाई जाने वाली एक अच्छी फसल, प्रति हेक्टे. क्षेत्र में 3.5 से 4.0 टन सूखे सामग्री की पैदावार देती है।

## मूंगफली में कीट नियंत्रण

**माहू** - सामान्य रूप से छोटे-छोटे भूरे रंग के कीड़े होते हैं तथा बहुत बड़ी संख्या में एकत्र होकर पौधों के रस को चूसते हैं। साथ ही वाइरस जनित रोग के फैलाने में सहायक भी होते हैं। ये अपने शरीर से चिपचिपा पदार्थ निकालते हैं जिसके कारण काली फफूंद उग जाती हैं जो प्रकाश संश्लेषण की क्रिया को भंग करती हैं।

**प्रबंधन** -

शुरू के ग्रसित भागों को तोड़कर नष्ट करें।

चिपचिपे पीले ट्रेप का उपयोग करें।

इमिडाक्लोप्रिड 1 मि.ली. को 1 लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करना चाहिए या डाइमिथिएट 30 ई.सी. का 1-1.5 लीटर प्रति हेक्टेयर की दर से छिड़काव करना उत्तम रहता हैं।सफेद लट ङ्क मूंगफली की फसल को सर्वाधिक क्षति पहुंचाने वाला कीट हैं। यह बहुभक्षी कीट हैं इस कीट की ग्रब अवस्था ही फसल को काफी नुकसान पहुंचाती हैं। लट मुख्य रूप से जड़ों एवं पत्तियों को खाती हैं जिसके फलस्वरूप पौधे सूख जाते हैं। मादा कीट मई-जून के महीने में जमीन के अंदर अंडे देती हैं। इनमें से 8-10 दिनों के बाद लट निकल आते हैं। और इस अवस्था में जुलाई से सितम्बर ङ्क अक्टूबर तक बने रहते हैं। शीतकाल में लट जमीन में नीचे चले जाते हैं और प्यूपा फिर गर्मी व बरसात के साथ ऊपर आने लगते हैं।

प्रबंधन -

ग्रीष्मकालीन गहरी जुताई करें।

प्रकाश प्रपंच का उपयोग करें।

फोरेट 10 जी का 25 किलोग्राम के हिसाब से भूमि उपचारित करें। क्लोरोपायरीफॉस से बीजोपचार प्रारंभिक अवस्था में पौधों को सफेद लट से बचाता हैं। अधिक प्रकोप होने पर खेत में क्लोरोपायरीफॉस का प्रयोग करें।

**बालों वाली सुंडियां** - बालों वाली सुंडियां पत्तियों को खाकर पौधों की पत्तियों को छलनी कर देता हैं। पूर्ण विकसित इल्लियों पर घने भूरे बाल होते हैं। यदि इसका आक्रमण शुरू होते ही इनकी रोकथाम न की जाये तो इनसे फसल की बहुत बड़ी क्षति हो सकती हैं। इसकी रोकथाम के लिये आवश्यक हैं कि खेत में इस कीड़े के दिखते ही इसके अंडों को व छोटे-छोटे इल्लियों से लदे पौधों को काटकर या तो जमीन में दबा दिया जाय या फिर उन्हें घास-फूस के साथ जला दिया जाये।

प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार)
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

# अनुभवहीन एम.टी. की पदस्थापना से रेलवे को रहा नुकसान



**जबलपुर,देशबन्धु।** रेलवे के शीर्ष प्रबंधन द्वारा आए दिन बड़ी-बड़ी बातें करके अपनी पीठ स्वयं थपथपाते हो परंतु जमीन हकीकत ठीक इसके विपरीत ही दिखायी पड़ रही है। इसका मुख्य कारण यह है कि जो भी विभागाध्यक्ष अनुभवी हैं जिनको 3 दशक से भी ज्यादा कार्य संपादित करने का अनुभव प्राप्त है उनकी कार्यक्षमता व अनुभव का लाभ न उठाते हुए उनके स्थान पर अनुभवहीन अधिकारियों की पदस्थापना किए जाने से विभाग को आए दिन अरबों रूपये वर्षा का नुकसान होने के साथ ही साथ रेलवे की छबि भी घूमिल होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि पमरे जबलपुर जोन दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर, हाजीपुर, जयपुर, गोरखपुर, भुवनेश्वर, गुवाहाटी पश्चिम रेलवे मुम्बई, मध्य रेलवे मुम्बई, चैन्नई, हुबली, दिल्ली कोलकाता आदि जोनल कार्यालयों में प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक प्रमुख मुख्य वाणिज्य अभियंता विद्युत सिंग्नल एवं टेलीकम्युनीकेशन, प्रमुख मुख्य अभियंता (सिविल) आदि में विभागाध्यक्षों की पदस्थापना की गई है। इन अधिकारियों की पदस्थापना से विभाग को भी अरबों रूपयों की आए में इजाफा हो रहा है। इन सभी अधिकारियों के अनुभव का लाभ विभाग को लगातार मिलता आ रहा है। जब इन विभागाध्यक्षों को सदस्य के लिए जब प्रमोशन दिए जाने की नौबत आती है तो अनुभवशील अधिकारियों को साइड करते हुए जो अधिकारी उपयुक्त नहीं है उन जैसे अधिकारियों को अनावश्यक सदस्य यातायात की कमान संभालने की जिम्मेदारी सौंप दी जाती है। यदि इन महाशय की पदस्थापना के बाद इनके कार्यालय के दौरान रेलवे की आय में कितना इजाफा हुआ है तो परिणाम शून्य ही नजर आने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। जानकारी के मुताबिक रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव के पास दूर संचार के साथ ही साथ रेलवे की दोहरी सौंपी गई है इसके चलते कार्य की अधिकता होने से वह अधिक समय रेलवे को नहीं दे पा रहे हैं इसके अलावा रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष भी संविदा नियुक्ति में अपना समय पास करने में ही हमेशा व्यस्त देखे जा सकते हैं इनकी बिदाई समारोह अगले माह होना तय है इन्होंने अपनी सैटिंग जनप्रतिनिधियों से कर रखी है इसके कारण इनको संघ लोक सेवा आयोग (यू.पी.एस.सी) का सदस्य बनाएं जाने का ताना बना बुना जा रहा है इनको रेलवे से किसी भी प्रकार का कोई सरोकार ही नहीं है यह केवल अपनी तरक्की के दरवाजे हमेशा खुल रहे इसी पर ही यह अपना फोकस हमेशा से करते देखे जा रहे हैं। गौरतलब है कि पूर्व में सदस्य यातायात विवेक सहाय विनय मित्तल गिरीश पिल्लई आदि के कार्यकाल में रेलवे की आय में हमेशा वृद्धि हुई है। इस बात की पुष्टि लेखा विभाग के आंकड़ों से की जा सकती है। यहाँ इस बात का उल्लेख करना आवश्यक है कि यदि वर्तमान अध्यक्ष और सदस्य यातायात का कार्य सम्हालने वाले अधिकारियों की कार्य प्रणाली का परीक्षण किया जाए तो विभाग की आय बढ़ने के स्थान पर दिनों दिन कम ही हो रही है इसका मुख्य कारण अनुभव हीनता के चलते गलत निर्णय को ही मुख्य आधार माना जा रहा है।

## सुविधाएं बंद करके करोड़ों की बचत की

जानकारी के अनुसार वरिष्ठ महिला एवं पुरूषों को किराए में छूट देने की प्रथा कोरोना के समय थी वह आज तक बंद है इसके कारण वरिष्ठ नागरिक बसों में यात्रा करते हैं इसी प्रकार पत्रकारों को किराये में 50 प्रतिशत की छूट भी कई वर्षों से अभी तक बंद है इसे भी चालू करने का कोई इरादा ही नहीं है इसका खामियाजा यात्रियों को भुगतना पड़ता है। जानकारी के अनुसार कई मंडल रेल प्रबंधक कार्यालयों में वारफेज डेमरेज का कार्य अपर मंडल रेल प्रबंधकों को सौंपा गया है माह भी एक तुगलकी फरमारन की श्रैणी में गिना जा रहा है। इसी के साथ ही साथ कुछ अपर मंडल रेल प्रबंधक जो कि सिविल इंजीनियरिंग का (सी) शब्द ही नहीं जानते और न ही वह सिविल विंग से इंजीनियरिंग की भी जानकारी नहीं रखते कम्प्यूटर साइंस से इंजीनियरिंग की है उन्होंने सिविल कार्य की जानकारी के अभाव में अनेक निर्णय निजी ठेकेदारों को फायदा पहुँचाने के लिए जा रहा है।

## सतर्कता विभाग की आंखे बंद हैं

कई मंडलों में निर्माण कार्य में अनियमितताएं बरती जा रही है इसके बावजूद भी सतर्कता विभाग का मौन रहना कई तरह की शंकाओं का जन्म दे रहा है। सतर्कता विभाग द्वारा यदि जोनल कार्यालयों की कार्य प्रणाली की जांच की जाए तो कई प्रकार अनियमितताओं पर पर्दा उठने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है।

# मानसून सक्रिय: जबलपुर सहित 7 संभाग में भारी बारिश का अलर्ट

## कई जगह रेलवे ट्रेक में पानी भरने से मिट्टी तक धसी



**जबलपुर, देशबन्धु।** मानसून का सबसे स्ट्रांग सिस्टम सक्रिय है, जिसके चलते पहली बार 53 जिलों में अति भारी व भारी बारिश का रेड, आरेंज व यलो अलर्ट है। जबलपुर में भी दिन भर रूक-रूक कर रिमझिम बारिश की फुहारे गिरी। जिससे उमस का असर कम हुआ। बारिश का आंकड़ा लगातार बढ़ रहा है। वहीं दूसरी ओर शिवपुरी में बारिश के चलते रेल ट्रेक की मिट्टी धसक गई, सड़क बह गई, इसके अलावा बैतूल में ओएचई गार्ड टूट गया है।

मौसम विशेषज्ञों की माने तो जबलपुर, भोपाल, ग्वालियर, नर्मदापुरम, रीवा, शहडोल व सागर संभाग के सभी जिलों में तेज बारिश होगी। वहीं चंबल के 2 जिले मुरैना व भिंड में हल्की बारिश होगी. इंदौर-उज्जैन संभाग के सभी 15 जिलों में पहली बार एक साथ रेड और ऑरेंज अलर्ट है। भोपाल में सुबह से रुक-रुक कर बारिश हो रही है। पिछले 24 घंटे के दौरान शिवपुरी में सबसे ज्यादा 4.8 इंच व रतलाम में 4.1 इंच पानी गिरा है।

### इतनी हुई जिलों में बारिश-

उमरिया में 2.1 इंच, सतना में 2 इंच, खजुराहो में 1.9 इंचए बैतूल में 1.8 इंच, टीकमगढ़-खंडवा में 1.7 इंच, नरसिंहपुर-गुना में 1.6 इंच, ग्वालियर, नौगांव-नर्मदापुरम में डेढ़ इंच, उज्जैन में 1.4 इंच, खरगोन-श्योपुर में 1.1 इंच बारिश हुई। मंडला, सतना, बालाघाट, रायसेन, सिवनी, रीवा, जबलपुर, दमोह, भोपाल, इंदौर, छिंदवाड़ा, सीधी, शाजापुर, विदिशा, राजगढ़, आगर-मालवा, देवास सहित कई जिलों में बारिश का दौर चलता रहा। मंडला जिले में बीते 24 घंटे के दौरान 1.57 इंच बारिश हुई। सुबह 9 बजे नर्मदा नदी का जलस्तर वॉर्निंग लेवल को पार कर 437.69 मीटर पहुंच गया है। माहिष्मती घाट का छोटा रपटा पुल डूब गया है।

### बरगी बांध में बढ़ी पानी की आवक, गेट से जल निकासी बढ़ाई

रविवार प्रात: 08 बजे बांध का जल स्तर 420.05 एम आंका गया। वर्तमान मे बांध की जल उपयोगी क्षमता 2464 एमसीएम (77.48प्रतिशत) है। वर्तमान मे बांध में पानी की आवक 4760 क्यूमिक है। मौसम विभाग द्वारा दी गई चेतावनी तथा बांध के जल संग्रहण क्षेत्र में हो रही निरन्तर वर्षा से बांध में जल की आवक को देखते हुए बांध के जलस्तर को निर्यत्रित करने के लिए रविवार को रात्रि 08.00 बजे जल की निकासी को 3177 क्यूमिक से बढाकर 4498 क्यूमिक किया गया। अब 15 जल द्वार 2.16 मीटर औसत ऊचाई पर खुले रहेंगे। जिससे मां नर्मदा के घाटों पर 10 से 12 फीट पानी की बढोत्तरी होगी। प्रशासन ने मां नर्मदा के तटी इलाकों के लिये चेतावनी जारी की है और आग्रह किया है कि घाटों के तटों से दूरी बनाई।

# बाघ के अंगों की तस्करी का भंडाफोड़, नाखून और जबड़े बरामद

**उमरिया, देशबन्धु।** बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के धमोखर बफर जोन अंतर्गत ग्राम रोहनिया में वन विभाग को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। विभाग की टीम ने छापामार कार्रवाई करते हुए गांव निवासी हरदुल बैगा के घर से 13 बाघ के नाखून एवं दो निचले जबड़ों के अवशेष बरामद किए हैं। प्रत्येक जबड़े में एक कैनाइन (नुकीला दांत) एवं तीन अन्य दांत शामिल हैं।


यह कार्रवाई वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 50 के तहत की गई है। जानकारी के अनुसार, विभाग को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी, जिसके आधार पर तत्काल कार्रवाई को अंजाम दिया गया। बरामद अवशेषों को सरकारी अभिरक्षा में सुरक्षित रखा गया है।

वन विभाग की प्रारंभिक जांच में यह मामला अवैध शिकार अथवा बाघ के अंगों की तस्करी से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। विभाग अब यह पता लगाने में जुटा है कि इन अवशेषों का स्रोत क्या है, और क्या इसमें किसी संगठित गिरोह या अंतरराज्यीय तस्करों की संलिप्तता है।

# नालों को कव्हर करने से कैसे होगी सफाई और रूकेगा जल भराव

## जवाबदार विभाग के आला अधिकारियों से एनजीटी ने किये सवाल

**जबलपुर, देशबन्धु।** शहर में लगातार विकास कार्य चल रहे हैं। इस दौरान कहीं फ्लाई ओव्हर तो कहीं नालों और नालियों-सड़कों को बनाया जा रहा है। इसमें अब नया पेंच फंस गया है। प्रमुख नालों को या तो छोटा कर दिया गया है तो कहीं पर इन्हें पूरी तरह कव्हर किया गया है। जिससे अब तो इनकी सफाई पर सवाल उठने लगे हैं। इसी के चलते एनजीटी ने जवाबदार विभाग के आला अधिकारियों को नोटिस देना शुरू कर दिये हैं। इसमें पूंछा गया है कि इस बात का ख्याल क्यों नहीं रखा गया कि नालों की चौड़ाई कम होने के दुष्परिणामों को कैसे रोका जायेगा। इससे संबंधित विभाग के गलियारों में हडकंप व्याप्त है। गौरतलब है कि ओमती नाले को मदन महल अंडर ब्रिज के पास कई जगह प्रभावित किया गया है। इसमें फ्लाई ओव्हर के पिलर से नाले की चौड़ाई प्रभावित हुई। वहीं दूसरी तरफ आगे की तरफ नालों पर सीमेंट्रीकृत रोड बना दी गई है, जिस पर अब लोग वार्निंग वॉक तक करने लगे हैं। इसी तरह की स्थिति मोती नाला पर भी देखने को मिल रही है।



मदन महल अंडर ब्रिज के समीप नाले में फ्लाई ओव्हर के पिलर दृष्टव्य हैं

देशबन्धु पड़ताल

### ऐंसे खुला पूरा मामला

सूत्रों के अनुसार पिछले दिनों एनजीटी के ध्यान में यह मामला आया था, जिसके बाद एनजीटी के निर्देश पर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड पूरी स्थिति का जायजा लिया, जिसमें पाया गया कि कई जगह शिकायत के अनुरूप बात सही साबित हुई है, इसमें पता चला कि नालों को कव्हर कर दिया गया है, इससे इनकी सफाई करने में दिक्कत होगी, वहीं चौड़ाई कम होने से जल भराव बढ़ेगा। इस तरह की रिपोर्ट एनजीटी को दी गई जिसके बाद एक्शन लेने की तैयारी की जा रही है और संबंधित विभाग के जवाबदारों से सवाल जवाब किये गये हैं।

# जबलपुर पहुंची 2613.6 मीट्रिक टन यूरिया की रैक

## आज से होगा डबल लॉक केंद्रों से वितरण



**जबलपुर, देशबन्धु।** किसानों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित करने जिले को यूरिया की आपूर्ति लगातार जारी है। इसी सिलसिले में शनिवार की रात आईपीएल कंपनी की 2613.6 मीट्रिक टन यूरिया की रैक जबलपुर पहुँची। इसे किसानों के लिये अच्छी खबर माना जा सकता है। खेती के कार्यो में तेजी आयेगी। इससे किसानों को राहत मिलेगी।

उप संचालक कृषि डॉ एस के निगम के अनुसार जिले को मिली यूरिया की इस रैक में से 70 प्रतिशत शासकीय गोदामों को एवं 30 प्रतिशत यूरिया निजी विक्रेताओं को प्रदान की जा रही है। उन्होंने बताया कि यूरिया वितरण कार्यक्रम तैयार कर पूर्व में ही कंपनी प्रतिनिधि को दिया जा चुका था। रैक पॉइंट से यूरिया रविवार की देर शाम तक सभी डबल लॉक केंद्रों में पहुंच जायेगी और सोमवार की सुबह किसानों को इसका वितरण शुरू हो जायेगा। डॉ निगम के मुताबिक दो-तीन दिनों के भीतर जबलपुर जिले को यूरिया की एक और रैक प्राप्त हो रही है।

उप संचालक कृषि ने बताया कि आज सुबह कछपुरा रैक पॉइंट का उन्होंने और जोनल मैनेजर हीरेन्द्र रघुवंशी ने अवलोकन किया तथा परिवहनकर्ता को कम्पनी के आदेश अनुसार यूरिया परिवहन करने के निर्देश दिये। इस मौके पर आईपीएल कंपनी के अधिकारी वरुण शिवहरे और परिवहनकर्ता आनंद कपूर भी मौजूद थे।

उप संचालक कृषि डॉ निगम ने बताया कि जिले में डबल लॉक केंद्रों में डीएपी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। हालांकि डीएपी की मांग अब नहीं के बराबर है।

# गांव के समीप हाथियों ने जमाया डेरा, ग्रामीणों में दहशत

**अनूपपुर, देशबन्धु।** प्रदेश के अनूपपुर जिले के जैतहरी वन क्षेत्र में पिछले 5 दिनों से चार हाथियों का समूह चोलना बीट के चोई गांव के जंगल में डेरा डाले हुए है। हाथियों का नित्य क्रम दिन के समय जंगल में और शाम होते ही ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंच कर घरों में तोड़फोड़ करते हुए खेतों में लगी फसलों का अहार बनाते हुए रौद कर खराब कर देते हैं। वहीं प्रशासन और ग्रमीण क्षेत्र से भगाने का प्रयास भी असफल रहा।

बीती रात में हाथियों का समूह चोलना बीट के चोई गांव के जंगल निकलकर कई ग्रामीणों के घरों में तोड़फोड़ की है। जिसमे फरसू यादव और छोकू के घरों में नुकसान पहुंचाया है। इसके अलावा पूरन राठौर, लाला नापित, रामदीन सिंह और मन्नू सिंह के घरों में भी तोड़फोड़ करते हुए घरों में रखे अनाज को अपना अहार बनाया। हाथियों का यह समूह बुढार से वापस अनूपपुर से जैतहरी ग्रमीण क्षेत्र पहुंचा था। सभी को लगा था कि हाथी जल्द ही वापसी छत्तीसगढ़ की ओर बढ़ जाएंगे। लेकिन वे अभी तक यहीं डेरा जमाये हुए हैं।

J.B.F.A.
जबलपुर बॉयलर फार्मस् एसोसियेशन
मुर्गा छोटा - रु. 102
मुर्गा मीडियम - रु. 94
मुर्गा बड़ा - रु. 84
मुर्गा जम्बो - रु. 84
मो..9039925000, 9425800409

सोनू पोल्ट्री
बड़ा ब्रॉयलर - रु. 80
मीडियम ब्रॉयलर - रु. 90
छोटा ब्रॉयलर - रु. 98
मोबाइल नं. 9300692405

FOR PRIVATE SCREENING CALL +917999968989
FOR ONLINE BOOKING & OFFER BOOK FROM BOOKMYSHOW
CALL BOOKING 0761-4069888, 4069889
समदड़िया सिनेमा
BOOK YOUR TICKET & FOOD ON WHATSAAP SAMDAREEYA CINEMA +917999968989
SAIYAARA: 09:30AM 10:30AM 12:30PM 01:30PM 03:30PM 04:30PM 06:30PM 07:30PM 09:30PM 10:30PM
FANTASTIC -4 FIRST STEPS 3D(HINDI): 09:30AM 02:00PM 06:30PM 11:15PM
MAHAVATAR 3D(HINDI): 11:40AM 04:15PM 08:45PM
HARI HARA VEERA MALLU (HINDI) 04:00PM (TELEGU) 10:00PM
MAALIK 07:00PM
METRO 01:00PM
JURSSIC WORLD 3D(HINDI) 10:00AM

श्रीजानकीरमण कला, वाणिज्य एवं फॉर्मेसी महाविद्यालय
म.प्र. शासन से मान्यता व अनुदान प्राप्त और रानीदुर्गावती वि.वि. एवं फॉर्मेसी काउंसिल से संबद्धता प्राप्त महाविद्यालय
प्रवेश प्रारंभ B.A. B.Com B.Pharma D.Pharma
बल्देवबाग के पास, आगा चौक, जबलपुर मो: 9243447119, 7869474006

ADMISSION OPEN
"THE MAIN AIM OF THE EDUCATION IS ALL ROUND DEVELOPMENT OF THE CHILD"
BULBUL KIDS KINGDOM High School
Uniform FREE
NURSERY, L.K.G., U.K.G. & 1st to 10th
न्यू राम नगर, अमखेरा रोड, अधारताल, जबलपुर
M: 9301408551, 9301408550, 6266655219

सीधे 10 वीं/12 वीं/कॉलेज के फार्म भरें
प्रवेश प्रारंभ
A Name of Quality Education
यश नर्सरी हा.से. स्कूल
ESTD- 2004
अधारताल/गोहलपुर, जबलपुर
9 वीं/11 वीं फेल/पास सीधे 10 वीं/12 वीं करें।
12 वीं पास बी.ए./बी.कॉम./बी.एस.सी./बी.बी.ए./डी.एड./आई.टी.आई./कॉलेज/एन.टी.टी. जैसे कोर्स करें।
ग्रेजुएट छात्र-छात्रा बी.एड./बी.लिब./डी.फार्मा./बी.फार्मा./ जैसे रोजगारोन्मुखी कोर्स कम्प्यूटर कोर्स के रेग्यूलर/प्राइवेट फार्म भरें।
स्टेट बैंक के पास, अधारताल तिराहा, जबलपुर
मो: 9303580611, 0761- 4111321

BHARAT VIDYA SHIROMANI AWARD, MEGA TIME 4 MEDIA & PRIME TIME अवार्ड से सम्मानित
महात्मा गांधी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन
केन्द्र व राज्य सरकार से मान्यता व म. प्र. मेडिकल एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर से सम्बद्धता प्राप्त
नर्सिंग: M.Sc. (N), PB. B.Sc. (N), B.Sc. (N), GNM (N), ANM (N)
पैरामेडिकल: B.M.L.T., D.M.L.T.
होम्योपैथी: B.H.M.S.
एजूकेशन: D.Ed., B.Ed., M.Ed.
लॉ: B.A.LL.B., LL.B., LL.M.
More Info : महात्मा गांधी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन, मेन रेल्वे स्टेशन के पास, होटल कल्चुरी के सामने, साऊथ सिविल लाईन्स, जबलपुर (म.प्र.) Mob. 9300637079, 8103218415, 9893691462, 9200007079